दैनिक
नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर
3 राजधानी — एससीएसटी आरक्षण और 10 साल बढ़ाने...
4 अभिव्यक्ति — ईरान, उत्तर कोरिया का परमाणु प्रेम...
9 मनोरंजन/व्यापार — श्रीदेवी से बड़ी स्टार बनने के बारे में नहीं सोंच...
11 खेल — महेन्द्र सिंह धोनी का कर्ज़ उतारने का...

www.navpradesh.com
रायपुर, शुक्रवार 17 जनवरी 2020, माघ कृष्ण पक्ष-सप्तमी, विक्रम संवत-2075 वर्ष-08 अंक-333 पृष्ठ-12 मूल्य-3 रुपए
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

दिल्ली के शाहीन बाग स्थित कालिंदी कुंज सड़क को राष्ट्रीय सड़क घोषित कर देना चाहिए। इस सड़क को एक माह से मुठ्ठी भर आंदोलनकारियों ने जंग का अखाड़ा, खेल का मैदान और मनोरंजन का केन्द्र बना रखा है। नतीजतन लाखों लोगों को कई किलोमीटर लंबी दूरी तय करनी पड़ रही है और घंटों चक्का जाम में फंसना पड़ रहा है। सीएए, एनआरसी और एनपीआर के विरोध में पूरा देश सड़क पर उतर गया है का दावा करने वाला विपक्ष भी कालिंदी कुंज सड़क को राष्ट्रीय सड़क घोषित करने से मोगेम्बो की तरह खुश हो जाएगा। सांप भी मर जाएगा, लाठी भी नहीं टूटेगी।

हफ्तेभर में 6 डिग्री उछला पारा, पर बारिश से फिर उलटफेर के आसार

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। राजधानी रायपुर समेत पूरे छत्तीसगढ़ में पारे (न्यूनतम तापमान)में उछाल आया है, जिससे लोगों को ठंड से काफी राहत मिली है। घने रिहासशी इलाकों में तो पंखा भी चलाना पड़ रहा है। रायपुर मौसम केंद्र के मुताबिक कुछ ऐसा ही मौसम 22 जनवरी तक देखे जाने के आसार हैं। हालांकि 22 जनवरी के बीच प्रदेश में कहीं-कहीं बारिश भी हो सकती हैं। उत्तर व खासकर उत्तर पश्चिम छत्तीसगढ़ में बारिश की ज्यादा संभावना है। यदि बारिश होकर मौसम साफ हो जाता है तो फिर से ठंड बढ़ सकती है। जबकि बादलों के बने रहने पर तापमान में और इजाफा हो सकता है यानी ठंड फिर कम हो जाएगी। उल्लेखनीय है कि प्रदेश की राजधानी में करीब सप्ताह भर पहले न्यूनतम तापमान 10 डिग्री तक पहुंच गया था, जो अब 15.8 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच चुका है। वहीं अधिकतम तामपान 30 डिग्री से ऊपर पहुंच गया है।

पारे में इजाफे का ये है कारण

रायपुर मौसम केंद्र के मौसम वैज्ञानिक एचपी चंद्रा के मुताबिक पश्चिमी विक्षोभ के कारण हवा के रुख में बदलाव के कारण ठंड कम हुई है और गर्मी लगने लगी है। चंद्रा के मुताबिक पश्चिमी विक्षोभ का एक्सिस अरब सागर तक हो तो नमी की आपूर्ति होते रहती है। जिससे उत्तर महाराष्ट्र, विदर्भ छत्तीसगढ़ से लेकर उत्तर भारत तक का क्षेत्र प्रभावित होता है। ■ शेष पृष्ठ 8 पर

- ■ पश्चिम विक्षोभ की हलचल से हवा ने बदला रुख
- ■ उत्तरी से दक्षिणी हो जाने से कम हुई ठंड
- ■ उत्तर, उत्तर पश्चिम छत्तीसढ़ में हो सकती है बारिश
- ■ आसमान साफ हुआ तो फिर लगेगी ठंड

■ बादल छाए रहने पर बढ़ेगा गर्मी का अहसास

रायपुर में जनवरी माह में पिछले 10 साल में पारे की स्थिति

वर्ष	अधिकतम	न्यूनतम
2019	31.2	9.9
2018	31.2	11.3
2017	31.1	10.7
2016	33.5	2.6
2015	30.8	7.4
2014	30.7	12.9
2013	33.4	8.4
2012	29.4	8.2
2011	31.8	7.4
2010	29.9	9.5

(आंकड़े सर्वाधिक अधिकतम व न्यूनत तापमान के डिग्री सेल्सियस में)

रायपुर में जनवरी माह में सर्वकालिक उच्चतम अधिकतम 35.5 डिग्री सेल्सियस 27-1-2009 को दर्ज किया गया था।

संसदीय इतिहास में पहली बार राज्यपाल के अभिभाषण का विपक्ष ने किया बहिष्कार, बोले-

गलत परंपरा का हिस्सा नहीं बनेंगे
दस मिनट का अभिभाषण 2 में समाप्त

- ■ राज्यपाल के अभिभाषण पर सत्तापक्ष-विपक्ष में प्रत्यक्ष दिखा मतभेद
- ■ सत्तापक्ष भी अड़ी और अभिभाषण पर चर्चा नहीं करवाने से गतिरोध

नवप्रदेश संवादाता

रायपुर। छत्तीसगढ़ विधानसभा ने देशभर में जहां कई गौरवशाली परंपराएं गढ़ने का कीर्तिमान स्थापित किया है। संसदीय इतिहास में गुरूवार को एक ऐसा भी वाक्या जुड़ गया जिसे गौरवशाली तो बिलकुल भी नहीं कहा जा सकता। पहली बार विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर सत्तापक्ष-विपक्ष में ऐसा मतभेद दिखा जिसका परिणाम संसदीय परंपरा के विपरीत कहा जाने लगा है। दरअसल एक दिन के विशेष सत्र की समयावधि बढ़ाने और राज्यपाल के अभिभाषण पर विधिवत चर्चा कराने वाली परंपरा का उदाहरण देते हुए विपक्ष ने वॉकआउट किया। ऐन राज्यपाल के अभिभाषण शुरु होने से चंद मिनट पहले ही भाजपा सदस्यों के साथ जेसीसीजे सदस्यों ने गलत परंपरा बताकर ना सिर्फ अभिभाषण बल्कि चर्चा में भी हिस्सा नहीं लेने का फैसला लिया और सदन से बाहर निकल गए। मजबूरन दस मिनट का राज्यपाल का अभिभाषण महज दो मिनट में ही समाप्त करना पड़ा। महज दो मिनट में ही राज्यपाल का अभिभाषण समाप्त हो गया। इधर राज्यपाल के अभिभाषण की चर्चा ■ शेष पृष्ठ 8 पर

राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके ने अभिभाषण में कहा

हम सब मिलकर छग विधानसभा की कीर्ति-पताका को ऊंचा करने में सफल होंगे

राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके ने आज छत्तीसगढ़ राज्य के पांचवी विधानसभा के नववर्ष 2020 में आयोजित प्रथम सत्र के अवसर पर कहा कि छत्तीसगढ़ विधानसभा ने अल्प समय में अपनी उत्कृष्ट कार्यप्रणाली से जो गौरवशाली परम्पराएं स्थापित किए हैं, वह इस विधानसभा के इतिहास में सुनहरे पत्रे के रूप में दर्ज हुई हैं। उन्होंने कहा कि आज इस विधानसभा में आने का मेरा पहला अवसर है, जिसकी सुखद अनुभूति मुझे भावुक भी कर रही है और एक नई ऊर्जा से ऊर्जित भी कर रही हैं। ■ शेष पृष्ठ 8 पर

ये बेहद गलत परंपरा की शुरुआत हो रही है। देश में कभी भी ऐसा नहीं हुआ, इसलिए वो इस अभिभाषण में हिस्सा नहीं लेंगे। उन्होंने कहा है कि अभिभाषण पर चर्चा के अलावा संवैधानिक नियमों के तहत पूरी परंपरा का निर्वाहन और 126वें संविधान संशोधन का अनुसमर्थन करने जैसी प्रक्रिया एक दिन के विशेष सत्र में संभव भी नहीं और गलत भी है।

अजीत जोगी, पूर्व मुख्यमंत्री

आज सदन की परम्परा टूटी है। हम इसके भागीदार नहीं बन सकते। इसलिए हमने राज्यपाल के अभिभाषण का बहिष्कार किया है। मध्यप्रदेश में भी एससी-एसटी आरक्षण बढ़ाने लाये जा रहे संशोधन के अनुसमर्थन को लेकर विशेष सत्र बुलाया गया है, लेकिन वहां दो दिवसीय सत्र आयोजित किया गया है, यहां भी दो दिनों की बैठक हो सकती थी।

डॉ. रमन सिंह, पूर्व मुख्यमंत्री

भाजपा विपक्ष की भूमिका में महज राजनीति करती है। बष्किार कर उन्हों ने जाहिर कर दिया है कि वे सदनीय कार्रवाई और संसदीय परंपरा के खिलाफ हैं। वे लगातार सत्तापक्ष के विकास कार्यों में भी बाधक बनती आई है। बहिष्कार और बहिर्गमन के जरिए वो सरकार के जनहित के कार्यों तक को रोकने का प्रयास पूर्व में भी करती आई है।

रविन्द्र चौबे, संसदीय कार्य मंत्री

खास खबर

एससीओ बैठक में इमरान खान को आमंत्रित करेगा भारत

नई दिल्ली ए.। भारत में इस साल होने वाली एससीओ के सदस्य देशों की बैठक में पाकिस्तान के पीएम इमरान खान को भी आमंत्रित किया जाएगा। विदेश मंत्रालय ने यह जानकारी दी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने एससीओ के सदस्य देशों के प्रधानमंत्रियों की बैठक में इमरान खान को आमंत्रित किए जाने के सवाल पर कहा कि सभी आठ देशों और चार पर्यवेक्षकों को आमंत्रित किया जाएगा।

आम बजट स्थगित नही हो : केजरीवाल

नई दिल्ली (वार्ता)। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने आशंका व्यक्त की है कि दिल्ली विधानसभा चुनाव को देखते हुये आदर्श आचार संहिता लागू होने के मद्देनजर केन्द्र सरकार कही इस बार आम बजट को स्थगित न कर दे। केजरीवाल ने गुरुवार को मीडिया से बातचीत में कहा, बजट को स्थगित नहीं किया जाना चाहिए।

'करीम लाला से मिलती थीं इंदिरा', संजय राउत ने वापस लिया बयान

मुंबई ए.। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की अंडरवर्ल्ड डॉन करीम लाला के साथ मुलाकात को लेकर दिए बयान पर बवाल के बाद शिवसेना सांसद संजय राउत ने अपना बयान वापस ले लिया है। राउत ने कहा कि वह हमेशा से इंदिरा गांधी के समर्थन में बोलते आए हैं और उनका सम्मान करते हैं। संजय राउत ने कहा कि अगर किसी को उनके बयान से ठेस पहुंची हो तो वह अपना बयान वापस लेते है। माना जा रहा है कि कांग्रेस के दबाव के चलते राउत ने यू-टर्न ■ शेष पृष्ठ 8 पर

निर्भया केस: दोषी मुकेश की याचिका पर कोर्ट ने कहा-

नहीं हो सकती 22 जनवरी को फांसी

नई तारीख जेल अथॉरिटीज के जवाब से तय होगी, जेल प्रशासन को शुक्रवार दोपहर साढ़े 3 बजे तक देनी है स्टेटस रिपोर्ट

नई दिल्ली ए.। पटियाला हाउस कोर्ट ने निर्भया केस के दोषी मुकेश सिंह की याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि 22 जनवरी को फांसी नहीं हो सकती है। कोर्ट ने अभियोजन पक्ष की दलील मानते हुए कहा कि दोषियों को 22 जनवरी को फांसी नहीं दी जा सकती क्योंकि उनकी दया याचिका लंबित है। कोर्ट ने कहा कि दया याचिका लंबित होने के कारण डेथ वॉरंट पर स्वतः ही रोक लग गई है। कोर्ट ने कहा कि नई तारीख क्या होगी, जेल अथॉरिटीज के जवाब से तय होगा।

अमेरिकी स्टाइल से होगा आतंकवाद का खात्मा

नई दिल्ली। देश के पहले चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल बिपिन रावत ने कहा है कि दुनिया को आतंकवाद से मुक्त करने के लिए आतंकवादियों और उनका साथ देने वालों पर कड़ी कार्रवाई करनी होगी। नई दिल्ली में आयोजित दो दिवसीय रायसीना डायलॉग प्रोग्राम में जनरल रावत ने कहा कि आतंकवाद को अमेरिका के तरीके से ही परास्त किया जा सकता है। इस कार्यक्रम में उन्होंने देश में लोगों को कट्टर बनाए जाने, कश्मीर में पैलेट गन के इस्तेमाल जैसे गंभीर सवालों के भी जवाब दिए।

'आतंकवाद के हर पहलू पर हो प्रहार'

उन्होंने कहा, 'हमें आतंकवाद को खत्म करना होगा और ऐसा सिर्फ उसी तरीके से किया जा सकता है जो तरीका ■ शेष पृष्ठ 8 पर

शाम की ओपीडी का बहिष्कार, डॉक्टरों का कटेगा वेतन

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। सरकारी अस्पतालों में शाम की ओपीडी का बहिष्कार कर ड्यूटी से अनुपस्थित रहने वाले डॉक्टरों का वेतन काटा जाएगा। स्वास्थ्य संचालक नीरज बंसोड़ ने इस संबंध में सभी सीएमएचओ, सिविल सर्जन व अधीपक्षकों को पत्र लिखा है। पत्र में यह भी कहा गया है कि जिला अस्पतालों का कार्य इमरजेंसी सेवा के तहत आता है। इसलिए ड्यूटी पर नहीं आने वाले डॉक्टरों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए उनकी अनुपस्थिति वाले दिन का वेतन काटा जाए। उल्लेखनीय है प्रदेश सरकार की ओर से प्रदेश के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए जिला अस्पतालों व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) पर शाम की ओपीडी की व्यवस्था की गई है। लेकिन प्रदेश ■ शेष पृष्ठ 8 पर

डॉक्टरों को शाम की ओपीडी का बहिष्कार नहीं करना चाहिए क्योंकि डॉक्टरों की ड्यूटी के घंटे पहले होते थे उतेन ही (6) हैं। सिर्फ दो पाली में ड्यूटी ली जा रही है। सरकार का यह कदम बिल्कुल सही है।

डॉ. पी. बालकिशोर, सिविल सर्जन दुर्ग

शाम की ओपीडी का सरकार का फैसला मरीजों के हित में। इसके लिए डॉक्टरों के साथ ही अस्पताल के सभी स्टाफ को सेवा देनी चाहिए।

डॉ. हेमंत शर्मा, एडिशनल सुप्रीटेंडेंट, डीकेएस सुपर स्पेशलिटी अस्पताल, रायपुर

26 जनवरी को कश्मीर में बड़े आतंकी हमले की साजिश का खुलासा

जैश के 5 आतंकी गिरफ्तार

श्रीनगर (वार्ता)। 26 जनवरी को जम्मू-कश्मीर में एक बड़ी आतंकी वारदात करने की साजिश रच रहे जैश-ए-मोहम्मद के पांच आतंकियों को गुरुवार शाम गिरफ्तार किया गया है। जम्मू-कश्मीर पुलिस की एक बड़ी कार्रवाई में यह आतंकी श्रीनगर के हजरतबल इलाके से अरेस्ट किए गए हैं। इसनके पास से बड़ी मात्रा में विस्फोटक और अन्य सामान बरामद किया गया है।

मिली जानकारी के मुताबिक, आतंकियों के एक बड़े मॉड्यूल का भंडाफोड़ करते हुए पुलिस ने गुरुवार शाम हजरतबल के पास इन आतंकियों को अरेस्ट किया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक पकड़े गए आतंकी श्रीनगर में 26 जनवरी के आसपास फिद्ायीन या आईईडी हमले की साजिश रच रहे थे। इन आतंकियों के पास से पुलिस ने भारी मात्रा में विस्फोटक और अन्य सामान बरामद किया है।

गरमा-गरम

अनदेखी — क्रिकेट बोर्ड द्वारा जारी कॉन्ट्रेक्ट लिस्ट की किसी भी कैटिगरी में नहीं दी गई है जगह

बीसीसीआई की कॉन्ट्रेक्ट लिस्ट से धोनी बाहर

नई दिल्ली (वार्ता)। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने पिछले 6 महीने से मैदान से दूर पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी को केंद्रीय अनुबंध से बाहर कर दिया है। क्रिकेट बोर्ड द्वारा गुरुवार को घोषित कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट से धोनी को बाहर रखा गया है। बता दें कि वर्ल्ड कप में टीम इंडिया के सेमीफाइनल में हार के बाद से धोनी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से दूर हैं। वह टेस्ट मैच से पहले ही संन्यास ले चुके हैं। बीसीसीआई के इस फैसले के बाद माना ■ शेष पृष्ठ 8 पर

क्रिकेट खिलाड़ियों के लिए बीसीसीआई की कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट

ग्रेड ए-प्लस (7 करोड़)
विराट कोहली
रोहित शर्मा
जसप्रीत बुमराह

ग्रेड ए (5 करोड़)
आर अश्विन
रविंद्र जडेजा
भुवनेश्वर कुमार
मोहम्मद समी
चेतेश्वर पुजारा
केएल राहुल
अंजिक्य रहाणे
शिखर धवन
इशांत शर्मा
कुलदीप यादव
ऋषभ पंत

ग्रेड बी (3 करोड़)
रिद्धमान साहा
उमेश यादव
युजवेंद्र चहल
हार्दिक पांड्या
मयंक अग्रवाल

ग्रेड सी (1 करोड़)
केदार जाधव
नवदीप सैनी
दीपक चाहर
मनीष पांडेय
हनुमा विहारी
शार्दुल ठाकुर
श्रेयस अय्यर
वॉशिंगटन सुंदर

कश्मीर पर चीन को भी लेना चाहिए सबक

पाक को यूएनएससी में फिर झेलनी पड़ी शर्मिंदगी

नई दिल्ली (वार्ता)। चीन के जरिए कश्मीर मुद्दे को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में उठाने की पाकिस्तान की कोशिश नाकाम होने के बाद भारत ने दोनों देशों को नसीहत दी है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रवीश कुमार ने गुरुवार को कहा कि पाकिस्तान ने द्विपक्षीय मसले पर चर्चा के लिए यूएन के मंच का दुरुपयोग किया लेकिन उसे एक बार फिर शर्मिंदगी झेलनी पड़ी। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि चीन को भी सबक लेना चाहिए और भविष्य में इस तरह के कदम से बचना चाहिए। कुमार ने कहा, 'एक यूएनएससी सदस्य (चीन) के माध्यम से पाकिस्तान द्वारा फिर से द्विपक्षीय मामले पर चर्चा के लिए यूएन के मंच का दुरुपयोग किया गया।

नए पीएम आवास से ऑफिस तक पैदल जा सकेंगे प्रधानमंत्री, साउथ-नॉर्थ ब्लॉक बन जाएंगे म्यूजियम

नई दिल्ली(ए.)। सत्ता का कॉरिडोर यानी सेंट्रल विस्टा को पुनर्विकसित कर लुटियन दिल्ली आने वाले समय में नए लुक में नजर आएगा। इसके लिए नरेंद्र मोदी सरकार पहले ही मंजूरी दे चुकी है। नई परियोजना के तहत नए सचिवालय में 10 भवन बनाए जाएंगे। संसद भवन के ठीक बगल में नया संसद बनाया जाएगा। नॉर्थ और साउथ ब्लाक को एक कर म्यूजियम में परिवर्तित किया जाएगा, साथ ही इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र (आईजीएनसीए) को उसके वर्तमान स्थल से कहीं और स्थानांतरित किया जा सकता है।

प्रस्तावित योजना के अनुसार, विभिन्न मंत्रालयों के लिए एक साझा केंद्रीय सचिवालय निर्माण का मार्ग प्रशस्त करने के लिए आईजीएनसीए इमारत के अलावा उद्योग भवन, निर्माण भवन, शास्त्री भवन, उपराष्ट्रपति आवास सहित नौ अन्य इमारतों को ध्वस्त किया जा सकता है। इसके अलावा राष्ट्रीय अभिलेखागार के मॉडल को भी बदला जाएगा।

नए प्रस्तावित योजना के तहत प्रधानमंत्री आवास और कार्यालय में भी परिवर्तन देखने को मिलेगा। केंद्र सरकार का कहना है कि झोपड़ियों द्वारा किए गए अतिक्रमण के कारण लगभग 90 एकड़ प्रमुख भूमि बर्बाद हो गई है। इस जगह का उपयोग साउथ ब्लॉक के पीछे प्रधानमंत्री के लिए नया आवास और ऑफिस बनाने के लिए किया जाएगा। दोनों को इस तरीके से बनाया जाएगा कि प्रधानमंत्री आवास से ऑफिस पैदल भी जा सकें। इसके अलावा उपराष्ट्रपति के आवास को भी बदला जाएगा। उपराष्ट्रपति का नया पता नार्थ ब्लॉक के उत्तर में प्रधानमंत्री के घर के ठीक सामने होगा।

सेंट्रल विस्टा पश्चिम में राष्ट्रपति भवन से लेकर मदर टेरेसा क्रेसेंट तक फैला होगा। यह इंडिया गेट से लेकर यमुना के पूर्व के किनारे में फैला होगा। नए प्रस्तावित संरचना के तहत लुटियंस का लैंडमार्क पूरी तरह से बदल जाएगा।

सेंट्रल विस्टा में यमुना नदी के किनारे 'न्यू इंडिया' गार्डन भी बनाए जाएंगे। इसमें देश की आजादी के 75 वर्षों के उपलक्ष्य को संरचनाओं में स्थापित किया जाएगा। इसके लिए सरकार डिजाइन प्रतियोगिता का भी आयोजन करने जा रही है।

नया प्रस्तावित संसद भवन उसी परिसर में बनेगा, जहां अभी संसद भवन है। पहले पुराने संसद भवन को संग्रहालय में परिवर्तित करने की योजना थी। अब इसके कुछ हिस्सों का इस्तेमाल करने की बात कही जा रही है।

इंडिया गेट से अधिक नहीं होगी किसी भी बिल्डिंग की ऊंचाई

अभी सेंट्रल विस्टा में 51 में से सिर्फ22 मंत्री ही बैठते हैं। आने वाले समय में सभी एक साथ बैठेंगे। इसमें कुल 10 बिल्डिंग बनाए जाएंगे, जहां लगभग 70 हजार केंद्रीय कर्मचारी काम करेंगे। प्रस्तावित भवनों में से किसी की भी ऊंचाई इंडिया गेट से अधिक नहीं होगी। सभी भवनों को अंडरग्राउंड रास्तों से जोड़ा जाएगा। सभी भवन केंद्रीय सचिवालय मेट्रो स्टेशन से सीधे जुड़े होंगे।

नॉर्थ और साउथ ब्लॉक बनेगा म्यूजियम

वर्तमान में नार्थ और साउथ ब्लॉक में केंद्र सरकार के अहम मंत्रालय हैं। इनमें वित्त, रक्षा और गृह के साथ-साथ प्रधानमंत्री कार्यालय शामिल है। लेकिन नए प्रस्तावित संरचना के तहत दोनों ब्लॉक को मिलाकर इसे केंद्रीय म्यूजियम बना दिया जाएगा। इन विभागों के मंत्रियों का कार्यालय भी कॉमन सचिवालय में शिफ्ट कर दिया जाएगा।

राष्ट्रीय बायोडायवर्सिटी पार्क और सेंट्रल एवेन्यू

सेंट्रल विस्टा के पश्चिम में लगभग 48 एकड़ भू-भाग पर राष्ट्रीय बायोडायवर्सिटी पार्क बनाए जाएंगे। इसमें ग्लास हाउस का निर्माण किया जाएगा। राजपथ के पास के जगह को सेंट्रल एवेन्यू में शामिल किया जाएगा। जहां आम लोगों के लिए टॉयलेट, बेंच और पार्किंग की व्यवस्था होगी। यहां अंडरग्राउंड रास्ते भई बनाए जाएंगे।

पाकिस्तानी शो में मंत्री ने विपक्षी नेताओं को दिखाया सेना का बूट, एंकर पर 60 दिनों का बैन

नई दिल्ली(ए.)। टीवी पर चर्चा के दौरान विपक्ष का मजाक उड़ाने के लिए एक कैबिनेट मंत्री को सेना का जूता दिखाने की अनुमति देने के कारण पाकिस्तान के एक टीवी एंकर और उसके प्रोग्राम पर 60 दिनों का प्रतिबंध लगा दिया गया है। देश के मीडिया नियामक ने टीवी कार्यक्रम और उसके एंकर पर प्रतिबंध लगाया है । मंगलवार की रात को 'एआरवाई न्यूज' पर काशिफ अब्बासी के शो 'ऑफ द रिकॉर्ड' में संघीय जल संसाधन मंत्री फैसल वावडा ने पीपीपी के वरिष्ठ नेता कमर जमां कैरा और पीएमएल-एन नेता जावेद अब्बासी को संसद में हाल में पारित सैन्य कानून के पक्ष में वोटिंग के लिए सैन्य जूते दिखाए। शो के एंकर जब ऐसी हरकत करने से वावडा को नहीं रोक पाए तो पीपीपी नेता कमर जमां कैरा और पीएमएल-एन के नेता जावेद अब्बासी इसका बहिष्कार करते हुए कार्यक्रम से निकल गए। एंकर मंत्री वावडा को ऐसी हरकत करने से रोकने के बजाय मुस्कुरा कर रह गए।

पीएमसी बैंक घोटाला: सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के फैसले पर लगाई रोक, आर्थर रोड जेल में ही रहेंगे आरोपी

नई दिल्ली(ए.)। सुप्रीम कोर्ट ने एचडीआईएल के प्रवर्तकों राकेश वधावन और सारंग वधावन को आर्थर रोड जेल से उनके घर में शिफ्ट करने के बंबई हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगा दी है। बंबई हाईकोर्ट ने एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए बुधवार को राकेश वधावन और सारंग वधावन को आर्थर रोड जेल से घर में शिफ्ट करने का आदेश दिया है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और आर्थिक अपराध शाखा ने हाईकोर्ट के इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। राकेश वधावन और सारंग वधावन को सात हजार करोड़ रुपये के पंजाब एंड महाराष्ट्र कॉपरेटिव (पीएमसी) घोटाले के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने मुख्य न्यायधीश एस.ए.बोबड़े की अगुवाई वाली पीठ के समक्ष इस मामले को रखा। पीठ में न्यायमूर्ति बी.आर.गवई और न्यायमूर्ति सूर्य कांत भी शामिल थे।

इमाम ने जिस लड़की से निकाह किया, 2 हफ्तों बाद पता चला वो तो लड़का है

अफ्रीका(ए.)। अफ्रीका देश के युगांडा से।यहां के एक इमाम ने शादी की। दो हफ्तों बाद उसे पता चला कि उसकी पत्नी औरत नहीं बल्कि एक आदमी है।

क्या है पूरा मामला: मोहम्मद मुतुबा एक इमाम हैं। उन्होंने हालही में निकाह किया। निकाह के बाद उन दोनों के बीच किसी भी तरह के शारीरिक संबंध नहीं बने थे। इसी कारण इमाम को कुछ पता नहीं चल सका कि उन्होंने एक मर्द से निकाह कर लिया है।

फिर पता कैसे चला: इमाम के पड़ोसी के कारण सच्चाई दुनिया के सामने आई। पड़ोसी ने उसकी 'पत्नी' पर आरोप लगाया। उसने कहा कि वह दीवार से कूदकर उनके घर में घुसी और उनका सामान चुरा लिया। इसमें टीवी और कपड़े शामिल हैं। इसके बाद ही पड़ोसी ने कहा कि वह कोई औरत नहीं बल्कि एक आदमी है।

नीतीश के उलट शाह बोले-'बिहार सीएए के संग'

सीएए को बिहार में अच्छी प्रतिक्रिया, वोट बैंक की खातिर कुछ नेता कर रहे विरोध: अमित शाह

- **शाह ने सीएए के विरोध को लेकर लालू यादव, ममता, राहुल और अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधा**

वैशाली। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) पर संसद में चर्चा कराए जाने की मांग के बीच बीजेपी अध्यक्ष अमित शाह ने गुरुवार को कहा कि कुछ लोग वोट बैंक की खातिर इस कानून का विरोध कर रहे हैं। शाह ने रैली के दौरान कहा कि सीएए को राज्य में अच्छी प्रतिक्रिया मिली है। केंद्रीय गृह मंत्री ने सीएए के विरोध को लेकर लालू यादव, ममता बनर्जी, राहुल गांधी और अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि ये नेता देश की जनता को गुमराह कर रहे हैं।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि राहुल गांधी और लालू प्रसाद संशोधित नागरिकता कानून पर लोगों को गुमराह करना बंद करें और इस कानून की वजह से किसी की नागरिकता नहीं छीनी जा रही है। उन्होंने बिहार के वैशाली जिले में संशोधित नागरिकता कानून के समर्थन में आयोजित एक रैली में कहा कि सीएए को बिहार में बहुत ही अच्छी प्रतिक्रिया मिली है।

बीजेपी अध्यक्ष ने कहा, 'नागरिकता संशोधन कानून के माध्यम से अनेक पीड़ति लोगों को लाभ लोगों को मिलेगा। लेकिन कुछ लोग अपने वोट बैंक के लिए इसका विरोध कर रहे हैं। मैं सबसे कहना चाहता हूं कि इससे किसी की नागरिकता नहीं जाएगी। यह देश के लोगों को नागरिकता देगा, लेगा नहीं। कांग्रेस पार्टी ने धर्म के आधार पर देश का विभाजन करने का काम किया। इससे लाखों शरणार्थी भारत आए और जो लोग पाकिस्तान में रह गए वहां हिंदू, बौद्ध, जैन भाइयों के साथ अन्याय हुआ। पाकिस्तान और बांग्लादेश में 30 प्रतिशत हिंदू, बौद्ध और जैन थे लेकिन आज 3 प्रतिशत लोग हैं। मैं लालू यादव, राहुल गांधी और ममता बनर्जी से पूछना चाहता हूं कि बाकी लोग कहां गए। इन लोगों की आंख अंधी है और कान बहरे हो गए हैं। इनकी बुद्धि ही खो गई है। उन्होंने कहा कि जिनके मंदिर, गुरुद्वारे तोड़ दिए गए, वे कहां जाएंगे यहीं आएंगे।'

'सीएए का मकसद उन लोगों की मदद करना'

शाह ने आरोप लगाया कि विपक्षी दलों ने सीएए विरोधी दंगे करवाए, जिसकी वजह से बीजेपी को उनके नापाक इरादों के बारे में लोगों को बताने के लिए देशभर में रैलियां करनी पड़ीं । केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि सीएए का मकसद उन लोगों की मदद करना है जिनकी आंखों के सामने उनकी महिलाओं से बलात्कार किया गया, उनकी संपत्तियां छीन ली गई और उनके पूजा स्थलों को अपवित्र किया गया जिसके बाद वह भारत आए।

'जेडीयू-बीजेपी के बीच गठबंधन अटूट'

बिहार में जेडीयू और बीजेपी के बीच चुनाव को लेकर खींचतान की खबरों के बीच बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह ने ऐलान किया है कि उनकी पार्टी और जेडीयू के बीच गठबंधन अटूट है। उन्होंने कहा कि अगला विधानसभा चुनाव हम नीतीश कुमार के नेतृत्व में साथ मिलकर लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि कुछ लोग अफवाह फैला रहे हैं कि बिहार में जेडीयू और बीजेपी के खटपट चल रही है लेकिन मैं स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि हमारा गठबंधन अटूट है।

इंदिरा गांधी-करीम विवाद पर बोले देवेंद्र फडणवीस

क्या अंडरवर्ल्ड के सहारे कांग्रेस चुनाव जीतती थी?

नई दिल्ली(ए.)। शिवसेना नेता संजय राउत के इंदिरा गांधी की अंडरवर्ल्ड डॉन करीम लाला से मुलाकात को लेकर दिए बयान पर मचा बवाल थमने का नाम नहीं ले रहा है। इस मामले में हालांकि संजय राउत सफाई दे चुके है लेकिन इसके बावजूद कांग्रेस के नेता मांग कर रहे हैं कि राउत अपना बयान वापस लें। वहीं महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फड्णवीस ने राउत के बयान पर कांग्रेस पर हमला बोला है। उन्होंने है कि क्या अंडरवर्ल्ड के सहारे कांग्रेस चुनाव जीतती थी? क्या कांग्रेस को अंडरवर्ल्ड से फंडिंग होती थी?

देवेंद्र फड्णवीस ने कहा है कि इंदिराजी पर इतने गंभीर आरोप लगे है तो कांग्रेस मौन क्यों है। कांग्रेस को इन सब सवालों के जवाब देना चाहिए। सोनिया जी, राहुल जी और प्रियंका जी जवाब दें।

संजय राउत ने कहा है कि करीम लाला अफगानिस्तान से आए पठानों के नेता थे और उनसे बहुत से लोग मिलने जाते थे। यह मुलाकात एक पठान नेता के रूप में होती थी जिसमें वह लोगों की समस्या को जानते थे। आपको बता दें कि राउत ने बुधवार को दिए बयान में करीम लाला को अंडरवर्ल्ड डॉन बताया था। राउत ने कहा कि मैं इंदिरा, नेहरू और गांधी परिवार का हमेशा सम्मान करते हुए आया हूं। जब मैं विपक्ष में था तो उस वक्त भी मैं इंदिरा जी का सम्मान करता था। जब-जब इंदिरा गांधी पर हमला हुआ तो मैंने उनका बचाव किया था।

एक कार्यक्रम में शिवसेना नेता संजय राउत ने दावा किया था कि करीम लाला, मस्तान मिर्जा उर्फ हाजी मस्तान और वरदराजन मुदलियार मुंबई के शीर्ष माफिया सरगनाओं में थे जो 1960 से लेकर अस्सी के दशक तक सक्रिय रहे। उन्होंने कहा था कि वे (अंडरवर्ल्ड) तय करते थे कि मुंबई का पुलिस आयुक्त कौन बनेगा, मंत्रालय (सचिवालय) में कौन बैठेगा।

गुजरात में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने चलाई के-9 वज्र-टी तोप

- **रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को 51वीं के-9 वज्र-टी तोप को सूरत के हजीरा में हरी झंडी दिखाई**

सूरत(ए.)। गुजरात के दौरे पहुंचे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को 51वीं के-9 वज्र-टी तोप को सूरत के हजीरा स्थित लार्सन ऐंड टुब्रो बख्तरबंद प्रणाली परिसर में हरी झंडी दिखाई। रक्षा मंत्री सिंह तोप के ऊपर सवार भी हुए और इसे हजीरा परिसर के आसपास चलाया। लार्सन ऐंड टुब्रो ने रक्षा मंत्री को के-9 वज्र-टी तोप की मारक क्षमता के विभिन्न प्रदर्शन भी दिखाए। कार्यक्रम के दौरान राजनाथ सिंह ने तोप के ऊपर स्वास्तिक का निशान बनाया और नारियल फोड़ा।

रक्षा मंत्री ने तोप के ऊपर स्वास्तिक का नशिान भी बनाया। बता दें कि इस तोप का वजन 50 टन है और यह 47 किलोग्राम के गोले 43 किलोमीटर की दूरी तक दाग सकती है। यह स्वचालित तोप शून्य त्रिज्या पर भी घूम सकती है। रक्षा मंत्रालय ने केंद्र की 'मेक इन इंडिया' पहल के तहत भारतीय सेना के लिए एल ऐंड टी कंपनी को 2017 में के9 वज्र-टी 155मिमी/52 कैलीबर तोपों की 100 यूनिट आपूर्ति के वास्ते 4,500 करोड़ रुपये का करार किया था।

दिल्ली-एनसीआर में बारिश, कहीं-कहीं पड़े ओले

नई दिल्ली। दिल्ली और आसपास के इलाकों को फ्लिहाल सर्दी से राहत मिलती नहीं दिख रही है। गुरुवार को दिल्ली और नोएडा में हल्की बारिश ने मौसम को सुहाना कर दिया। हालांकि, इससे थोड़ी ठंड जरूर बढ़ गई। नोएडा में तो कहीं-कहीं ओले भी पड़े। गुरुवार सुबह से ही आसमान में काले बादल थे। कई इलाकों में सूरज नहीं देखा गया। इस बारिश से फ्लिहाल प्रदूषण में राहत मिलती नहीं दिख रही है। दिल्ली में आज वायु गुणवत्ता 'खराब' श्रेणी में दर्ज की गई।

रतलामः सावरकर की तस्वीर वाली कॉपियां बांटने पर प्रिंसिपल सस्पेंड

- **छात्रों ने किया चक्काजाम**

रतलाम(ए.)। मध्य प्रदेश के रतलाम स्थित शासकीय स्कूल में सावरकर के तस्वीर वाली कॉपियां बांटने पर सस्पेंड हुए प्रिंसिपल का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। प्रिंसिपल को सस्पेंड करने के मामले में कांग्रेस और बीजेपी आमने-सामने आ गई है। वहीं स्कूल के छात्र सस्पेंड प्रिंसिपल के समर्थन में सड़कों पर उतर आए और चक्काजाम कर दिया। स्कूल के स्टूडेंट्स ने स्कूल से कुछ ही दूरी पर रतलाम खाचरोद रोड पर जाम कर दिया।

छात्रों के चक्काजाम की वजह से रतलाम से नागदा जाने वाली सड़क के दोनों ओर वाहनों की लाइन लग गई। स्टूडेंट्स का कहना है कि प्रिंसिपल को बहाल किया जाए। बता दें कि मध्य प्रदेश के रतलाम जिले में शासकीय स्कूल में 4 नवंबर को सावरकर की तस्वीर वाली कॉपियां मुफ्त में बांटने के आरोप में प्रिंसिपल आर एन केरावत को सस्पेंड कर दिया गया।

सियासत | सीएम केजरीवाल को घेरने की तैयारी, शीला की बेटी को टिकट दे सकती है कांग्रेस, बीजेपी का बांसुरी पर दांव

केजरी के खिलाफ बीजेपी-कांग्रेस का बेटी दांव!

नई दिल्ली (वार्ता)। दिल्ली विधानसभा चुनाव पर आज एकसाथ 3 बड़ी चीजें होने जा रही हैं। बीजेपी उम्मीदवार चयन के लिए बैठक करने वाली है वहीं, कांग्रेस अपनी पहली लिस्ट जारी कर सकती है और राज्य के डेप्युटी सीएम मनीष सिसौदिया नामांकन भरेंगे। इस बीच, राज्य की सबसे हाई प्रोफाइल सीट नई दिल्ली पर दिलचस्प जंग देखने को मिल सकती है। सीएम अरविंद केजरीवाल को घेरने के लिए कांग्रेस और बीजेपी सरप्राइज दे सकती है। कहा जा रहा है कि कांग्रेस इस सीट से दिल्ली की दिवंगत पूर्व सीएम शीला दीक्षित की बेटी को उतार सकती हैं वहीं, बीजेपी पूर्व विदेश मंत्री सुषमा स्वराज की बेटी को टिकट दे सकती है।

शीला की बेटी केजरी को देंगी टक्कर

सूत्रों के अनुसार, कांग्रेस शीला की बेटी लतिका को इस सीट से उतार सकती है। इस सीट से कई अन्य नाम भी सामने आ रहे हैं, जिसमें राजेश लिलोठिया ने अपना नाम खुद सोनिया गांधी के सामने पेश किया है। एक कयास भी है कि अलका लांबा को भी यहां से केजरीवाल के खिलाफ पार्टी उतार सकती है। अगले एक दो दिन में इस सीट की तस्वीर साफहोने की संभावना है।

केजरी ने शीला को हराकर की थी धमाकेदार एंट्री

बता दें कि केजरीवाल ने 2013 में नई दिल्ली सीट पर शीला को हराकर ही राजनीति में धमाकेदार अंदाज में अपनी पारी शुरू की थी। 2015 के चुनाव में केजरीवाल ने कांग्रेस की कद्दावर नेता किरण वालिया को बड़े अंतर से हराया था। अब कांग्रेस इस बेहद अहम सीट पर पूरी रणनीतिक तैयारी के साथ केजरीवाल को घेरना चाहती है।

केजरीवाल को यह भी देंगे चुनौती

नई दिल्ली से केजरीवाल को श्री वेंकटेश्वर महा स्वामीजी भी चुनौती देंगे। लोग उन्हें दीपक के भी नाम से जानते हैं। उन्होंने फैसला किया है कि इस बार दिल्ली के सीएम को चुनावी मैदान में टक्कर देंगे। दीपक ने अब तक कुल 16 चुनाव लड़े हैं जिनमें कर्नाटक, गोवा, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश शामिल हैं। दिलचस्प बात है कि स्वामीजी ने कुल तीन नॉमिनेशन फॉर्म भरे हैं जिनमें अलग-अलग पार्टियों बीजेपी, एनसीपी और हिंदुस्तान जनता पार्टी से नामांकन भरा गया है। उन्होंने जमानत के तौर पर 10 हजार रुपये सिक्यॉरिटी भी जमा कराए हैं। उन्होंने बताया कि दिल्ली में उनके पास रहने के लिए कोई स्थायी ठिकाना नहीं है और वह अपने एक दोस्त के साथ रह रहे हैं। उनका दोस्त कंस्ट्रक्शन मजदूर है। अपने ऐफिडेविट में उन्होंने जानकारी दी है कि उनके पास सिर्फ 9 रुपये कैश में हैं। उन्होंने किसी शरद पवार (एनसीपी नेता नहीं कोई और) नाम के दोस्त से 99,999 रुपये उधार भी ले रखा है।

बीजेपी सुषमा की बेटी बांसुरी को उतार सकती है

उधर, बीजेपी आज दिल्ली चुनाव के लिए प्रत्याशियों पर मंथन को लेकर बैठक करने वाली है। सूत्रों के अनुसार, भगवा दल सीएम केजरीवाल को घेरने की रणनीति के तहत नई दिल्ली सीट से दिवंगत पूर्व विदेश मंत्री सुषमा की बेटी बांसुरी को उतार सकती है। सूत्रों के अनुसार, बीजेपी हर सीट को लेकर अलग रणनीति बना रही है।

एबीवीपी मेंबर कोमल शर्मा का दावा, वायरल विडियो में मैं नहीं, दर्ज करवाई शिकायत

- **जेएनयू में 5 जनवरी को हिंसा हुई थी, हॉस्टल में नकाबपोशों ने की थी तोड़फोड़**

नई दिल्ली(ए.)। दिल्ली विश्वविद्यालय की छात्रा कोमल शर्मा ने एक चैनल के खिलाफ राष्ट्रीय महिला आयोग में शिकायत दर्ज कराई है। कोमल का आरोप है कि जवाहर लाल नेहरू यूनिवर्सिटी (जेएनयू) में हुए हमले को लेकर चैनल ने उन्हें कथित तौर पर एक आरोपी के रूप में पेश करके बदनाम किया है।

आयोग के एक अधिकारी ने बताया कि कोमल ने राष्ट्रीय महिला आयोग को शिकायत की है कि जेएनयू में पांच जनवरी की हिंसा के मामले में उनका नाम गलत तरीके से शामिल किया गया है और संबंधित टीवी चैनल ने इस पर प्रतिक्रिया या स्पष्टीकरण के लिए उनसे संपर्क भी नहीं किया।

कोमल की पहचान कथित तौर पर पुलिस ने उस नकाबपोश लड़की के रूप में की है जो चेक वाला शर्ट पहने हुए थी और हल्के नीले रंग के स्कार्फ से अपना चेहरा ढके हुए थी। उसके हाथ में एक लाठी भी थी। यह कथित विडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल है।

■ न्यूज गैलरी

डी रविशंकर को एआईजी पीएचक्यू का प्रभार

रायपुर। राज्य शासन द्वारा भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी संयुक्त परिवहन आयुक्त, परिवहन आयुक्त कार्यालय रायपुर डी.रविशंकर की सेवाएं परिवहन विभाग से वापस लेते हुए सहायक पुलिस महानिरीक्षक पुलिस मुख्यालय रायपुर के पद पर पदस्थ किया गया है। इसी प्रकार राज्य पुलिस सेवा के अधिकारी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जिला महासमुंद वेदव्रत सिरमौर की सेवाएं परिवहन विभाग को अस्थायी रूप से संयुक्त परिवहन आयुक्त, परिवहन आयुक्त कार्यालय रायपुर के पद पर पदस्थापना के लिए प्रतिनियुक्ति पर सौंपी गई है। गृह (पुलिस) विभाग मंत्रालय द्वारा आज इस आशय का आदेश जारी कर दिया गया है। आदेश में छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के पत्र का उल्लेख करते हुए अनापत्ति प्राप्त की गई है।

पूर्व सीएस अमन सिंह की पत्नी को हाईकोर्ट से मिली बड़ी राहत

रायपुर। छत्तीसगढ़ में भाजपा शासन काल के समय में प्रमुख सचिव रहे अमन सिंह की पत्नी यास्मीन सिंह को आज हाईकोर्ट बिलासपुर से बड़ी राहत मिली है। हाईकोर्ट ने राज्य सरकार द्वारा उनके मामले में एसीबी जांच के दिए गए निर्देश पर फिलहाल रोक लगा दी है। न्यायाधीश गौतम भादुड़ी की बेंच में आज यास्मीन सिंह द्वारा लगाई गई याचिका में सुनवाई हुई। कोर्ट ने यास्मीन सिंह के वकील की ओर से दी गई दलील के बाद फिलहाल उनके खिलाफ राज्य सरकार द्वारा एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) से जांच कराने के दिए आदेश पर रोक लगाते हुए इस संबंध में शासन को आदेशित किया है। अगली सुनवाई 10 फरवरी को होगी।

सोनोग्राफी के 4 संस्थाओं का पंजीयन निरस्त, 8 को नोटिस

रायपुर। पीसीपीएनडीटी एक्ट के तहत गठित जिला सलाहकार समिति की बैठक गत दिवस मुख्य चिकित्सा डिप्टी कलेक्टर श्रीमती पुनम शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में एक्ट के तहत नया पंजीयन के 11 और नवीनीकरण के 4 आवेदन को अनुमोदित किया गया। बैठक में सोनोग्राफी की 3 संस्थाओं द्वारा समय-सीमा पर नवीनीकरण नही कराये जाने के कारण पंजीयन को निरस्त किया गया। एक सोनोग्राफी सेंटर के संचालक द्वारा पंजीयन निरस्तीकरण हेतु प्राप्त आवेदन को अनुमोदन पश्चात निरस्त किया गया। 8 सोनोग्राफी संस्थाओं के दस्तावेजों की रखरखाव में कमियॉ पायें जाने के कारण उन्हें बताओ नोटिस दिया गया।

विपक्ष ने 126वें संविधान संशोधन के अनुसमर्थन में भी अपने ही अंदाज में दिया जवाब

एससीएसटी आरक्षण और 10 साल बढ़ाने का ऐसा समर्थन

नवप्रदेश संवादाता

रमन सिंह बोले- आरक्षण 10 साल के लिए नहीं सदा के लिए देना चाहिए

अजीत जोगी बोले 2030 के बाद हमें ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं लाना चाहिए

रायपुर। 126वें संविधान संशोधन के अनुसमर्थन में सत्तापक्ष को भाजपा और जोगी कांग्रेस के दिग्गज नेताओं ने अपने ही अंदाज में ऐसे आड़े हाथों लिया। दोनों ही विपक्षी दलों ने अपने शब्दों में सरकार के इस प्रयास पर तंज भी कसा तो वहीं उन्हों ने संविधान संशोधन पर जवाब भी दिया। पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार ने एससी-एसटी के आरक्षण को बढ़कर 10 साल किये जाने संविधान संशोधन संसद में पेश किया है। हम राज्य विधानसभा में इसका अनुसमर्थन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम चाहते हैं कि यह आरक्षण एससी-एसटी वर्ग को सिर्फ दस साल के लिए नहीं बल्कि सदा-सदा के लिए कर देना चाहिए। ये बार-बार भ्रम फैलाया जाता रहा है कि मोदी सरकार आरक्षण विरोधी है, लेकिन यह फैसला बताता है कि केंद्र की सरकार आरक्षण की पक्षधर है। आज मैं यहां डॉक्टर भीमराव अंबेडकर को याद करना चाहता हूँ कि उन्होंने संविधान के जरिये उन्होंने मौलिक आधार दिए। संविधान सामाजिक न्याय का दस्तावेज है. लोकतंत्र में सभी समाज के सभी वर्गों की आवाज होनी चाहिए. इतिहास में लंबे समय तक एक वर्ग को अधिकारों से वंचित रखा गया था। इसलिए आज यह जिम्मेदारी बनती है कि ऐसे वर्ग की आवाज समावेशी रूप से सामने आये. अटल बिहारी बाजपेयी सरकार ने 1999 में पृथक जनजाति मंत्रालय की स्थापना कर उस वर्ग को मजबूती दी थी। इतिहास देखेंगे कि जब जब समाज विभाजित रहा है देश गुलामी में रहा है. भारत को मजबूत और सशक्त करना है तो सभी समाज को बराबरी का दर्जा देना जरूरी है. मोदी जी के नेतृत्व में ये देश ग्लोबल पावर बनेगा।

वहीं पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी ने कहा कि संविधान बनने के दौरान भीमराव अम्बेडकर ने कहा था कि 10 वर्षों में असमानता दूर हो जाएगी लेकिन दुर्भाग्य है कि असमानता इतने वर्ष बाद भी खत्म नहीं हो पाई है. मैं ये कहता हूँ कि आने वाले दस वर्षों में ये तबका समान रूप से खड़ा हो जाए। 2030 के बाद हमें ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं लाया जाना चाहिए कि हम फिर से दस सालों के लिए आरक्षण दे। समाज को आने वाले दस सालों में सामाजिक-आर्थिक, शैक्षणिक समेत हर क्षेत्र में मजबूत किया जा सके जिससे भविष्य में ऐसा प्रस्ताव लाने की जरूरत ही ना पड़े। उन्होंने कहा कि आर्टिकल 16 यदि आप पढ़ें तो उसमें लिखा है कि सरकारी नौकरी में आरक्षण दिया जाएगा। जब इतने अधिकार दिए गए हैं तब भी बराबरी की स्थिति में अब तक क्यों नहीं आ सके हैं? 70 सालों में आखिर क्यों ये तबका बराबरी पर नहीं आ सका। इस दिशा में हमे सोचना चाहिए? हमारे सारे हाईकोर्ट-सुप्रीम कोर्ट देख लीजिये कितने जज एससी-एसटी के बन पाए हैं? इसलिए नहीं बन पाये है क्योंकि ज्ञान का स्तर वहां पहुँचने के अनुकूल नहीं माना जाता है।

दस वर्षों में इस वर्ग को बराबरी पर लाने की दिशा में प्रयास करना चाहिए. कुछ लोग कहते हैं कि एससी-एसटी को आरक्षण देने से गुणवत्ता प्रभावित हो जाएगी? देश की आजादी में आदिवासियों का, गरीबो का बड़ा योगदान है। ये मत कहिए कि बिना गुणवत्ता के हम ये सब पा रहे हैं।

सदन में सीएम की टेबल में इलेक्ट्रिक डिवाइस से मचा हंगामा

कार्यवाही स्थगित कर विपक्षी आपत्ति के बाद हटवाया, विपक्ष ने आसंदी से तीखे सवालात भी किए

छत्तीसगढ़ विधानसभा का एक दिन का विशेष सत्र इतना हंगामेदार रहा कि दो बार पूरी कार्यवाही को ही रोकना पड़ा। राज्यपाल के अभिभाषण का बहिष्कार और चर्चा से इंकार करने के बाद विपक्ष ने सदन में दूसरी बार हंगामाखेज मामला उठाया। दोपहर 1 बजे तक सभा की कार्रवाई स्थगित करने के बाद सदन में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की बैठक व्यवस्था में इलेक्ट्रिक डिवाइस लगाने के मामले में विपक्षी सदस्यों ने जमकर बवाल मचाया। भाजपा और जोगी कांग्रेस के सदस्यों ने सख्त आपत्ति दर्ज करते हुए सदन नेता के डायस पर डिवाइस कैसे और किसने लगाई उस पर सीधे आसंदी को ही सवालों के घेरे में ले लिया। काफी हो-हल्ला के बाद कार्रवाई शुरु होते ही पुनः डिवाइस हटाने का फैसला आसंदी को लेना पड़ा। इसके लिए दूसरी बार कार्यवाही स्थगित कर विधानसभा अध्यक्ष चरणदास महंत ने हंगामा करते सदस्यों की बात बानते हुए कहा अच्छा ठीक है डिवाइस हटाते हैं। फिर सदन को कुछ देर के लिए स्थगित कर सीएम श्री बघेल के डायस में लगे इलेक्ट्रिक डिवाइस को हटवाने के बाद फिर सदन की कार्रवाई शुरु हुई। विपक्षी सदस्यों ने सवाल किया कि डिवाइस लगाने की अनुमति कब दी गई. कब नोटिफिकेशन जारी की गई, सदन के नेता के डायस पर कौन सा डिवाइस लगाया गया है?

छत्तीसगढ़ विधानसभा के एक दिवसीय विशेष सत्र के प्रारंभ में राज्य गीत का गान हुआ।

वरिष्ठ विधायक अजय चंद्राकर ने व्यवस्था का प्रश्न उठाया और कहा सदन के भीतर डिवाइस का उपयोग नहीं हो सकता, यह कैसे हो गया है। वरिष्ठ विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने कहा यह सुरक्षा का मसला है, विधायकों के लेटिट्युड और लॉंगीट्युड लोकेशन को बाहर भेजा जा रहा हो तो.. उन पर निगरानी रखी जा रही हो तो?

डिवाइस पर बघेल का यह जवाब

विपक्ष की आपत्ति के बीच सदन के नेता मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सदन से कहा पेपर लेस किए जाने की क़वायद के तहत यह मशीनें लगाई जा रही हैं, सभी सदस्यों के डायस पर लगेगी, इस डिवाइस पर सभी जानकारी उपलब्ध होगी। इसके बाद अध्यक्ष चरणदास महंत ने कहा पाँच मिनट के लिए कार्यवाही स्थगित की जाती है फिर पाँच मिनट के भीतर सदन के नेता मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के डायस पर लगे डिवाइस को हटा दिया गया।

रेगिंग मामले में अपर कलेक्टर ने हास्टल सुप्रीटेंटेंड को किया सस्पेंड

■ **सहायक आयुक्त को दिए जांच के निर्देश**

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। बीती रात डीडी नगर स्थित अनुसूचित जनजाति छात्रावास में रह रहे जूनियर विद्यार्थियों के साथ वरिष्ठ विद्यार्थियों द्वारा जबरिया ली गई रेगिंग एवं एक विद्यार्थी को क्रूरतापूर्वक पीटे जाने की घटना को संज्ञान में लेकर अपर कलेक्टर ने आज पीड़ित विद्यार्थियों का हॉस्टल पहुंचकर संज्ञान लेकर मामले से संबंधितों का बयान लिया। ज्ञातव्य है कि उक्त मामले में छात्रावास अधीक्षक महेंद्र बघेल द्वारा बरती गई लापरवाही प्रमाणित होने पर अपर कलेक्टर पदमिनी भोई ने तत्काल प्रभाव से उन्हें निलंबित कर लिया। मामले की जांच के लिए सहायक आयुक्त आदिम जाति विकास को कार्रवाई करने के निर्देश मौके पर ही भोई ने दिए।

ज्ञातव्य है कि स्कूल कॉलेजों में नए विद्यार्थियों के साथ वरिष्ठ विद्यार्थियों द्वारा रेगिंग करने पर सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर कड़े प्रतिबंध लगाए गए हैं। उक्त मामले में शहर में जनचर्चा होने पर मामले की गंभीरता को समझते हुए अपर कलेक्टर ने फौरन हॉस्टल का दौरा कर हॉस्टल से गायब तीन विद्यार्थियों की पतासाजी की। अन्य छात्रों ने तीनों छात्रों के पुरखौती मुक्तांगन घूमने जाने की जानकारी देते हुए बताया कि वे देर रात तक वापस आ जाएंगे कहकर गए थे। रात में नहीं लौटने पर अपर कलेक्टर ने छात्रावास अधीक्षक द्वारा मामले को गंभीरता से नहीं लेने पर मौके पर ही जमकर फटकार लगाई। उक्त मामले में रसोईयां व अन्य ने रेगिंग की घटना होने से इंकार कर अपर कलेक्टर को गुमराह करने की भरपूर कोशिश की। बावजूद इसके अपर कलेक्टर पदमिनी ने मौके की नजाकत को समझते हुए तत्काल कार्रवाई की।

दी बधाई...

रायपुर (नवप्रदेश)। नगर निगम रायपुर के महापौर एजाज ढेबर को निगम प्लेसमेंट कर्मचारी कल्याण संघ के अध्यक्ष संजय एड़े, सचिव खेमू निषाद, पदाधिकारी पवन चवरगुवाल, शैलेन्द्र दुबे, रीता राव, शबाना बेगम सहित अन्य पदाधिकारियों ने बुके देकर निगम मुख्यालय में महापौर के रूप में पदभार ग्रहण करने पर हार्दिक शुभकामनाएं दी।

सफलता यूनिसेफने कहा छत्तीसगढ़ सरकार का यह महत्वपूर्ण कदम है

कुपोषण मुक्ति के प्रयासों को यूनिसेफ ने सराहा

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। छत्तीसगढ़ में कुपोषण मुक्ति के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा दृढ़ संकल्पित होकर किए जा रहे समन्वित अभिनव प्रयासों को लोगों की लगातार सराहना और सहयोग मिल रहा है। आज एक बार फिर अंतर्राष्ट्रीय संस्था यूनिसेफ ने छत्तीसगढ़ में कुपोषण मुक्ति के लिए छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। यूनिसेफ इंडिया ने अपने ट्वीटर हैण्डल से मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मलेरिया मुक्त बस्तर अभियान के शुभारंभ की पोस्ट साझा करते हुए लिखा कि ''खून की कमी और कुपोषण रोकने के लिए मलेरिया की रोकथाम बहुत जरूरी कदम है। जिससे बस्तर के आदिवासी इलाकों में महिलाओं और बच्चों की जान बचाई जा सकती है। यह छत्तीसगढ़ सरकार का महत्वपूर्ण कदम है।'' इससे पहले भी यूनिसेफ ने अपने ट्वीटर और फेसबुक एकाउंट पर दंतेवाड़ा जिले के प्राथमिक शाला बेंगलुरू की फोटो साझा कर स्कूलों में चल रहे किचन गार्डन बागवानी की सराहना करते हुए इसे बच्चों के पोषण के लिए अनूठी राह बताया था। राज्य सरकार द्वारा आकांक्षी जिलों और कुपोषण से ग्रसित आदिवासी बहुल इलाकों में खासतौर पर कुपोषण मुक्ति के प्रयास किए जा रहे है। इसके सुखद परिणामस्वरूप विगत दिनों सुपोषण अभियान में उल्लेखनीय उपलब्धि और नयी पहल के लिए 115 आकांक्षी जिलों में से दंतेवाड़ा जिले को स्कॉच अवार्ड से नवाजा गया है।

उल्लेखनीय है कि बस्तर को मलेरिया, एनीमिया और कुपोषण से मुक्त करने के संकल्प के साथ 15 जनवरी से संभाग के सातों जिलों में मलेरिया मुक्त बस्तर अभियान शुरू किया गया है। अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग की टीम घरों के साथ ही स्कूलों, आश्रम, छात्रावासों और पैरा मिलिट्री कैम्पों में जाकर मलेरिया की जांच कर रही है। इसके साथ ही हाट-बाजारों में लोगों की जागरूकता के लिए अभियान चलाया जा रहा है। मलेरिया मुक्त बस्तर अभियान के अंतर्गत मलेरिया उन्मूलन के साथ ही एनीमिया, शिशु मृत्यु दर, मातृ मृत्यु दर और कुपोषण दूर करने पर भी फोकस किया जा रहा है। इसके साथ ही कुपोषण और एनीमिया मुक्ति को ध्यान में रखते हुए बस्तर संभाग के साढ़े छह लाख से अधिक गरीब परिवारों के लिए 'मधुर गुड़ योजना' शुरू की गई है। महात्मा गांधी की 150वीं जयंती पर पूरे प्रदेश में सुपोषण अभियान शुरू किया गया है। इसके तहत सभी विभागों के समन्वित प्रयास से कुपोषण मुक्ति का प्रयास किया जा रहा है। योजना के तहत बच्चों के साथ महिलाओं को भी गर्म भोजन दिया जा रहा है। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा स्कूलों में किचन गार्डन बागवानी की शुरूआत की गई है, जिससे बच्चों को मध्यान्ह भोजन में ताजे और स्थानीय पोषक आहार मिल सकें।

दुष्कर्म के आरोपी ओपी गुप्ता की फिर बढ़ी जूडिशल रिमांड

14 दिनों के लिए भेजे गए जेल

नवप्रदेश संवादाता

रायपुर। पूर्व सीएम रमन सिंह के ओएसडी ओपी गुप्ता की मुश्किलें बढ़ गई हैं। आज उसे कोर्ट में पेश किया गया। जहां से 15 दिनों के लिए जूडिशल रिमांड पर पर भेज दिया गया। मामले में पुलिस अब तक चालान पेश नहीं कर पाई है।

नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी पूर्व सीएम रमन सिंह के ओएसडी ओपी गुप्ता को गुरूवार को कोर्ट में पेश किया गया। उसे न्यायिक रिमांड खत्म होने पर एडीजे राधिका सैनी की फास्ट ट्रैक कोर्ट में पेश किया गया। गिरफ्तारी के बाद कोर्ट ने आरोपी को 16 जनवरी तक न्यायिक हिरासत में जेल भेजा था। आज कोर्ट ने ओपी गुप्ता को और 15 दिनों के लिए जूडिशल रिमांड पर भेजा गया। बता दें कि ओपी गुप्ता ने नाबालिग बच्ची के साथ पहली बार रेप 2016 में किया था। उस समय वह 8वीं कक्षा में थी और उसकी उम्र 13 वर्ष के करीब थी। इसके बाद लगातार वह 2019 तक दुष्कर्म करता रहा. बच्ची का आरोप है कि उसने कई बार शिकायत भी करनी चाही, लेकिन गुप्ता उसे जान से मार देने की धमकी देता था। यहां तक की उनके रसूख के चलते कोई उसकी शिकायत भी नहीं सुन रहा था। ओपी गुप्ता की पत्नी कमला गुप्ता नाबालिग बच्ची से बाल मजदूरी कराती थीं और दोनों लोग बच्ची से अपना मसाज कराते थे।

गुप्ता को सिविल लाइन पुलिस ने एक नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म के मामले में 9 जनवरी को गिरफ्तार किया था। उस पर आरोप है कि नाबालिग के साथ लगातार दैहिक शोषण कर रहा था। पीड़िता ने पुलिस को एक सामाजिक संस्था की मदद से लिखित शिकायत दी थी। जिसके बाद गिरफ्तारी की गई थी। इस मामले में पुलिस ने आरोपी ओपी गुप्ता के खिलाफ दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है।

नाबालिग से सौतेले पिता ने किया दुष्कर्म

रायपुर। रिश्तो को तार-तार कर शारीरिक शोषण करने वालों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। रिश्तों की मर्यादा लांघने से आपराधिक तत्व बाज नहीं आ रहे हैं इसी कड़ी में टिकरापारा की नाबालिग बच्ची के साथ उसके सौतेले पिता ने जान से मारने की धमकी देकर शारीरिक शोषण किया। उक्त मामले में आरोपी सौतेले पिता रफीक खान के खिलाफ टिकरापारा पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि नाबालिग का यौन शोषण करने के अपराधी के खिलाफ पास्को एक्ट की धारा 4 एवं आईपीसी की धारा 376 एवं 506 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना प्रारंभ कर दी गई है।

संपादकीय

पाक और चीन की चाल नाकामयाब

कश्मीर मुद्दे को लेकर पड़ोसी देश पाकिस्तान की हर चाल असफल हो रही है फिर भी वह चालबाजी से बात नहीं आ रहा है। अपने नए यार चीन के साथ मिलकर वह लगातार कश्मीर के मुद्दे का अंतर्राष्ट्रीकरण करने की नाकाम कोशिशें करता रहता है। एक माह पूर्व संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में पाकिस्तान ने कश्मीर मुद्दे पर बंद कमरे में विशेष बैठक बुलाए जाने की पुरजोर कोशिश की जिसमे उसे चीन का सहयोग भी मिला लेकिन संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के अन्य देशों ने कश्मीर मुद्दे पर किसी भी तरह की कोई चर्चा कराने से दो टूक शब्दों में इंकार कर दिया था। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के अन्य सदस्य देशों का स्पष्ट कहना था कि कश्मीर मसला भारत और पाकिस्तान के बीच का द्विपक्षीय मामला है इसे दोनों ही देश आपसी बातचीत से हल करें। इसके बावजूद एक बार फिर चीन ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक में कश्मीर मुद्दे पर चर्चा कराने की मांग की, इसे भी ठुकरा दिया गया। फ्रांस ने स्पष्ट कर दिया कि वह चीन की ऐसी कोशिशों का विरोध करेंगा। सुरक्षा परिषद के अन्य देशों ने भी चीन की इस चाल को विफल करते हुए कहा कि यह बैठक एक अफरीकी देश के मुद्दे पर चर्चा करने के लिए बुलाई गई है इसमें कश्मीर मुद्दे पर कोई चर्चा नहीं होगी। इस तरह पाकिस्तान और चीन कश्मीर मुद्दे पर फिर एक बार अलग-थलग पड़ गए है। किन्तु पाकिस्तान ऐसी कोशिशों से बाज नहीं आएगा। कश्मीर से 370 खत्म होने के बाद से पाकिस्तान बौखलाया हुआ है और विश्व मंच पर भारत के खिलाफ जहर उगलने का कोई मौका वह नहीं चूंक रहा है। चीन भी उसका हिमायती बना हुआ है। ऐसे में भारत को चाहिए कि वह भी विश्व मंच पर पाकिस्तान को और ज्यादा बेनकाब करें, रही बात कश्मीर की तो यह भारत का आंतरिक मामला है इसे लेकर पाकिस्तान विधवा विलाप करना बंद करें। वह पाक अधिकृत कश्मीर की चिंता करें जहां वह मानवाधिकारों का खुला उल्लंघन कर रहा है और पीओके के लोगों द्वारा आजादी की मांग किए जाने पर उनके आंदोलन को बंदूक की नोक पर कुचलने की कोशिश कर रहा है। पाकिस्तान यह न भूले के पाक अधिकृत कश्मीर भी देर सवेर भारत का अभिन्न अंग बन कर रहेगा। दरअसल पाकिस्तान को हमारे ही देश के कुछ विपक्षी नेता प्रात्साहित कर रहे है जो लगातार कश्मीर में लगी पाबंदियों का विरोध कर रहे है और पाकिस्तान की भाषा बोल कर दुश्मन देश के हाथ मजबूत कर रहे है।

विचार

आखिर मिले हाथ

अमेरिका और चीन के बीच लगभग दो साल के ट्रेड वॉर के बाद हुए व्यापार समझौते की खबर से दुनिया ने राहत की सांस ली है। इसे समझौते का पहला चरण कहा जा रहा है, जिसके तहत चीन व्यापार शुल्क का एक हिस्सा हटाए जाने की एवज में अगले दो साल में अमेरिका से 200 अरब डॉलर की सालाना खरीदारी करेगा। इसमें 50 अरब डॉलर के कृषि उत्पाद भी शामिल हैं, जो अमेरिकी चुनाव में भावनात्मक मुद्दे का रूप ले सकते हैं। इसके अलावा अमेरिकी बौद्धिक संपदा अधिकार का सम्मान करने और अपनी मुद्रा की विनिमय दरों में कृत्रिम बदलाव न करने की बात चीन बाकायदा लिखकर दे रहा है। अमेरिकी वित्त मंत्रालय ने मुद्रा के साथ छेड़छाड़ करने वाले देश का बिल्ला चीन से पहले ही हटा लिया था। दुनिया की दोनों चोटी की अर्थव्यवस्थाओं में तनाव 22 जनवरी 2018 को शुरू हुआ, जब ट्रंप ने चीन में बने सौर पैनलों और वाशिंग मशीनों पर शुल्क लगाने की घोषणा कर दी। इसके बाद एक-दूसरे पर जवाबी शुल्क का हमला शुरू हो गया। इस व्यापार युद्ध में अमेरिका ने चीन से आने वाले 550 अरब डॉलर के उत्पादों पर शुल्क बढ़ा दिया, जबकि चीन ने ऐसी ही कार्रवाई अमेरिका से आने वाली 185 अरब डॉलर की वस्तुओं पर की। अमेरिका ने चीन पर टेक्नॉलजी चोरी करने और अपनी मुद्रा की कीमत नीचे रखने का आरोप भी लगाया। दरअसल, अमेरिका और ज्यादातर पश्चिमी देश तकनीक के मामले में चीन की रफ्तार से खासे परेशान हैं। अमेरिका ने ट्रेड वॉर की आड़ लेकर उसकी तकनीकी प्रगति में अड़ंगा डालने की चाल चली लेकिन जल्द ही इसका खामियाजा खुद अमेरिका को ही भुगतना पड़ गया। पिछले कुछ समय से अर्थशास्त्रियों की यह गुहार अलग-अलग कोनों से सुनाई देने लगी है कि पूरे विश्व में स्लोडाउन आ रहा है, जिसकी कुछ जवाबदेही चीन-अमेरिका ट्रेड वॉर पर भी आती है।

टेक ज्ञान

ओप्पो एफ 15 भारत में होगा लॉन्च

नई दिल्ली। चीन की स्मार्टफोन निर्माता कंपनी ओप्पो भारत में अपना स्मार्टफोन ओप्पो एफ15 (ओप्पो एफ15) लॉन्च करेगी। कंपनी करीब दो हफ्ते से इस फोन को टीज कर रही है। फोन में 'स्टाइलिश और स्लीक' बॉडी दी गई है। भारत में इस फोन की कीमत 20,000 रुपये से कम हो सकती है। भारत में इस फोन की लॉन्चिंग आज दोपहर 12 बजे होगी।

ईरान, उत्तर कोरिया का परमाणु प्रेम और विश्व को युद्ध में झोंकते ट्रंप

कुमार रमेश

> ध्यान देने वाली बात यह है कि अमेरिकी राष्ट्रपति जिन सांस्कृतिक धरोहरों को निशाना बनाने की बात कर रहे हैं, क्या वो मुमकिन है! क्योंकि अमेरिका और ईरान दोनों ने ही 1972 की वर्ल्ड हेरिटेज कन्वेंशन, 1974 की हेग कन्वेंशन ऑन द प्रोटेक्शन ऑफकल्चरल प्रॉपर्टी इन आर्म्स कॉन्फिलक्ट पर हस्ताक्षर किया है जिसका उल्लंघन आसान नहीं होगा। वैसे भी हमें समझना होगा कि ईरान सिर्फएक देश नहीं है बल्कि वह दुनिया की सबसे पुरानी सभ्यता में से एक है जहां पर 28 से ज्यादा धरोहर यूनेस्को में शामिल हैं इसलिए वे धरोहरें सिर्फइरान के नहीं बल्कि पूरी दुनिया की हैं जिसमें हमारा प्राचीन इतिहास भी शामिल है। वैसे भी हम देख ही चुके हैं कि किस तरह 2001 में अफगानिस्तान में गौतम बुद्ध की 3 से 6 ईसा पूर्व पुरानी मूर्ति को तालिबानियों ने तोड़ दिया था। इसी तरह 2015 में इस्लामिक स्टेट ने सीरिया के प्राचीन शहर पालमिरा को भी पूरा बर्बाद कर दिया था।

ईरान और अमेरिका में तनाव के बीच ईरानी राजनयिक ने संयुक्त राष्ट्र, रूस और चीन को छोड़कर शांति बहाली के लिए भारत को मध्यस्थता करने का प्रस्ताव देकर प्रत्यक्ष रूप से भारत को भी इस विवाद के केंद्र में पहुंचा दिया है। हालांकि इस क्षेत्र में भारत सैन्य रूप से बड़ा खिलाड़ी है इसलिए यह हमारा निजी कर्तव्य तो था ही, कि हम मामले को शांत करने की कोशिश करें, क्योंकि इस संभावित खतरे से सबसे ज़्यादा नुकसान हमें ही उठाना होगा, इसका असर एक ही दिन में तेल, रुपया और शेयर बाज़ार में दिख गया। लेकिन अगर इरानी हमले में अमेरिकी संपत्ति को भारी नुकसान हुआ है और अमेरिका जवाबी हमला करने कि सोच रखता है तो कहीं भारत का ये दांव हमपर ही उल्टा ना पड़ जाए, इससे भारत की मध्यस्थता छवि को भी धक्का लगेगा। उत्तर कोरिया हो या ईरान, मध्य-पूर्व एशिया हो फिर भारतीय उपमहाद्वीप, इन सब में कोई भी ऐसी जगह नहीं जहां पिछले 50 सालों से शांति या स्थिरता रही हो। खाड़ी देशों में अशांति तब से प्रारंभ हुई जब से वहां के सभी देशों में तेल और गैस के प्रचुर भंडार मिले हैं। ऐसे में एक देश ने सऊदी अरब, कुवैत, कतर, इराक़, ईरान, बहरीन, ओमान, यूएई, जॉर्डन जैसे देशों को राजसत्ता से बेदखल करने का डर दिखाकर वहां की ज़्यादातर कुओं से तेल एवं गैस निकालने और बेचने पर नियंत्रण स्थापित कर लिया। जिसके बाद ही 1974 से एक कागज के टुकड़े डॉलर को इस दुनियां की सबसे ताकतवर मुद्रा बना दिया गया। जिन देशों का ज़िक्र ऊपर है वे सभी कभी उस देश के सबसे करीबी साथी रहे, जिसमें आज का दुश्मन ईरान भी शामिल है। अस्थिरता की इस कड़ी में मध्य पूर्व का एक प्रमुख दुश्मन इजरायल भी है, जिसने अपनी आज़ादी के बाद से ही इन सभी मुस्लिम राष्ट्रों की नाक में दम करके रखा है। 1967 में जॉर्डन, सीरिया और मिस्र जैसे बड़े देशों को सिर्फ 6 दिनों में एकसाथ युद्ध में हराकर इन्हें घुटनों के बल ला चुका है। इसलिए आज कि जो भी परिस्थिति इस क्षेत्र में चल रही है उसके केंद्र में है परमाणु और तेल एवं गैस और जिनके कारण यह सब है वो हैं इजरायल, सऊदी अरब और ईरान। ऐसे में फिर वही एक देश आगे आया और उसने इन सभी देशों को उसके दुश्मनों से सुरक्षा करने की गारंटी खुद पर ले ली, और पीछे से उन सबको एक दूसरे के खिलाफ लड़ाते हुए अपने हथियार बेचने लगा, साथ ही धीरे धीरे सभी के यहां अपनी नौसेना, वायु सेना और थल सेना का बेस भी बना लिया। उस चालक देश का नाम है अमेरिका, और आज उन्हीं में से दो प्रमुख सैन्य बेस यानी इराक़ के अनबर प्रांत में स्थित एन अल-असद एयर बेस और इरबिल शहर के ग्रीन जोन बेस

> हालांकि दुनियाभर के विश्लेषक मान रहे हैं कि इरानी हमले के बाद ट्रंप ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करके यह मान लिया है कि अमेरिका खुले तौर पर ईरान के साथ युद्ध में नहीं जा सकता, क्योंकि उनको बहरीन के शेख ईसा एयरबेस व खलीफा-इब्न-सलमान पोर्ट में 7000 सैनिक व पांचवी फ्लीट, यूएई के हार्मुज खाड़ी, अल-ढफरा, जेबेल-अली, फुजैराह नेवलबेस में 5000 सैनिक, कतर के अल-उदीद, सायलीह बेस में 10000 सैनिक, इजरायल के मशाबिन एयरबेस, तुर्की के इज्मिर, इनरलिक एयरबेस में 2500 सैनिक, ओमान के सल्लाह, डुकम पोर्ट में 600 सैनिक, अफगानिस्तान में 12000, कुवैत में 13000, इराक़ में 5200, सऊदी में 3000 सैनिकों से साथ इसी क्षेत्र के 20 देशों में स्थित अपने 70 हजार से ज्यादा सैनिकों और 100 से ज्यादा सैन्य ठिकानों की चिंता है। इन सब के बीच में इराक़ी प्रधानमंत्री महीदी ने फाइनल सॉल्यूशन के रूप में सभी विदेशी सैनिकों को देश छोड़कर चले जाने को कहा है, जिससे यह पूरा गतिरोध रुक सके लेकिन अमेरिका ने इससे साफमना कर दिया इन्हीं सब को देखते हुए भारत ने भी अपने सामुद्रिक हितों की रक्षा के लिए ऑपरेशन संकल्प के तहत जहाज़ों को तैनात कर दिया है।

में ईरान ने ऑपरेशन शहीद सुलेमानी के तहत् सुबह 3:30 बजे अपने फतेह-313 और क्वाम मिसाइल से हमला कर दिया। मध्य पूर्व क्षेत्र में यह वे सैन्य ठिकाने हैं जिन पर अमेरिका ने 15-20 बिलियन डॉलर खर्च किया है जो इतना कीमती है कि इतने पैसे 100 से ज्यादा देशों की जीडीपी भी नहीं होगी। इसी दौरान एक यूक्रेनियन एयरप्लेन भी क्रैश हो गया जिसमें 176 लोगों की मौत हो गई साथ ही बुशहर परमाणु ऊर्जा संयंत्र से 30 किलोमीटर दूर एक 4.9 तीव्रता का भूकंप भी आ गया। ये सभी मामले एक दूसरे से कनेक्ट है और आज सुबह ईरान ने यह मान लिया है कि वह प्लेन ईरानी मिसाइल लगने से ही गिरी थी क्योंकि इरान अलर्ट मोड में था और जब वह प्लेन इरानी एयर स्पेस से गुजर रहा था तो एंटी मिसाइल सिस्टम अपने आप एक्टिवेट हो गया और उसके मिसाइल ने प्लेन को मार गिराया।

ऐसा क्यूं है, यह जानने से पहले भारतीय उपमहाद्वीप में बनी अस्थिरता भी जाननी होगी। शुरुआत भारत से करें तो विश्व का एक महान लोकतंत्र होने के कारण फिलहाल तो यहां शांति और स्थिरता है लेकिन पड़ोसी देशों चीन व पाकिस्तान के पास परमाणु बम और मिसाइल प्रौद्योगिकी होने के कारण इस पूरे क्षेत्र में अस्थिरता बनी हुई है। पड़ोसी देश अफगानिस्तान के मामले में यह अशांति तो 1979 से आज तक जारी है और उसका भी जिम्मेदार कोई और नहीं यही अमेरिका है जिसने सोवियत संघ के खिलाफ युद्ध में मुजाहिद्दीनों को हथियार सप्लाई किया और रूस के वहां से चले जाने के बाद आज खुद ही अपने तैयार किए आतंकवादियों से लड़ रहा है। उत्तर कोरिया का परमाणु कार्यक्रम भी किसी से छुपा नहीं है जिसने तमाम प्रतिबंधों को झेलने के बाद भी परीक्षण करके ही दम लिया। आज स्थिति यह है कि वहां के सुप्रीम लीडर किम जोंग उन अमेरिकी राष्ट्रपति को सनकी बुड्ढा तक कह रहे हैं फिर भी बिना पूछे देशों पर हमला करने वाला वह देश अमेरिका किम को जन्मदिन की बधाईयां देकर शांति वार्ता करना चाहता है। पूरे लेख का सार यही परमाणु तकनीक की मांग है जिसकी लड़ाई मई 2018 से प्रारंभ हुई, जब डोनाल्ड ट्रंप ने इजरायल की खातिर ईरान न्यूक्लियर डील तोड़कर उसपर प्रतिबंध लगा दिया, ताकि फिर से मनमाफिक न्यूक्लियर डील और बैलेस्टिक मिसाइल कार्यक्रम पर रोक लगाने के लिए ईरान को बातचीत की मेज़ पर लाया जा सके।

सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के पहले सीएए की अधिसूचना गलत

अरुण श्रीवास्तव

> सुप्रीम कोर्ट द्वारा एक जनहित याचिका पर आश्चर्य व्यक्त करने के एक दिन बाद यह अधिसूचना आई, जिसमें सुप्रीम कोर्ट से याचना की गई थी कि वह घोषणा करे कि वह अधिनियम 'संवैधानिक रूप से मान्य'' है। भाजपा नेता और उसके कैडर मोदी को एक राजनेता के रूप में प्रचारित करते हैं। वे ऐसा मान सकते हैं। लेकिन तथ्य यह है कि एक राजनेता वह है जो स्वीकार करता है कि उसने कोई गलती की है और इससे पहले कि उसे कोई और नुकसान हो, उसे ठीक करने की कोशिश करता है। दुर्भाग्य से प्रधान मंत्री ने इनमें से किसी भी गुण के होने के कोई संकेत नहीं दिखाए हैं।

देशव्यापी विरोध के बीच, मोदी सरकार ने 10 जनवरी से प्रभावी नागरिकता संशोधन अधिनियम को अधिसूचित किया है। नरेंद्र मोदी के इस कदम से यह स्पष्ट होता है कि उनके पास लोगों की इच्छा का कोई सम्मान नहीं है और वे भारत के नागरिकों से मुठभेड़ करने के लिए तैयार हैं। भगवा एजेंडे को आगे बढ़ाने का उनका संकल्प इतना दृढ़ और महत्वपूर्ण है कि वह देश के लोगों का विरोध सहने के लिए भी तैयार हैं। मोदी सरकार का यह निर्णय स्पष्ट करता है कि उसके बारे में जो आशंका थी, वह सही है।

यह अधिसूचना स्पष्ट करती है कि 10 जनवरी से, कम से कम कानूनी रूप से, समुदायों के अवैध अप्रवासी - मुस्लिमों को छोड़कर - नए अधिनियम के तहत भारतीय नागरिकता के लिए आवेदन कर सकते हैं। महीने के लंबे आंदोलन के दौरान कम से कम 25 लोग मारे गए हैं। विडंबना यह है कि कुछ मौतों को छोड़कर, सरकार और उसके लोग यह कहने का साहस करने में डरते रहे हैं कि ये लोग पुलिस द्वारा मारे गए थे। जो सबसे ज्यादा आपत्तिजनक है, वह यह है कि पुलिस को लोगों को अपना फासीवादी चेहरा दिखाने में शर्म नहीं आई।

पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से हिंदू, जैन, सिख, पारसी, ईसाई और बौद्ध समुदायों से संबंधित अवैध अप्रवासियों को भारत की नागरिकता देने वाले अधिनियम का कई राज्य सरकारों द्वारा विरोध किया गया है। गृह मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव, अनिल मलिक द्वारा आधिकारिक गजट में एक अधिसूचना में कहा गया है, ÷नागरिकता (संशोधन) अधिनियम, 2019 (2019 का 47) की धारा 1 की उप-धारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में।), केंद्र सरकार ने जनवरी, 2020 के 10 वें दिन को तय किया है, जिस दिन उक्त अधिनियम के प्रावधान लागू होंगे।'' अगर सूत्रों की माने तो केंद्रीय गृह मंत्रालय सुप्रीम कोर्ट के मूड को देख रहा है, जो 22 जनवरी को इस अधिनियम को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करने को तैयार है और इस दिन के बाद सरकार सीएए के लिए नियमों को अधिसूचित करना पसंद

करेगी। नियमों में जगह के बिना, आवश्यक अधिकारियों की पहचान करना और प्रक्रियाओं को व्यवस्थित करना संभव नहीं है। अब तक यह सूचित करना व्यावहारिक नहीं होगा कि यह अधिनियम स्पष्ट नहीं है क्योंकि मोदी की दावेदारी के बावजूद बड़ी संख्या में मुसलमान इस धारणा को गलत ठहरा देंगे कि एक गलत धारणा थी।

जबकि मोदी लगातार इस बात से इनकार करते रहे हैं, यह समझ से परे है कि वह उस अधिनियम को लागू करने के लिए अड़े हुए हैं जिसने विश्वसनीयता खो दी है और संदेह के साथ देखा जा रहा है। हालांकि मोदी-शाह के गठजोड़ ने बड़े पैमाने पर अभियान शुरू किया है लेकिन यह तथ्य अभी तक कायम है कि अब तक भाजपा नेतृत्व द्वारा मुसलमानों के साथ बातचीत करने का कोई प्रयास नहीं किया गया है। राष्ट्र संकट में है। भाजपा और मोदी सरकार द्वारा कई कानूनों, निर्णयों और कार्रवाई के माध्यम से किया गया ध्रुवीकरण देश को बुरी तरह से विभाजित कर रहा है। स्वतंत्र भारत पहली बार सीधा विभाजन देख रहा है और लोगों और राजनीति के बीच टकराव भी हो रहे हैं।

देश के राजनीतिक क्षितिज पर उभरता परिदृश्य भयावह है। शिक्षा का माहौल पूरी तरह से बर्बाद हो जाएगा। राजनेताओं और चाटुकार नौकरशाहों के इशारे पर सांप्रदायिक रूप से पुलिस जिस तरह से काम कर रही है, वह काफी निराशाजनक है। सरकार के निर्देश पर छात्रों के भविष्य को गर्गाद किया जा रहा है। उन्हें जानबूझकर झूठे मामलों में फंसाने का काम किया जा रहा है।

मोदी सरकार इस स्थिति के निर्माण से बच सकती थी। लेकिन दुर्भाग्य से शासकों के लिए ये छात्र उनके दुश्मन हैं। उनके इस कदम से महान विचारक चाणक्य अप्रासंगिक हो गए। अधिनियम के खिलाफदेश भर में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन की पृष्ठभूमि में अधिसूचना आई है और आशंका व्यक्त की जा रही है कि भविष्य में यह आंदोलन और उग्र हो सकता है। यह उम्मीद की जाती है कि नियमों को निर्दिष्ट करने के बाद लोगों को विरोध की प्रकृति को रेखांकित करने के लिए किस तरह के दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे। सुप्रीम कोर्ट द्वारा एक जनहित याचिका पर आश्चर्य व्यक्त करने के एक दिन बाद यह अधिसूचना आई, जिसमें सुप्रीम कोर्ट से याचना की गई थी कि वह घोषणा करे कि वह अधिनियम 'संवैधानिक रूप से मान्य'' है। भाजपा नेता और उसके कैडर मोदी को एक राजनेता के रूप में प्रचारित करते हैं। वे ऐसा मान सकते हैं। लेकिन तथ्य यह है कि एक राजनेता वह है जो स्वीकार करता है कि उसने कोई गलती की है और इससे पहले कि उसे कोई और नुकसान हो, उसे ठीक करने की कोशिश करता है। दुर्भाग्य से प्रधान मंत्री ने इनमें से किसी भी गुण के होने के कोई संकेत नहीं दिखाए हैं। इसके विपरीत उनकी शैली आत्ममुग्धता की रही है। - *(संवाद)*

पाठकों की बात | पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

तिल सम जीवन कीजिये

तिल सम जीवन कीजिये, हरिये कष्ट-विकार। 'भवि' ग़रीब के आप भी, शुभ करिए त्यौहार।। मकर राशि में रवि चले, चाँद हुआ रमणीक। आए 'भवि' मधुमास में, युवा-युगल नज़दीक।। भुवनभास्कर अब यहाँ, लाएँ नवल प्रकाश। कुहरे ग़म के अब छटें, दुख का हो अवकाश।।

- **शुचि 'भवि'**

बड़ा आदमी वो नहीं

बड़ा आदमी वो नहीं होता जो उम्र से बड़ा होता है बड़ा आदमी वो होता है जो छोटो के दिल में खुद के लिए सम्मान बना पाए बड़ा आदमी वो भी नहीं होता जो पैसों से बड़ा होता है बड़ा आदमी वो होता है जो किसी का दिल न दुखाए।

- **सुनीता बिंदल**

ख़ास पाती | किसी को चाहना गुनाह नहीं

किसी को चाहना कोई गुनाह नहीं चाहत बिना जिंदगी में उत्साह नहीं हम उन्हें करते बेइन्तहां मोहब्बत जिन्हें हमसे कतई कोई चाह नहीं खुद से अधिक हमें उनकी फिक्र जिन्हें हमारी कोई , परवाह नहीं हमारे कदम उन कंटक बीहड़ों में जहां पहले से बनी कोई राह नहीं कामना कीजिये मेरे प्रेमी साथियों मैं आबाद होऊंगा तबाह नहीं ज़िद है कि मैं उन्हें बेनकाब करूँ फरेबियों को मिले कहीं पनाह नहीं मेहनतकश खटते सुबह से देरशाम मिलती वाजिब कभी तनख़ाह नहीं मेहनत ही पूजा मेहनत ही नमाज गरीबों के कोई ईश्वर अल्लाह् नहीं। - **परमेश्वर वैष्णव**

ख़्वाहिशों के शहर में

लतरी की तरह पसरना और लिपट कर मुझसे झाड़ देना मेरे मन के उदासियों के दीमक और पढ़ना मेरे आँखों की अभिव्यक्ति और फिर ले लेना मुझे अपने आलिंगन में ताकि हम दोनों पढ़ सके स्पर्श के अनुवाद मेरे मन में तरंगित कर देना वीणा सी मधुर ध्वनि , फिर देखना तुम मेरे चेहरे को और बिन लेना अपनी आँखों से मेरी आँखों के अहकते अरमां ताकि तुम्हारा सानिध्य पाकर नीले आकाश तले खिल उठे ठूंठ मन पर कोई फूल पूरी तरह!

- **आकाश कुशवाहा**

मुहब्बत में जुदाई का अलग अंजाम

मुहब्बत में जुदाई का अलग अंजाम होता है। मुहब्बत को निभाने वाला ही बदनाम होता है। मुझे अच्छी नहीं लगती है आईने में सूरत अब तुम्हें जब देख लेती हूँ तो मेरा काम होता है ।

- **जया पाटिल**

आज के बच्चे बड़े अलग हैं

आज के बच्चे बड़े अलग हैं आज के बच्चे पढ़े अलग हैं अपने झँझट और थे यारो इनके झगड़े बड़े अलग हैं हमसब तो मिलकर रहते थे आज ये लेकिन पड़े अलग हैं यह तो सारा जग है जाने बने सभी हम अलग-अलग हैं मात-पिता गुरु-शिष्य जगत को छोड़-छाड़ कर खड़े अलग हैं लेकिन इनके.... तौर-तरीक़े हम सबसे तो... बड़े अलग हैं। **जे डी कुदाल**

देह से निकलती औरत देह से आगे

देह से निकलती औरत कभी देह से आगे निकल नही पाती है हर झेत्र,हर मुकाम पर पहुंचती औरत को अपनी देह में जाकर सिमट जाती है देह को कितना उघाड़ना कितना खोलना वो खुद तय नही करती समाज से अपनो से खुद से अपनी देह को लेकर एक ख़ौफमें हमेशा रहती है औरत अपने देह से कभी निकल नही पाती है।

-**प्रीति श्रीवास्तव**

इसी लिए प्राईवेट सेक्टर पर विश्वास अधिक

शनिवार-रविवार छुट्टी रहती है फिर राजनैतिक लाभ के लिए सभी त्योहारों पर छुट्टी कर देने से लोगो के काम प्रभावित होते हैं और कर्मचारियों पर बोझ बढ़ता है ऊपर से हड़ताल और कंडोलेंस की मार आम आदमी ही झेलता है।। इसी लिए प्राईवेट सेक्टर पर विश्वास लोगो का अधिक है।। - **पंकज मिश्रा**

वो निडर है वो जिधर है वो मुखर है

वो निडर है वो जिधर है वो मुखर है उसे खबर है कि वो सत्य है । वो अडिग है वो सजग है वो स्पष्ट है वो स्वतंत्र है क्योंकि वो सत्य है । वो दयालु है वो आस्तिक है वो पथिक है वो भीड़ का हिस्सा है पर वो अकेला है क्योंकि वो सत्यनिष्ठ है एक सत्यनिष्ठ की आत्मकथा । -**पूनम झा**

लघु कथा- रोटी की खुश़बू

एक बार एक बादशाह ने ने अपने सभी दरबारियों से पूछा कि किस इत्र की खुशबू सबसे अच्छी होती है। हर किसी दरबारी ने अपनी पसंद के अनुसार इत्र का नाम बताना शुरू किया। इस पर बादशाह ने वजीरे आज़म को बुलाकर कहा इन सभी इत्र की खुशबुओं में कौन सा इत्र सबसे खुशबूदार है यह पता करो। इस पर वजीर ने कहा मुझे कुछ थोड़ा वक्त चाहिए। बादशाह ने कहा ठीक है आपको यह पता करने के लिए दो दिन का वक्त दिया जाता है ।दूसरे दिन बादशाह शिकार पर निकले और रास्ता भटक गए दरअसल यह एक सोची समझी चाल थी जो कि वजीर ने रची थी। बादशाह के सभी सिपाही बादशाह से अलग हो गए गए और बादशाह भूखे प्यासे जंगल में भटकने लगे ।तभी उन्होंने जंगल में एक भीलनी को रोटी सेंकते हुए देखा।उसकी खुशबू से अपने आप को रोक ना पाए और खिंचे चले गए। बादशाह को देखकर भीलनी घबराई ।बादशाह ने कहा घबराने की कोई जरूरत नहीं है । मैं तो भूख के मारे परेशान हूँ क्या तुम मुझे एक रोटी खाने को दे सकती हो ? भीलनी बोली क्या आप मेरे हाथ की रोटी खा सकेंगे? मुझे क्यों पाप लगाते हैं ।मैं इस लायक नहीं कि आपको अपना खाना खिला सकूँ। फिर भी बादशाह ने कहा मैं कुछ नहीं जानता मुझे बहुत भूख लगी है ।तुम मुझे अपनी रोटी दो मैं खाना चाहता हूं। भीलनी ने उन्हें रोटी दे दी बादशाह ने रोटी खाकर भीलनी के लोटे से से पानी पिया और उसका शुक्रिया अदा किया। इनाम के तौर पर अपने गले में पड़ा हार उतार कर उसे दे दिया। इस दौरान वजीर अपने सिपाहियों के साथ बादशाह को ढूँढता हुआ वहां आ गया ।और उसने कहा कि जहाँपनाह कल आपने मुझे यह पता करने के लिए कहा था कौन सी खुशबू सबसे अच्छी है।

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1584- मध्य यूरोपीय देश बोहेमिया ने ग्रेगोरियन कैलेंडर अपनाया। 1595- फ्रांस के राजा हेनरी चतुर्थ ने स्पेन के खिलाफयुद्ध की घोषणा की। 1601- मुगल बादशाह अकबर ने असीरगढ़ के अभेद किले में प्रवेश किया। 1601- फ्रांस ने स्पेन के साथ समझौता किया। 1757- जर्मनी ने प्रशिया के खिलाफ युद्ध की घोषणा की। 1852- ब्रिटेन ने दक्षिण अफ्रीका के ट्रांसवाल की स्वतंत्रता को मान्यता दी। 1863- अमेरिकी राज्य वर्जीनिया में गृह युद्ध। 1895- फ्रांसीसी राष्ट्रपति कैसिमिर पेरियर ने इस्तीफा दिया। 1913- रेमंड प्वाइनकेयर फ्रांस के राष्ट्रपति चुने गये। 1941- स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस कलकत्ता से जर्मनी के लिए रवाना। 1945- सोवियत संघ की सेना जर्मनी के वर्साय पहुंची।

न्यूज गैलरी

मतदाता दिवस

दुर्ग। राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन 25 जनवरी को किया जाएगा। इस अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन बीआईटी कॉलेज के ऑडिटोरियम में प्रातः 11 बजे से किया जाएगा। मतदाता दिवस पर पंच वाक्य (थीम), इलेक्ट्रोल, लेट्रेसी फॉर स्ट्रांगर डेमोक्रेसी निर्धारित किया है। मतदाता दिवस का आयोजन सभी मतदान केंद्रों एवं तहसील मुख्यालयों में भी किया जाएगा।

मनाया जन्मदिन

भिलाई.3। बसपा सुप्रीमो बहन मायावती के 64वें जन्मदिवस पर 15 जनवरी को अहिवारा के बसपाईयों ने जन कल्याण दिवस के रुप में मनाते हुए हर वर्ष की तरह इस वर्ष हनुमान मंदिर.चरौदा के प्रांगण में भिक्षुओ व गरीबों को गर्म कपड़े स्वेटर शाल का वितरण किए एवं सुपेला स्थित मूकबधिर छात्रों को पौष्टिक भोजन करवाए। साथ में उन्हें आत्मीयता प्रदान करने बसपा नेतागण स्वयं भी भोजन किए। इस अवसर पर बसपा नेता दीपक चंद्राकर, संतोष उर्मिला बंजारे, संतराम भारती, लोकेश रंगारी, अरुण लिंगायत सहित दर्जनों बसपा नेता उपस्थित थे।

समिति की बैठक 5 फरवरी को

दुर्ग। जिला स्तरीय परामर्श दात्री समिति की बैठक 17 जनवरी को आयोजित किया गया था जिसे अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया गया है। अब यह बैठक 5 फरवरी को दोपहर 2 बजे से कलेक्टोरेट सभा कक्ष में आयोजित की जाएगी।

गुरु घासीदास ने दिखाई समतामूलक समाज की राह : मंत्री

राज्य स्तरीय गुरु घासीदास लोककला महोत्सव का शुभारंभ

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। राज्य स्तरीय गुरु घासीदास लोक कला महोत्सव का आज भिलाई 3 स्थित मंगल भवन में शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अनुसूचित जाति जनजाति मंत्री प्रेमसाय सिंह ने शुभारंभ करते हुए कहा कि बाबा गुरु घासीदास ने मनखे मनखे एक समान का संदेश देकर समता मूलक समाज का संदेश दिया है। बाबा जी ने सत्य अहिंसा का संदेश देकर सभी जीवों के प्रति प्रेम करुणा का उपदेश दिया है। उन्होंने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ की पावन धरती में अनेक संत महात्माओं ने जन्म लिया है। इनमे गुरु घासीदास सर्वोपरि है जिन्होंने समूचे समाज को एक सूत्र में बांधने और ऊंच नीच के भेद को मिटाने का संदेश दिया। मंत्री श्री टेकाम ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार बाबा जी के संदेश को आगे बढ़ाने की दिशा में गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ के माध्यम से काम कर रही है। सरकार राज्य की कला संस्कृति को बढ़ावा देने का काम कर रही है। अनुसूचित जाति जनजाति के लोगों की हितों के संवर्धन के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित कर रही है। इन वर्ग के युवाओं और विद्यार्थियों को सुविधा मुहैया करा रही है जिससे इनका सही विकास हो सके। मंत्री श्री टेकाम ने लोगो को आहवान करते हुए कहा कि सभी बाबा जी के संदेश को आत्मसात कर अपने जीवन में उतारकर अपना जीवन सिद्ध करे। डोंगरगढ़ विधायक भुवनेश्वर सिंह बघेल ने कहा कि पंथी नृत्य के माध्यम से गुरु घासीदास के संदेश को सुनने और देखने का मौका मिलता है। इस प्रकार का आयोजन होने से हमे अपनी सांस्कृतिक परम्पराओं को देखने समझने का अवसर मिलता है। इस अवसर पर कलेक्टर अंकित आनंद ने कहा कि गुरु घासीदास लोक कला महोत्सव के माध्यम से पंथी के बारीकियों को समझने का मौका मिलेगा। जिला प्रशासन इसे बेहतर ढंग से आयोजन करने संकल्पित है।

दो दिवसीय राज्य स्तरीय महोत्सव का शुभारंभ हुआ। महोत्सव में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आये 30 पंथी नर्तक दलों के बीच प्रतियोगिता होगी। समापन दिवस पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 17 जनवरी को पुरस्कृत करेगें। संस्कृति विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा महोत्सव का आयोजन है। इसके पूर्व राज्य सरकार द्वारा राज्य की संस्कृति को सहेजने के उद्देश्य से आदिवासी महोत्सव युवा महोत्सव का आयोजन रायपुर में कर चुके है। पंथी नृत्य दलों की गति देख चकित रह गए दर्शक -प्रतियोगिता के शुभारंभ के अवसर पर विभिन्न पंथी दलों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया उनकी गति और नृत्य के हुनर को देखकर दर्शक मुग्ध हो गए। देर तक मंत्रमुग्ध दर्शक छत्तीसगढ़ी संस्कृति की इस अनमोल विधा को देखते रहे और नृतक दलों की हौसला अफ्जाई करते रहे। दर्शकों ने छत्तीसगढ़ी संस्कृति को आगे लाने के लिए आयोजित लोककला महोत्सव के आयोजन के लिए प्रसन्नता व्यक्त की और कहा कि ऐसे आयोजनों से छग की सांस्कृतिक प्रतिभाओं को बढ़ावा मिलेगा।

जल्द होगा चयन

दुर्ग (नवप्रदेश)। जामा मस्जिद इंतेजामिया कमेटी के मुतवल्ली का चयन जल्द किया जाना है। आम सहमति से होने वाले मुतवल्ली चयन के लिए जमातियों की लिस्ट बनाई जा रही है। शहरभर के जमातियों का प्रतिनिधित्व करने वाली जामा मस्जिद के मुतवल्ली चयन प्रक्रिया में शहरभर के जमाती हिस्सा ले सकेंगे। इसके लिए वोटर लिस्ट बनाई जा रही है। अवाम से अपने आधार कार्ड और मोबाईल नंबर के साथ जामा मस्जिद कार्यालय में वक्फ बोर्ड द्वारा अधिकृत सदस्यों कदीर खान, निसार अहमद, हसनैन चौहान, इसराफील खान और शेख इलियास से संपर्क कर लिस्ट में अपना नाम शामिल कराने की गुजारिश की गई है। लिस्ट बनाने की प्रक्रिया 15 दिन के भीतर पूरी की जानी है।

अधिवक्ताओं ने फैमिली कोर्ट के सामने की नारेबाजी

रैली में शामिल हुए सांसद बघेल ने अधिवक्ताओं को सहयोग का दिया भरोसा

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। जिला न्यायालय परिसर से फैमिली कोर्ट को 3 किलोमीटर दूर सिविल लाईन में स्थानांतरित करने का विरोध बढ़ता ही जा रहा है। तीसरे दिन अधिवक्ताओं के अनिश्चितकालीन हड़ताल को दुर्ग सांसद विजय बघेल ने समर्थन दिया और उनकी रैली में शामिल होकर अधिवक्ताओं को हरसंभव सहयोग करने का भरोसा दिलाया गया। यह रैली जिला न्यायालय से प्रारंभ होकर पटेल चौक, गांधी प्रतिमा चौक, उतई टेम्पो स्टैंड चौक, सुराना कॉलेज होते हुए फैमिली कोर्ट के नए भवन सिविल लाईन पहुंची। यहां अधिवक्ताओं द्वारा विरोध में जमकर नारेबाजी कर फैमिली कोर्ट के स्थानांतरण पर आक्रोश जताया गया। इस दौरान अधिवक्ताओं के प्रतिनिधि मंडल ने फैमिली कोर्ट की जज नीरु सिंह मुलाकात कर अपनी समस्या व मांगों से अवगत कराया, लेकिन सार्थक परिणाम सामने नहीं आने से हड़ताली अधिवक्ता फिर नारेबाजी करते हुए वापस जिला न्यायालय परिसर लौट आए। जिला अधिवक्ता संघ के बैनरतले जारी अनिश्चितकालीन हड़ताल के तीसरे दिन भी अधिवक्ता अपनी मांगों को लेकर काफी मुखर रहे। अधिवक्ताओं ने कहा कि फैमिली कोर्ट का स्थानांतरण जब तक वापस नही होगा। उनका यह आंदोलन शांतिपूर्ण ढंग से जारी रहेगा। हड़ताल को नगर निगम के पार्षद शिवेन्द्र सिंह परिहार ने भी समर्थन दिया है। उन्होने कहा कि अधिवक्ताओं की मांगे जायज है। यह अब केवल अधिवक्ताओं की लड़ाई ही नही रह गई। जनता भी अधिवक्ताओं के आंदोलन में हर कदम में साथ है। इसके अलावा अन्य राजनीतिक पार्टियों व सामाजिक संगठनों के कार्यकर्त्ता भी हड़ताल को समर्थन देने सभा में पहुंचे थे। सभा में अधिवक्ताओं ने 17 जनवरी को बिलासपुर हाईकोर्ट जाने के संबंध में भी रणनीति बनाई। हड़ताली अधिवक्ता हाईकोर्ट में चीफ जस्टिस से मुलाकात कर फैमिली कोर्ट स्थानांतरण के मुद्दे की शिकायत करेंगे। इसके अलावा उन्होने सभा में फैमिली कोर्ट के स्थानांतरण के मुद्दे को हाईकोर्ट को अवगत कराने का निर्णय भी लिया है। हड़ताली अधिवक्ता 17 को हाईकोर्ट बिलासपुर जाएंगे। हड़ताल में जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष गुलाब पटेल, सचिव रविशंकर सिंह, उपाध्यक्ष प्रकाश धन्ढोरे, महिला उपाध्यक्ष पूजा मोंगरी, कोषाध्यक्ष संतोष देवांगन, सह सचिव किशोर यादव ,रविशंकर मानिकपुरी, आशीष सूर्यवंशी, किरण गुप्ता, अजय शर्मा, आलोक सारस्वत अमर जैन, विजय सोनकर, बजरंग श्रीवास्तव, दानिश परवेज, रामकली यादव के अलावा बड़ी संख्या में अधिवक्ता शामिल हुए।

महिला मंडल ने स्थापना दिवस हर्षोल्लास से मनाया

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रमण संघ की महिला शाखा श्रमण संघ महिला मंडल का पहला स्थापना दिवस आनंद मधुकर रतन भवन बांधा तालाब में हर्षोल्लास के वातावरण में मनाया। कार्यक्रम के प्रारंभ में नवकार मंत्र नवकार महामंत्र की स्तुति के साथ जप अनुष्ठान किया। जिसमें श्रमण संघ महिला मंडल की सदस्यों ने हिस्सा लिया। प्रत्येक बुधवार को श्रमण संघ महिला मंडल की धार्मिक संस्कारशाला नियमित रूप से प्रारंभ है। गत चातुर्मास साध्वी प्रियदर्शना, रत्न ज्योति, डॉ. विचक्षण, अर्पिता के प्रेरणा एवं आशीर्वाद से जैन समाज का महिला वर्ग धर्म ध्यान जब तप एवं धार्मिक एवं मानव सेवी कल्याणकारी कार्य में नियमित रूप से सेवाएं दी जा रही है श्रमण संघ महिला मंडल की अध्यक्ष सरिता श्रीमाल के नेतृत्व में श्रमण संघ महिला मंडल धर्म ध्यान के क्षेत्र में आगे बढ़ रहा हैं। इस कार्य को आगे बढ़ाने में सपना संचेती चंदा रुनवाल, रोमा पारख, रुचिका बाघमार, आरती पारख, माया सुराणा, नम्रता काकरिया का विशेष सहयोग प्राप्त हो रहा हैं।

विद्युत विभाग ने 34 की लाइन काटी

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूषन कंपनी लिमिटेड द्वारा बकायेदार उपभोक्ताओं से बकाया राजस्व वसूली के लिए चलाये जा रहे अभियान के तहत सुपेला जोन में प्रभारी कार्यपालक निदेषक संजय पटेल एवं अधीक्षण अभियंता नगर वृत्त एसआर बांधे के निर्देशानुसार बकायादार उपभोक्ताओं से बकाया राजस्व वसूली हेतु 15 जनवरी 2020 को एकदिवसीय सघन अभियान चलाया गया। अभियान के तहत कार्यपालन अभियंता आरके चन्द्राकर एवं उनकी टीम द्वारा की गई कार्यवाही में 58 बकायेदारों से 08 लाख 23 हजार की वसूली की गई। बार.बार समझाइस देने के बावजूद बिजली बिल जमा नहीं करने वाले 34 बकायेदार उपभोक्ताओं की लाइन विच्छेदित कर दी गई। श्री बांधे ने उपभोक्ताओं को आगाह करते हुए कहा है कि बिना बकाया राषि जमा किए पास.पड़ोस अथवा खंभे से हुकिंग कर बिजली का प्रयोग ना करें अन्यथा उनके विरुद्ध धारा 138 एवं धारा 135 के अंतर्गत कठोर कार्यवाही की जाऐगी। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं द्वारा अगर समय पर बिल का भुगतान नहीं किया गया तो उनके विद्युत कनेक्शन काट दिये जाएंगे, जिससे उपभोक्ताओं को ही परेशानी उठानी पड़ेगी। विद्युत विच्छेदन की प्रक्रिया निरंतर जारी रहेगी।

वेलडेक्स शेड सिविक सेन्टर में आज से व्यापार महोत्सव

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाईनगर। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज द्वारा 17 से 20 जनवरी तक व्यापार महोत्सव 2020 का आयोजन किया जा रहा है। मध्य भारत के इस सबसे बड़े व्यापार महोत्सव का आयोजन इस्पात नगरी के सिविक सेंटर स्थित वेलडेक्स शेड में किया जा रहा है। आयोजन के तहत व्यापार संबंधी समस्याओं पर चर्चा हेतु तीन दिवसीय कार्यशाला का भी आयोजन किया जा रहा है। साथ ही साथ आयोजन में मुख्य आकर्षण के तौर पर अंतर्राष्ट्रीय मोटिवेशनल स्पीकर डॉ. उज्जवल पाटनी एवं टिकटॉक स्टार एवं कपिल शर्मा शो फेम चिंकी.मिंकी भी शामिल हो रहे हैं। 4 दिवसीय यह व्यापार महोत्सव पूरी तरह से निः शुल्क है जिसका लोग पूरी तरह से लाभ उठा सकते हैं। आयोजन संबंधी जानकारी देते हुए कार्यक्रम संयोजक अजय भसीन ने बताया किए भिलाई चेम्बर द्वारा दूसरी बार वृहद रूप से व्यापार महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें 130 से ज्यादा स्टाल्स लगाए जा रहे हैं। जिसमें लाइफ स्टाइल, इलेक्ट्रानिक्स, ऑटोमोबाइल, फूड जोन, रियल इस्टेट, सर्विस सेक्टर सहित सभी वर्ग के प्रतिष्ठान अपने.अपने उत्पादों का प्रदर्शन व विक्रय करेंगे। भसीन ने बताया किए मंदी के दौर में व्यापारियों का उत्साहवर्धन करने एवं व्यापार को बढ़ावा देने के लिए इस 4 दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया किए इस आयोजन को लेकर पिछले दो माह से तैयारी की जा रही थी जो अपने अंतिम चरण पर है। कार्यक्रम को लेकर क्षेत्र के व्यापारियों में जोरदार उत्साह देखा जा रहा है।

कार्यालय, नगर पालिक निगम
जोन क्र. 7, रायपुर
मंगलम काम्पलेक्स, अग्रसेन चौक के पास, रायपुर (छ.ग.)

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //

नामांतरण प्र.क्र. 408/2019-2020
वार्ड का नाम- स्वामी आत्मानंद-15

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि स्वामी आत्मानंद वार्ड स्थित मकान/ भूमि/ 15/715 (25 धाड़ीवाल कॉम्पलेक्स) जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती कांता देवी खण्डेलवाल पति भोलाशंकर खण्डेलवाल के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती भोलाशंकर खण्डेलवाल पिता स्व. रामेश्वर खण्डेलवाल ने मृत्यु प्रमाणपत्र/ सहमति पत्र/ शपथ पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जाने। **जोन कमिश्नर**
जोन क्र.-07
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार मार्री बगला देवरी जिला बालोद छ.ग.

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण ग्रामवासी ग्राम हरदी प.ह.नं. 6 तहसील डौंडीलोहारा जिला बालोद को सूचना प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक ऋषि कुमार आ. कुशाल राम जाति तेली निवासी हरदी तहसील डौण्डीलोहारा जिला बालोद ने फुलेश्वरी आ./पति भुखऊ की मृत्यु/जन्म दिनांक 14/10/1967 को हो जाने तथा जन्म/मृत्यु पंजीयन नहीं होने से जन्म/ मृत्यु पंजीयन कर मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदाय किए जाने आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतएव आवेदक को उपरोक्त वर्णित व्यक्ति का जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र जारी कर प्रदाय किए जाने में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को आपत्ति हो तो वे सुनवाई दिनांक 31/01/2020 तक मेरे समक्ष न्यायालय स्वतः या अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं नियत दिनांक के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 15/01/2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर से जारी किया गया।

सील **नायब तहसीलदार**
उपतहसील मार्री बंगला देवरी
जिला बालोद (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार मार्री बगला देवरी जिला बालोद छ.ग.

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण ग्रामवासी ग्राम हरदी प.ह.नं. 6 तहसील डौंडीलोहारा जिला बालोद को सूचना प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक ऋषि कुमार आ. कुशाल जाति तेली निवासी हरदी तहसील डौण्डीलोहारा जिला बालोद ने मुकेश कुमार आ./पति कुशाल राम की मृत्यु/जन्म दिनांक 14/11/1990 को हो जाने तथा जन्म/मृत्यु पंजीयन नहीं होने से जन्म/ मृत्यु पंजीयन कर मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदाय किए जाने आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतएव आवेदक को उपरोक्त वर्णित व्यक्ति का जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र जारी कर प्रदाय किए जाने में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को आपत्ति हो तो वे सुनवाई दिनांक 31/01/2020 तक मेरे समक्ष न्यायालय स्वतः या अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं नियत दिनांक के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 15/01/2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर से जारी किया गया।

सील **नायब तहसीलदार**
उपतहसील मार्री बंगला देवरी
जिला बालोद (छ.ग.)

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-1, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर
email ID-eocghbzone1@gmail.com

आम सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा कबीर नगर कालोनी रायपुर में निर्मित ईडब्ल्यूएस भवन योजना के अंतर्गत भवनों में से भवनों क्रमांक ईडब्ल्यूएस-26 में श्री तुकेश्वर प्रसाद साहू पिता श्री दयाल दास साहू को भाड़ाक्रय/ पूर्ण मूल्य आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा दिनांक 4.4.2014 को विक्रय विलेख निष्पादित कर लिया गया। आबंटी उक्त भवन के विक्रय हेतु दिनांक 30.07.2018 को निष्पादित विक्रय इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर भवन श्रीमती हुलसी अंगारे पति श्री बलराम सिंग के नाम से निष्पादित को विक्रय करने के लिए विक्रय अनुमति की मांग की है।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/ अर्द्ध शासकीय/ वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/ भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं की जावेंगी।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01
कबीर नगर, रायपुर

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
जोन क्रमांक-3, शंकर नगर पानी टंकी के नीचे,
Email nagarnigamzone3@gmail.com

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //

नामांतरण प्र.क्र. 375/2019-20
वार्ड का नाम- सिविल लाईन-42

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि सिविल लाईन-42 वार्ड स्थित मकान/ भूमि/ 42/ए-67 सूर्या अपार्टमेंट जो कि निगम अभिलेख में श्रीमती राधेश्वरी पाण्डेय w/o यदुनाथ पाण्डेय के नाम से दर्ज है, जिसको श्रीमती यामिनी पाण्डेय w/o संदीप गुप्ता (पिता यदुनाथ पांडेय) रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

दिनांक **जोन आयुक्त**
16/01/2020 **जोन क्रमांक-3**
नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय, नगर पालिक निगम
जोन क्र. 7, रायपुर
मंगलम काम्पलेक्स, अग्रसेन चौक के पास, रायपुर (छ.ग.)

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //

नामांतरण प्र.क्र. 406/2019-2020
वार्ड का नाम- स्वामी आत्मानंद-15

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि स्वामी आत्मानंद वार्ड स्थित मकान/ भूमि/ 15/498 का भाग 24 समता आर्केट जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती अरूण सिंघानिया पिता बिरदीचंद सिंघानिया के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती मनोज कुमार अग्रवाल पिता महावीर प्रसाद अग्रवाल ने मृत्यु प्रमाणपत्र/ सहमति पत्र/ शपथ पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जाने। **जोन कमिश्नर**
जोन क्र.-07
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
जोन क्रमांक-3, शंकर नगर पानी टंकी के नीचे,
Email nagarnigamzone3@gmail.com

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //

नामांतरण प्र.क्र. 374/2019-20
वार्ड का नाम- गुरू गोविंद सिंह-34

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि गुरू गोविंद सिंह-34 वार्ड स्थित मकान/ भूमि/ ज.ग.नं. 1095 जो कि निगम अभिलेख में श्री अरशद खान s/o मुस्तफा खान के नाम से दर्ज है, जिसको श्रीमती आसमा खान w/o अरशद खान रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

दिनांक **जोन आयुक्त**
16/01/2020 **जोन क्रमांक-3**
नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय, नगर पालिक निगम
जोन क्र. 7, रायपुर
मंगलम काम्पलेक्स, अग्रसेन चौक के पास, रायपुर (छ.ग.)

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //

नामांतरण प्र.क्र. 407/2019-2020
वार्ड का नाम- स्वामी आत्मानंद-15

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि स्वामी आत्मानंद वार्ड स्थित मकान/ भूमि/ 15/498 का भाग 26 समता आर्केट जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती अरूण सिंघानिया पिता बिरदीचंद सिंघानिया के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती इतवारी साहू वो रामचन्द्र साहू दोनों पिता छेदीलाल साहू ने मृत्यु प्रमाणपत्र/ सहमति पत्र/ शपथ पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जाने। **जोन कमिश्नर**
जोन क्र.-07
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-2/2019-20

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री टी. नाग राजू पिता श्री टी. डी. मूर्ति निवासी क्वा. नं. 8/बी सड़क 14 सेक्टर 05 भिलाई सिविक सेंटर तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा अपने भूमि स्वामित्व की भूमि ग्राम चरोदा प.ह.न. 57 रा.नि.मं. तहसील पाटन व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 304/55 रकबा 0.011 हें अर्थात 1202 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु पुनः निर्धारण के लिये आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 59 (2) के तहत् प्रस्तुत किया हैं।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा आपत्ति हो तो प्रकरण में नियत दिनांक 30.01.2020 तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 15.01.2020 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया ।

मुहर **अनुविभागीय अधिकारी**
पाटन जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./131/अ-2/2019-20

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री मनोज कुमार पिता श्री धन्नू ध्रुव निवासी जय भारत चौक वार्ड नं. 31 जी. केबिन बी.एम.वाय चरोदा तहसील पाटन जिला दुर्ग के द्वारा अपने भूमि स्वामित्व की भूमि ग्राम सिरसाकला प.ह.न. 02 रा.नि.मं. भिलाई 03 तहसील पाटन व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 412/10 रकबा 0.035 हें अर्थात 3989 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु पुनः निर्धारण के लिये आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 59 (2) के तहत् प्रस्तुत किया हैं।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा आपत्ति हो तो प्रकरण में नियत दिनांक 30.01.2020 तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 15.01.2020 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया ।

मुहर **अनुविभागीय अधिकारी**
पाटन जिला, दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

प्र.क्र./131/अ-2/2019-20

एतद् द्वारा सर्व आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक अभय चरण दास पिता स्व. समनचन्द्र दास निवासी चरोदा तहसील पाटन जिला दुर्ग के द्वारा अपने भूमि स्वामित्व की भूमि ग्राम चरोदा प.ह.न. 57 तहसील पाटन व जिला दुर्ग में स्थित अपने भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 330/24 रकबा 0.206 हें भूमि का वाणिज्यिक प्रयोजन हेतु डायवर्सन किये जाने के लिये आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 172 के तहत् प्रस्तुत किया हैं।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को उजर दावा आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से नियत दिनांक 03.01.2020 को न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकतें हैं। नियत दिनांक के पश्चात् प्राप्त आवेदन कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 15.01.2020 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया ।

मुहर **अनुविभागीय अधिकारी**
पाटन जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्रं./अ-06/वर्ष 2019-20

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक विष्णुराम साहू पिता स्व. हीरालाल साहू निवासी उतई तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम उतई प.ह.नं. 42 स्थित भूमि खसरा नंबर 682, 683/2, 1090/3 रकबा क्रमशः 3.240, 1.350, 0.080 हें तथा ग्राम डुमरडीह प.ह.न. 41 खसरा नं. 62/7, 293, 298, 360/3 रकबा क्रमशः 0.07, 0.13, 0.07, 0.40 हे. तथा ग्राम डुण्डेरा प.ह.न. 41 अ खसरा नं. 656, 1300, 1304/1, 1322, 1348, 1350, 1351 रकबा क्रमशः 0.36, 0.06, 0.066, 0.34, 0.36, 0.19, 0.20 हे. भूमि जो कि आवेदक के पिता हीरालाल साहू पिता जैलाल साहू के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि के भूमिस्वामी हीरालाल पिता जैलाल की मृत्यु दिनांक 18.12.2019 को हो जाने के कारण फौती दर्ज कर विधिक वारिसानों का नाम वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने बाबत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 28.01.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 13.01.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर **नायब तहसीलदार**
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक परमजीत सिंह बिरदी आ. बी.एस. बिरदी साकिन रिसाली द्वारा ग्राम रिसाली प.ह.न. 22 रा.नि.मं. दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 433/30/7 रकबा 0.003 हे. को रजिस्टर्ड बैनामा के माध्यम से संतोष कुमार साहू आ. आत्माराम से क्रय किया है कि नामांतरण किए जाने के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि को आवेदक के नाम पर नामांतरण किए किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 28.01.2020 तक या उसके पुर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 07.01.2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर **अतिरिक्त तहसीलदार**
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./393/अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक उमेश कुमार वर्मा पिता स्व. शंकरलाल वर्मा निवासी ग्राम गोंडपेण्डरी तहसील पाटन जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम बोरसी तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 263/22 रकबा 1210 वर्गफीट भूमि को विक्रेता श्रीमती सुनिता दहिया पति ईश्वर सिंह निवासी ग्राम घासीदास नगर जामुल से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 16.01.2018 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 20.01.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 07.01.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर **तहसीलदार**
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./417/अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मनहरण यादव पिता स्व. मंगलराम यादव निवासी ग्राम महासमुंद तहसील व जिला महासमुंद के द्वारा ग्राम बोरसी तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 44/45 रकबा 0.012 हें. भूमि को विक्रेता बिजेश गोहिल पिता कांतिलाल गोहिल निवासी ग्राम शंकरनगर दुर्ग से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 03.07.2019 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 30.01.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 09.01.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर **तहसीलदार**
दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, प्रक्षेत्र-दुर्ग

//आम सूचना//

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री संदीप कुमार सिंह आ. श्री रघुवीर सिंह निवासी सरकण्डा बिलासपुर (छ.ग.) को छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, प्रक्षेत्र-दुर्ग द्वारा भवन क्रमांक एल.आई.जी.-119, चरोदा भिलाई जिला दुर्ग में आंबटित है। आबंटी श्री संदीप कुमार सिंह के द्वारा भवन का विक्रय पत्रक एवं फ्री-होल्ड निष्पादन पश्चात उक्त भवन को बयनामा रजिस्ट्री के आधार पर श्रीमती संगीता बर्मन पति श्री रामायण बर्मन के नाम विक्रय कर दिया गया है। नवीन क्रेता श्रीमती संगीता बर्मन के द्वारा पंजीकृत दस्तावेज आधार पर उक्त फ्लैट का स्वामित्व मंडल अभिलेख में अपने नाम पर दर्ज करने हेतु आवेदन किया गया है।

अतः उक्त भवन नवीन क्रेता श्रीमती संगीता बर्मन के नाम हस्तान्तरण/नामांतरण पर यदि किसी व्यक्ति, वारिसानों, शासकीय, अर्द्धशासकीय बैक, वृत्तिय निकायों आदि को कोई आपत्ति उजर हो तो ,इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति/दावा इस कार्यालय में कार्यालयीन समय पर उपस्थित होकर मूल दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत कर सकते है। म्याद/ अवधि समाप्त हो जाने के बाद प्राप्त आपत्ति/ दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा एंव नामान्तरण की कार्यवाही करने में मण्डल स्वतंत्र रहेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय के मोहर के साथ आज दिनांक 10.12.2019 को जारी किया गया हैं।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
प्रक्षेत्र- दुर्ग (छ.ग.)

न्यूज गैलरी

वेतन रोका तो फांसी पर झूल गया युवक

महासमुंद। अलग-अलग घटना में दो युवक ने फांसी लगा कर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने बताया कि ग्राम बेमचा निवासी त्रिभुवन सेन पिता रोहित सेन (21) ने फांसी लगा ली। वहीं मौहारीभांठा निवासी शिवप्रसाद साहू पिता येधराम साहू (33) ने बुधवार को 3 बजे अपने घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जाकारी के अुसार शिवप्रसाद खनिज विभाग में चालक था। नियमित वेतन नहीं मिलने से वह कुछ दिनों से परेशान था। इधर, शासकीय वाहन संघ ने खनिज विभाग पर आरोप लगाया है कि खनिज विभाग का बाबू कुछ समय से परेशान कर रहा था और उसका वेतन रोक रखा था।

135 कट्टा धान जब्त

महासमुंद। बागबाहरा पुलिस ने बाघामुड़ा में एक घर से धान जब्त किया है। वहीं धान का अवैध परिवहन करते हुए एक पिकअप को पुलिस ने पकड़ा है। जानकारी के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली कि नवागांव बाघामुड़ा निवासी दिनेश कुमार साहू पिता जैन राम साहू के घर अवैध धान का भंडारण है। सूचना पर पुलिस ने छापामार कार्रवाई करते हुए उसके घर से पुलिस ने 70 कट्टा धान जब्त किया। इसी प्रकार टीम ने मुखबिर की सूचना पर बागबाहरा रोड में घेराबंदी कर एक महिन्द्रा पिकअप सीजी 06 जीएम 0325 से 65 कट्टा धान जब्त किया है। पिकअप चालक ग्राम मोखा निवासी भोजराम पिता सेतराम ध्रुव वाहन में धान भरकर जा रहा था।

विषपान कर युवती ने दी जान

महासमुंद। तेंदूकोना थानांतर्गत ग्राम भीखापाली निवासी भावना साहू ने जहर सेवन कर जान दे दी। जहर सेवन का कारण अज्ञात है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

नशे में कार चलाते पकड़ाया

महासमुंद। 31वां राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत थाना बागबाहरा द्वारा जागरुकता अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान स्विफ्ट डिजायर कार क्रमांक सीजी 04 एचसी 8104 का चालक गोविंद पटेल पिता मनीराम पटेल (30) निवासी सुखरीडबरी को शराब के नशे में वाहन चलाते पाया। पुलिस ने कार जब्त कर चालक के खिलाफ कार्यवाही की है।

पेंशन नहीं मिलने की शिकायत

महासमुंद। मुख्यमंत्री पेंशन योजना 2018 के हितग्राहियों को पेंशन नहीं मिलने की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए नगर पालिका अध्यक्ष प्रकाश चंद्राकर ने पालिका कर्मचारियों से जवाब तलब किया। मामले में कर्मचारियों ने बताया कि नगरीय निकाय क्षेत्रान्तर्गत मुख्यमंत्री पेंशन योजना से कुल 345 हितग्राही लाभान्वित हैं लेकिन माह अक्टूबर 2019 से आज तक आबंटन अप्राप्त है। पालिकाध्यक्ष चंद्राकर ने पत्र जारी कर कलेक्टर से मुख्यमंत्री पेंशन योजना 2018 के लिए आबंटन की मांग की है जिससे गरीब हितग्राहियों को आर्थिक संकट से न जूझना पड़े।

अवैध मदिरा विक्रय पर कार्रवाई

महासमुंद। आदर्श आचार संहित के दौरान 8 जनवरी को खल्लारी थाना क्षेत्र के ग्राम नवागांव में आबकारी उपनिरीक्षक अल्ताफखान, मधुकर श्याम हरित तथा धीरज नायक की संयुक्त टीम ने रामकुमार निषाद के कब्जे से एक सफेद प्लास्टिक बोरी में मध्यप्रदेश राज्य की 35 पाव गोवा व्हिस्की मदिरा प्रत्येक में 180 एमएल, कुल 6.30 लीटर मदिरा जब्त की। आरोपी को आबकारी अधिनियम की धारा 34 (2), 59 (क) 36 के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हें रिमांड में जेल भेजा गया। इस कार्रवाई में आबकारी आरक्षक इरफान अली, लेखराम देशमुख तथा मुख्य आरक्षक शिव कुमार साहू की भूमिका रही।

पुल निर्माण की मांग

महासमुंद। ग्राम पंचायत लोहारडीह से तुमगांव मार्ग बंजारी पुलिया जर्जर होने से आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सबसे अधिक परेशानी विद्यार्थियों को हो रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर कर पुल निर्माण की मांग की है।

पीआईसी गठित

महासमुंद। सोमवार को नपाध्यक्ष प्रकाश चंद्राकर ने प्रेसिडेंट इन कौंसिल के गठन हेतु सात निर्वाचित पार्षदों को सदस्य मनोनीत किया। पालिका अध्यक्ष श्री चंद्राकर ने फिलहाल विभागों का बंटवारा नहीं किया है। मनोनीत पीआईसी मेंबर वार्ड तीन कृष्णकुमार चंद्राकर उपाध्यक्ष, वार्ड छह बबलू हरपाल, वार्ड 25 संदीप घोष, वार्ड 23 राजेंद्र चंद्राकर, वार्ड 9 श्रीमती माधवी सिक्का, वार्ड 26 मनीष शर्मा, वार्ड 10 पार्षद देवीचंद राठी को बनाया गया है। इस दौरान पालिकाध्यक्ष श्री चंद्राकर ने कहा कि पार्षदों को उनकी योग्यता के आधार पर ही विभागों का बंटवारा किया जाएगा।

प्रत्येक बुधवार को बनाया जा रहा दिव्यांगजन विशिष्ट पहचान पत्र

महासमुंद। दिव्यांगजनों का दिव्यांगता प्रमाण पत्र प्रमाणीकरण एवं यूडीआईडी दिव्यांगजन विशिष्ट पहचान पत्र जिला चिकित्सालय महासमुंद में प्रत्येक बुधवार शासकीय अवकाश को छोड़कर प्रातः 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित जिला मेडिकल बोर्ड में बनाया जा रहा है। कोई भी दिव्यांगजन अपना आधार कार्ड अथवा अन्य पहचान प्रमाण पत्र, 02 फोटो दिव्यांगता दिखता हुआ लाकर नया दिव्यांगता प्रमाण पत्र, नवीनीकरण एवं यूडीआईडी बना सकते हैं।

एक भारत श्रेष्ठ भारत के अंतर्गत गुजराती शिक्षण का आयोजन

नवप्रदेश संवाददाता

राजनांदगांव। 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' अभियान के अंतर्गत राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान के तात्वाधान में शासकीय कमलादेवी राठी स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय में छत्तीसगढ़ राज्य के जोड़ीदार राज्य गुजरात की संस्कृति एवं परंपराओं से महाविद्यालय की छात्राओं को अवगत कराने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा हैं। इसके अंतर्गत सर्वप्रथम महाविद्यालय में 13 जनवरी 2020 को सूचना पटल का अनावरण किया गया, जिसका उद्देश्य महाविद्यालय में 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' अभियान के अंतर्गत आयोजित होने वाली उक्त गतिविधियों की सूचनाओं को छात्राओं के बीच प्रसारित करना तथा गतिविधियों के परिणामों का प्रचार-प्रसार करना हैं। सूचना पटल का अनावरण महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुमन सिंह बघेल द्वारा किया गया। इस अवसर पर 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' कार्यक्रम संचालन समिति के सभी सदस्यगण विशेष रूप से उपस्थित रहें। जोड़ीदार राज्य गुजरात की राज्यभाषा गुजराती का ज्ञान महाविद्यालय की छात्राओं को प्रदान करने के उद्देश से अतिरिक्त कक्षाओं का आयोजन महाविद्यालय में 13 एवं 14 जनवरी 2020 को किया गया। इन कक्षाओं में लगभग 150 छात्राओं ने गुजराती भाषा की लिपि एवं भाषा की सामान्य जानकारियां प्राप्त की। गुजराती भाषा की विशेषज्ञ श्रीमती धारा रायचा द्वारा गुजराती भाषा के तकनीकियों से छात्राओं को अवगत कराया गया। शिक्षण के दौरान गुजराती वर्णमाला, आम बोल-चाल के शब्दों तथा सामान्य वाक्यों को सरल माध्यम से सिखाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ 13 जनवरी 2020 प्रातः 11 बजे महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में प्राचार्य डॉ. I सुमन सिंह बघेल द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डा. बघेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' कार्यक्रम महाविद्यालय की छात्राओं के लिए एक सुनहरा अवसर हैं, जबकि वे जोड़ीदार राज्य गुजरात की संस्कृति, रहन-सहन, खानपान एवं रीति-रिवाजों से परिचय प्राप्त कर सकती हैं।

सत्रह हजार से ज्यादा कृषकों के आवेदन अब तक लंबित: वैष्णव

नवप्रदेश संवाददाता

कवर्धा। किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष विजय वैष्णव ने जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि पुरे छत्तीसगढ में 17000 से ज्यादा किसानो के आवेदन लंबित पडे हुए है। उन्होने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि विभिन्न केन्द्र प्रवर्तित एवं राज्य पोषित योजनाओ के अंतर्गत षाकम्भरी योजना एग्रीकल्चर मैकेनिजेषन, सबमिषन, सी.ओ.एम.पी.-3 के आवेदन एक वर्ष से अधिक समय से कबीरधाम जिला के 989 कृषकों का एवं पूरे छत्तीसगढ़ में 17569 कृषकों का आवेदन लंबित है, जिसमें लघु एवं सीमांत कृषक को ईकाई लागत का क्रेन्द सरकार द्वारा 50 प्रतिषत अनिवार्य सहायता राज्य सरकार द्वारा 25 प्रतिषत अनिवार्य सहायता कुल अनुदान 75 प्रतिषत स्वीकृत होना है।

उपरोक्त समस्त लाभ प्राप्ति हेतु जिले के कृषकों द्वारा समस्त वैधानिक औपचारिकता पूर्ण कर षासकीय योजनांतर्गत अनुदान में 1 एच.पी. से लेकर 3 एच.पी. तक मोनोब्लाक सिंचाई पम्प कल्टीवेटर, बारमेट, डीजल पम्प 3 एच.पी., 5 एच.पी. हैरो लेबलर, मिनी राईस मिल, एम.बी. प्लाऊ, मल्टीक्राप्ट थ्रेसर, पेडी थ्रेसर, पेट्रोल पम्प सेट, पावर थ्रेसर, पावर ट्रीलर, पावर विडर, रीजर, रोटावेटर, सीड ड्रील, रिपर, सेल्फ पेडी ट्रांसप्लान्टर, ट्रेक्टर, ट्रेक्टर ब्लाड प्राप्त करने हेतु छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमिटेड के अधिनस्थ चैम्पस् योजना के माध्यम से कबीरधाम जिला के 2095 आवेदन हेड आफिस ऑनलाईन प्रेषित किया गया, जिसमें से 1707 आवेदनों को कृषक अंष राषि जमा करने की स्वीकृति मिली, जिसमें से 1107 कृषकों का कृषक अंष राषि जमा हो पाया, षेष 610 कृषकों का कृषक अंष राषि जमा करने की स्वीकृति के पष्चात् भी बजट न होने के कारण कृषक अंष राषि जमा स्वीकार नहीं किया जा रहा है। एवं कुल हेड आफिस प्रेषित आवेदनों मे से 379 प्रकरण स्वीकृति के इंतजार में है। इस प्रकार कुल जिला में 989 एवं इसी प्रकार पूरे छत्तीसगढ़ में 39535 आवेदन हेड आफिस ऑनलाईन प्रेषित किया गया, जिसमें से 31876 आवेदनों को कृषक अंष राषि जमा करने की स्वीकृति मिली, जिसमें से 21966 प्रकरणों में कृषक अंष राषि जमा हो पाया, शेष 9910 कृषकों का स्वीकृति के पष्चात भी बजट न होने के कारण जमा स्वीकार नहीं किया जा रहा है। एवं कुल हेड आफिस प्रेषित आवेदनों मे से 7959 प्रकरण स्वीकृति के इंतजार में कतार में है। इस प्रकार कुल 17569 आवेदन पूरे छत्तीसगढ़ में लंबित है।



35 लाख की 792 पेटी एमपी की शराब जब्त

■ **महासमुंद और जांजगीर पुलिस की संयुक्त टीम की कार्रवाई**

महासमुंद। अंतरराज्यीय शराब तस्कर राजेश पटेल के जांजगीर स्थित ठिकाने पर महासमुंद और जांजगीर पुलिस की संयुक्त टीम ने छापामार कार्रवाई की। कार्रवाई में टीम ने 35 लाख रुपए कीमत की 792 पेटी एमपी की शराब जब्त की है। हालांकि मौके से राजेश गायब था और उसके साथ मिलकर शराब का धंधा करने वाले 3 आरोपियों को जांजगीर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। महासमुंद एसपी जितेंद्र शुक्ल ने बताया कि बसना थाना क्षेत्र के ग्राम मधुबन निवासी राजेश पटेल आदतन शराब तस्कर है। महासमुंद पुलिस ने विधानसभा चुनाव के ठीक पहले 1 अक्टूबर 2018 को ट्रक में भरी 500 पेटी शराब जब्त की थी। एमपी से की जा रही इस शराब तस्करी में भी राजेश का हाथ था। पुलिस ने घटना के सप्ताहभर बाद ही राजेश को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था, लेकिन वो छूट गया था। पुलिस को सूचना मिली थी कि वह दोबारा शराब का कारोबार कर रहा है, लेकिन उसका लोकेशन नहीं मिल रहा था। टीम उसकी गतिविधि डेढ़ महीने से फॉलो कर रही थी। दोनों जिलों की पुलिस की संयुक्त टीम ने ठिकाने पर छापा मारा पर मुख्य आरोपी राजेश फरार है। इस पूरी कार्रवाई में चांपा एसडीओपी पद्मश्री तंवर, टीआई चुन्नू तिग्गा, टीआई राजेश श्रीवास्तव, आरएल टोंडे, चंदन सिंह व महासमुंद से साइबर सेल प्रभारी एसआई परेश पांडेय, जनक उरांव, युगल पटेल, शुभम पांडेय का योगदान रहा।

पुलिस ने निकाली हेलमेट बाइक रैली

महासमुंद। 31वां राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत यातायात पुलिस महासमुंद ने जनता को जागरूक करने हेलमेट बाइक रैली निकाली। सहायक आरक्षक मनोज डड़सेना को यातायात पुलिस ने हेलमेट गिफ्ट किया। इस दौरान कुल 203 दोपहिया, तीन पहिया, चार पहिया वाहन चालकों का नेत्र व स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। उपपुलिस अधीक्षक यातायात पृथ्वी दुबे एवं यातायात प्रभारी महासमुंद निरीक्षक दीपा केंवट ने आटो चालकों के वाहन के दस्तावेज, बीमा, फिटनेस, लायसेंस, आईडी प्रूफ जांच की।

राज्य युवा महोत्सव में गरियाबंद जिले ने जीते 7 पुरस्कार

■ **राऊत नाचा को प्रथम और लोकगीत को मिले द्वितीय पुरस्कार**

गरियाबंद। राजधानी रायपुर में आयोजित 12 से 14 जनवरी तक आयोजित राज्य स्तरीय युवा महोत्सव में गरियाबंद के कलाकारों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। अलग-अलग विधाओं में जिले के कलाकारों ने मनमोहक प्रस्तुति देते हुए कुल 7 पुरस्कार हासिल किये। वहीं 15 से 40 वर्ष आयु वर्ग में आयोजित क्विज प्रतियोगिता में जिले के किशोर नायक ने तृतीय स्थान हासिल किया। जिला खेल अधिकारी दीनु पटेल ने बताया कि राऊत नाचा, भौंरा चालन और चित्रकला में जिले के प्रतिभागी में प्रथम स्थान पर रहे। वहीं लोकगीत, भौंरा चालन व फुगड़ी में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। ज्ञात है कि इस महोत्सव में जिले के 15 से 40 एवं 40 वर्ष से ऊपर आयु वर्ग के 225 प्रतिभागी शामिल हुए थे।

सेक्टर अधिकारी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराएं- कमिश्नर

गरियाबंद। रायपुर संभाग के कमिश्नर जी.आर. चुरेन्द्र ने गुरुवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में स्थानीय पंचायत निर्वाचन हेतु नियुक्त सेक्टर अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी निर्वाचन में सेक्टर अधिकारियों की अहम भूमिका होती है। निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही सेक्टर अधिकारियों का काम शुरू हो जाता है। सेक्टर अधिकारी मतदान दल और रिटर्निंग अधिकारी के बीच की कड़ी होती है। मतदान के दिन सेक्टर अधिकारी जोनल मजिस्ट्रेट की शक्तियों से लैंस होगें। सेक्टर अधिकारी मतदान के पूर्व और मतदान के पश्चात की स्थिति का सूक्ष्म निरीक्षण करते हुए प्रतिवेदन सौपेंगे। सफल निर्वाचन के लिए मतदान के एक दिन पूर्व अधिकारियों को अपने सेक्टर में ही रात्रि विश्राम करने के निर्देश दिये। प्रशिक्षण में कलेक्टर श्याम धावड़े, जिला पंचायत सीईओ विनय कुमार लंगेह, अपर कलेक्टर के.के. बेहार, संयुक्त कलेक्टर जे.आर. चौरसिया एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री निर्भय साहू उपस्थित थे।

राष्ट्रीय स्तर योगमुडों मार्शल आर्ट में अभ्युदय स्कूल के छात्रों ने जमाई धाक

कवर्धा। पाँचवीं राष्ट्रीय योगमुडों मार्शल आर्ट प्रतियोगिता एवं अंतर्राष्ट्रीय कोचिंग कैंप का आयोजन नासिक महाराष्ट्र में 24 से 27 दिसंबर तक किया गया। जिसमें दक्षिण कोरिया से मास्टर क्वानताई हुयुंग महासचिव कोरियन यंगमुडों एसोसिएशन एवं मास्टर क्वांग मिनचुल, डायरेक्टर योगईन यूनिवर्ससिटी कोरिया ने फाइट का प्रशिक्षण एवं ब्लैक बैल्ट की परीक्षा ली। तीन दिवसीय प्रतियोगिता में पंद्रह राज्यों के बच्चों ने भाग लिया। प्रतिभागी खिलाड़ियों की संख्या लगभग ग्यारह सौ थी। जिसमें कबीरधाम जिले के अभ्युदय स्कूल के आठ जोशीले खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन कर सात मेडल प्राप्त किए। जिसमें अंडर-12 में ऐश्वर्य सिंह ने स्वर्ण पदक, चेतन नौरंगे ने स्वर्ण पदक, रितीक चंद्रवंशी ने रजत पदक, विनायक शर्मा ने कांस्य पदक प्राप्त कर शाला को गौरवांवित किया। अंडर-14 में मनसीत छाबड़ा ने रजत पदक, ग्रंथ गुप्ता ने कांस्य पदक प्राप्त किया व वैभव चंद्रवंशी ने सराहनीय प्रदर्शन किया। अंडर-19 में कुनाल नौरंगे ने रजत पदक प्राप्त किया। सभी खिलाड़ियों व कोच के कबीरधाम पहुँचने पर भारतमाता चैक में सभी पालकों ने विजयी टीम का ज़ोरदार स्वागत किया।

अभ्युदय स्कूल की टीम साइंस प्रदर्शनी के लिए दिल्ली रवाना: सीबीएसई द्वारा आयोजित रिजनल लेबल सीबीएसई सांइस एक्जीबीशन 2019-20 की राष्ट्रीय स्तर की साइंस प्रदर्शनी के लिए अभ्युदय स्कूल की टीम दिल्ली रवाना होगी। जिसमें वेस्ट वॉटर कंजरवेशन एंड यूज्ड एज़ फ्यूचर फ्यूल विषय पर भावेश ओगरे और मानसी दुबे शिक्षक रिकू साहू के कुशल निर्देशन में मॉडल का प्रदशन करेंगे। प्राचार्या व्ही शोभा ने बताया कि एन एच गोयल स्कूल में दो चरणों में आयोजित प्रदर्शनी में से इस मॉडल का चुनाव नेशनल लेबल के लिए हुआ है जिसमें 40 से अधिक शालाओं ने अपनी सहभागिता की थी। 65 प्रविष्टियों में से अभ्युदय स्कूल के मॉडल का भी चुना जाना अत्यंत हर्ष का विषय है।

जिला सेनानी द्वारा वार्षिक कीट परेड का निरीक्षण

गरियाबंद। गरियाबंद नगरसेना के जिला सेनानी द्वारा सैनिको का वार्षिक कीट परेड निरीक्षण लिया गया निरीक्षण के दौरान जिला सेनानी दीपांकुर सामुएल नाथ ने जवानों के कीट पेटी एवं परेड का निरीक्षण किया। तत्पश्चात महिला एवं पुरुष सैनिको का सम्मेलन लेकर उन्हें 26 जनवरी गणतंत्र दिवस परेड में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाये दी। आगामी पंचायत चुनाव में मुस्तैदी से चुनाव ड्यूटी करने, राजिम मेला में भी बेहतर ढंग से अपने कर्तव्य का पालन करने, सुरक्षा एवं शांति पूर्ण ड्यूटी करने हेतु समझाइस दिया गया।

सुरक्षित वाहन चलाने कलेक्टर ने की अपील

■ **सड़क सुरक्षा सप्ताह अंतर्गत जागरूकता अभियान जारी**

गरियाबंद। कलेक्टर श्याम धावड़े ने लोगों से सुरक्षित वाहन चलाने तथा तेज रफ्तार वाहन नहीं चलाने की अपील की है। वे आज सड़क सुरक्षा सप्ताह अंतर्गत जागरूता संबंधी अभियान में शामिल होकर उक्त संदेश दिये। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना गरियाबंद द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी सड़क सुरक्षा सप्ताह का आयोजन पुलिस प्रशासन के सहयोग से पूरे जिले में किया जा रहा है। 11 जनवरी से प्रारंभ हुए इस सप्ताह में लोगों को सड़क सुरक्षा संबंधी जानकारी से अवगत कराया जा रहा है। विभिन्न आकर्षक स्लोगन और नारों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के कार्यपालन अभियंता श्री पी.के. वर्मा ने बताया कि लोगों को फ्लैक्स, पाम्पलेट एवं संपर्क कर सड़क में होने वाली दुर्घटना एवं सुरक्षा के संबंध में जानकारी प्रदान किया जा रहा है। सड़क सप्ताह का समापन 17 जनवरी को किया जायेगा। आज जिला कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारियों को भी सड़क सुरक्षा के संबंध में जानकारी दी गई।

सड़क निर्माण के लिए भूमिपूजन

महासमुंद। पंचशील क्लब वार्ड 26 एवं वार्ड 20 में 21.55 लाख रुपये की लागत से पांच अलग-अलग सड़क निर्माण हेतु भूमिपूजन किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष प्रकाश चंद्राकर ने विधायक विनोद चंद्राकर, उपाध्यक्ष कृष्णा चंद्राकर, मनीष शर्मा, पालिका सभापतियों की मौजूदगी में भूमिपूजन किया। पदभार लेने के बाद पालिकाध्यक्ष का यह पहला भूमिपूजन था। इस दौरान पालिकाध्यक्ष चंद्राकर ने इंजीनियर और ठेकेदार को गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखने कहा है। कहा कि सड़क निर्माण में वाइब्रेटर का उपयोग करें।

निर्देश राजस्व योजनाओं को हर व्यक्ति तक कैसे पहुंचाए यह अधिकारियों को बताया

राजस्व सचिव सुबोध सिंह ने ली विभागीय बैठक

राजनांदगांव। राजस्व सचिव सुबोध कुमार सिंह ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की बैठक ली। श्री सिंह ने बैठक में राजस्व से संबंधित प्रकरणों के निराकरण की प्रगति की समीक्षा की। श्री सिंह ने शासन द्वारा चलाए जा रहे राजस्व से जुड़े योजनाओं के बारे में जानकारी अधिकारियों को दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि इन योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जाए ताकि आम नागरिकों को जानकारी प्राप्त हो और इसका लाभ ले सके। बैठक में अपर कलेक्टर श्री ओंकार यदु, अपर कलेक्टर हरिकृष्ण शर्मा, एसडीएम एवं राजस्व अधिकारी उपस्थित थे।

श्री सिंह ने योजना के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि नगरीय क्षेत्रों में स्थित 7 हजार 500 वर्ग फीट तक की शासकीय नजूल भूमि, अतिक्रमण भूमि तथा पट्टे की भूमि को भूमि स्वामी के हक में व्यवस्थापन किया जा सकता है। इसके लिए शासन द्वारा निर्धारित मूल्य का भुगतान करना होगा। श्री सिंह ने निर्देशित करते हुए कहा कि काबिज किए हुए शासकीय भूमि का सर्वे करके चिन्हांकित करे। जिन शासकीय भूमि पर काबिज किए हुए हैं वहां पर शासन द्वारा निर्धारित देय राशि का भुगतान कर भूमि का व्यवस्थापन किया जा सकता है।

श्री सिंह ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री मानधन योजना और व्यापारिक पेंशन योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि इन योजनाओं का लाभ उन सभी किसानों और व्यापारियों को मिलना चाहिए, जो इनके लिए पात्र हैं।

न्यूज गैलरी

अभाविप आज करेगा विद्यालय का घेराव

पांडातराई। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पांडातराई में अभाविप लगातार 12 जनवरी विवेकानंद जी के अवसर पर विवेकानंद युवा संदेष यात्रा के माध्यम से लोगों तक विवेकानंद जी के विचारधारा पहुंचाने का कार्य कर रहे है, चूंकि इस वर्ष 12 जनवरी को रविवार अवकाश था इस कारण यह कार्यक्रम 14 जनवरी को मनाने का निर्णय लिया गया था। और जब इस कार्यक्रम के लिए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद पांडातराई ईकाई के कार्यकर्ता शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पांडातराई पहंची तो प्राचार्य के द्वारा अभाविप के कार्यकर्ताओं के ऊपर दुर्व्यवहार किया गया एंव तानाशाही रवैया के द्वारा अभाविप कार्यकर्ताओं के शाला परिसर से बाहर कर मुख्य द्वार पर ताला लगवा दिया गया। इसके विरोध में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद पांडातराई इकाई द्वारा आज शाला का घेराव किया जावेगा।

अनुश्री अग्रवाल का मॉडल यूरिन द इलेक्ट्रिसिटी जनरेटर का चयन

आरंग। भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा संभाग स्तरीय इंस्पायर अवार्ड प्रोग्राम का आयोजन रायपुर में किया गया। इसमें स्थानीय गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल आरंग की कक्षा नवमीं की छात्रा अनुश्री अग्रवाल द्वारा बनाया गया मॉडल यूरिन का इलेक्ट्रिसिटी जनरेटर , महिमा साहू एवं अंजली गुप्ता की इमरजेंसी पेट्रोल केरोसिन बर्नर का प्रदर्शन किया गया। निर्णायक मंडल एवं दर्शकों ने दोनों मॉडल की सराहना की । अनुश्री के मॉडल यूरिन द इलेक्ट्रिसिटी जनरेटर का राज्य स्तरीय प्रदर्शनी के लिए चयन किया। राजधानी रायपुर में आयोजित संभागीय स्तरीय प्रदर्शनी में रायपुर ,गरियाबंद , बलौदा बाजार महासमुंद धमतरी जिला के विभिन्न स्कूलों के 549 मॉडल को शामिल किया गया । प्रस्तुत मॉडल यूरिन द इलेक्ट्रिसिटी जनरेटर में मानव मूत्र से इलेक्ट्रिसिटी बनाने की अनोखी तकनीक को प्रदर्शित किया। इस तकनीक को विद्युत उत्पादन के लिए वैकल्पिक स्त्रोत के रूप में उपयोग किया जा सकता है। हेलो प्रस्तुत मॉडल में विद्युत उत्पादन के लिए व्यर्थ जाने वाली यूरिन का उपयोग किया जाता है जिसके लिए दर्शकों ने अत्याधिक प्रशंसा की। विद्यालय के शिक्षक गंगाधर बिझाड़ेकर आदित्य पांडे एवं सोमेश्वर कोसले के मार्गदर्शन में बनाया गया।

बच्चों ने जाना बाल अधिकार संरक्षण

कवर्धा। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिपरिया में जिला बाल संरक्षण इकाई, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा लैंगिक अपराधो से बालको का संरक्षण अधिनियम 2012,एकीकृत बाल संरक्षण योजना, दत्तक ग्रहण विनियम, बच्चो के सुरक्षा विषय पर विस्तृत जानकारी दिया गया। संरक्षण अधिकारी गैर संस्थागत द्वारा किशोर न्याय (बालको की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम 2015 की जानकारी देते हुए बताया कि ध्यान रहे कि केवल लड़किया ही नही बल्कि कम उम्र के लडके भी शारीरिक एवं मानसिक शोषण के उतने ही खतरे मे रहते है जितने खतरे मे लडकियॉ रहती है। इसमें कोई संदेह नही की लड़को की अपेक्षा लडकियों की स्थिति ज्यादा संवदेनशील होती है सभी को भी सुरक्षा जरुर मिलनी चाहिए।

कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन

कवर्धा। कुकदूर थाना के अंतिम छोर ग्राम भेंड़ागढ़ में सामुदायिक पुलिसिंग के तहत कबीरधाम पुलिस एवं समस्त ग्रामवासी भेंड़ागढ़ के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन बुधवार को संपन्न हुआ। उक्त कबड्डी प्रतियोगिता में कबीरधाम जिले के अलावा मध्यप्रदेष डिंडौरी जिले, मुंगेली जिले के सरहदी ग्रामों के 15 टीमों ने प्रतियोगिता में भाग लिया। इस प्रतियोगिता को देखने के लिये आसपास के ग्राम के लोग अधिक संख्या में उपस्थित थे।

पंचायत चुनाव : कहीं कश्मकश तो कहीं कांटे की टक्कर

नवप्रदेश संवाददाता

कसडोल। पंचायत चुनाव के लिए गांव की गलियों में बढ़ने लगी सरगर्मियां, पंच, सरपंच, जनपद एवं जिला पंचायत सदस्य के लिए चुनाव लड़ रहे प्रत्याशी अब अपने समर्थकों के साथ गांव गांव एवं घर घर जाकर मतदाताओं को रिझाने में लग गए हैं। चुनाव चिन्ह आबंटित होते ही चुनाव लड़ रहे लगभग सभी प्रत्याशियों ने अपने चुनाव प्रचार प्रसार के लिए होर्डिंग्स, बैनर, पोस्टर, पाम्पलेट एवं बिल्ला आदि प्रकाशित करा लिए हैं और छपे हुए पाम्पलेट, बैनर, होर्डिंग्स ,पोस्टर को गांव के घरों की दीवारों में टंगवाने तथा चिपकाने का काम भी प्रारंभ कर दिए हैं । चुनाव लड़ रहे अभ्यर्थियों द्वारा कर्णप्रिय गीतों के माध्यम से प्रचार प्रसार कर मतदाताओं को लुभाने का हर सम्भव प्रयास किया जा रहा है ।

जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 15 में कांग्रेस की इंट्री : जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 15 में अब तक यही अंदाजा लगाया जा रहा था कि कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी युकां जिलाध्यक्ष मानस पाण्डेय एवं भाजपा के अधिकृत भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजकुमार जाय-सवाल के बीच सीधा मुकाबला होगा लेकिन कांग्रेस के ही अमृत यादव ने चुनाव मैदान में डटे रहने का फैसला लेकर तथा अपने चुनाव प्रचार प्रसार को तूफानी अन्दाज में शुरू कर लोगों को हैरत कर दिया। पहले यही माना जा रहा था कि अमृत यादव कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में अपना नाम वापस ले लेंगें लेकिन चुनाव मैदान में डटे रहने तथा दमखम के साथ चुनावी प्रचार प्रसार का आगाज कर अमृत यादव ने लोगों के सारे कयासों को दूर कर दिया। कांग्रेस एवं भाजपा समर्थित प्रत्याशियों की तुलना में अमृत यादव ने अब तक अपने प्रबल समर्थकों एवं क्षेत्रवासियों से दो राउण्ड की मुलाकात कर समर्थन मांग लिया है, जबकि कांग्रेस एवं भाजपा के समर्थित उम्मीदवारों ने अभी सही तरीके से पहले ही राउण्ड पूरा नहीं किया है। अमृत यादव को हल्के में लेना कांग्रेस, भाजपा दोनों के लिए नुकसानदेह साबित हो सकता है।

प्रत्याशी का बदला नाम शुई हुई अंतर्कलह : जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 18 में भाजपा समर्थित डॉ मुखालाल वर्मा चुनाव मैदान में है तो वहीं कांग्रेस संगठन ने पहले खैरा (क) के सरपंच गोरेलाल साहू को अधिकृत किया था बाद में क्षेत्रीय विधायक के हस्तक्षेप के बाद ऐन वक्त पर पार्टी प्रत्याशी बदल दिया गया। अब कांग्रेस की ओर से एक नहीं दो प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। विधायक द्वारा नामांकित हेमन्त दुबे अपने आपको पार्टी से अधिकृत बता रहे हैं तो गोरेलाल साहू स्वयं को पार्टी समर्पित बता कर प्रचार प्रसार कर रहे हैं । इस तरह देखा जाए तो जहाँ कांग्रेस के कार्यकर्ता आपस में बिखरे बिखरे नजर आ रहे हैं तो वहीं भाजपा समर्थित प्रत्याशी कांग्रेसियों की अंतर्कलह को भुनाने हर सम्भव प्रयास कर रहे हैं।

क्षेत्र 17 में मीरा दीवान सब पर भारी : जिला पंचायत क्षेत्र 17 से पूर्व जिला पंचायत सदस्य मीरा दीवान फिर इस बार चुनाव मैदान में है।

अवैध शराब बिक्री जोरों पर, प्रशासन बेखबर

आबकारी विभाग की लापरवाही के चलते पान ठेलों में मिल रही अवैध शराब

नवप्रदेश संवाददाता

गंडई पंडरीया। नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्र मे नहीं थम रही अवैध शराब की बिक्री, आबकारी विभाग की लापरवाही के चलते छोटे-छोटे पान ठेले और अन्य गुमटियों में अवैध शराब की बिक्री धड़ल्ले से हो रही है। इधर शासन अवैध शराब बिक्री और शराब कोचियों को समाप्त करने खुद शराब बेच रही है लेकिन शासन का यह प्रयास विफल होते नजर आ रहा है ना तो अवैध शराब की बिक्री पर रोक लगा पाई है और ना शराब कोचियों पर।रोजाना नए-नए शराब कोचिये पैदा होते जा रहे है और धड़ल्ले से नगर व आसपास के क्षेत्रों में जगह-जगह अवैध शराब की बिक्री रफ्तार पकड़े हुए है।

आबकारी व पुलिस विभाग की तरफ से किसी भी प्रकार की कोई भी कार्यवाही नजर नहीं आ रही है। क्या शासन सरकारी शराब दुकान के अधिक मुनाफा को देखकर अवैध शराब बेचने से लेकर शराब कोचियों को खुली छूट दे रखी है या फिर आबकारी और पुलिस की सांठगांठ से इस अवैध कारोबार को खुला संरक्षण दे रखा है और नगर के गली, मोहल्ले, होटलों, ढाबो व में खुले आम शराब बेचने का सिलसिला लगातार जारी है।

कचरे के ढेर में रखते हैं अवैध शराब

जानकार सूत्रों का कहना है कि अवैध शराब की बिक्री करने वालों ने कचरे के ढेर में शराब के पौव्वे छिपा कर रखे जा रहे हैं। यहां अवैध शराब की दूर बैठ कर रखवाली की जाती है। शराब के खरीददारों को इन अवैध ठिकानों का भलीभांति पता है। अवैध शराब बिक्री का इस तरह जगह जगह खेल हो रहा है।

दुगने कीमत पर हो रही है बिक्री

अवैध शराब बेचने वाले मुनाफा के चक्कर में शराब दुकान से ज्यादा मात्रा में शराब खरीद कर दुगुने कीमत में बेचते है जिससे शराब पीने वालों को सरकारी शराब दुकान के खुलने का इंतजार नही करना पड़ता है और बड़ी आसानी से शराब उपलब्ध हो जाती है। देशी शराब एक पाव 80 से 100 रुपये तक और इंग्लिश शराब 100 से 200 रुपये तक बेचा जाता है।

यहां बिक रही है अवैध शराब

गंडई, टिकरीपारा, बस स्टेंड, पंडरिया, नर्मदा, चकनार, लिमों, भूर्भुस्सी, बेलगाव, सहित अन्य जगहों पर अवैध शराब की बिक्री हो रही है। बताया जाता है कि शराब की अवैध बिक्री के मामलों में कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से इन दिनों होटलों और अन्य ठिकानों पर अवैध शराब की बिक्री होने लगी है। यहां सार्वजनिक स्थानों पर शराब का सेवन करने वालों के विरूद्द भी कोई कार्रवाई नहीं हो पाने से नागरिकों को अच्छी खासी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। यहां सरकारी शराब दुकान से ही सांठ गांठ कर कई लोगों ने ऊंची कीमत वसूल कर अवैध शराब बेचने का काम किया जा रहा है। ऐसे लोगों की आबकारी अमला को जानकारी होने के बाद भी इस दिशा में रोकथाम की कोई पहल नहीं की जा रही है।

कलेक्टर ने किया विभिन्न खरीदी केंद्रों का निरीक्षण

नवप्रदेश संवाददाता

कवर्धा। कलेक्टर अवनीश कुमार शरण ने गुरूवार को जिले के विभिन्न धान खरीदी केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण कर समस्त धान उपार्जन केन्द्रों में उपलब्ध संसाधनों की विस्तार पूर्वक जानकारी लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इसके अलावा कलेक्टर ने भ्रमण के दौरान विभिन्न भवन निर्माण कार्यो का भी निरीक्षण किया। कलेक्टर अवनीश कुमार शरण ने गुरूवार को सर्व प्रथम सेवा सहकारी समिति बचेड़ी (सलिहा) उपार्जन केन्द्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर द्वारा उपस्थित किसानों से खरीदी के संबंध में आवश्यक पूछताछ की। उन्होंने नोडल अधिकारी को धान उठाव के संबंध में लगातार बढाने के निर्देश दिये तथा अमानक धानों का खरीदी नहीं करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने किसानों और नोडल अधिकारियों को केन्द्र में विवाद की स्थिति उत्पन्न नहीं होने के भी निर्देश दिये।

दिवाकर मुक्तिबोध महाविद्यालय का निरीक्षण

कलेक्टर अवनीश कुमार शरण ने सहसपुर लोहारा स्थिति दिवाकर मुक्तिबोध महाविद्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान महाविद्यालय में स्थित पुस्तकालय का अवलोकन किया और साथ ही साथ प्राध्यापक को आवश्यक किताबों को बढ़ाने निर्देश दिये। इसके पश्चात् कलेक्टर ने छात्र-छात्राओं को आवश्यक मार्गदर्शन भी किया। उन्होंने महाविद्यालय में मांग के अनुरूप महाविद्यालय के प्रथम मंजिल में कक्ष तथा लैब निर्माण की स्वीकृति प्रदान कर संबंधित अधिकारी को प्राकलन तैयार कर प्रस्तुत करने को कहा। उन्होंने छात्र-छात्राओं से नकल नहीं करने की बता कहीं एवं अध्यापन अच्छे से कर समय-समय पर भविष्य की संभावनाओं पर विशेष ध्यान देने की बात भी कहीं।

खरीदी केन्द्र में संग्रहित धान सुरक्षित रखे

सहसपुर उपार्जन केन्द्र के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने धान खरीदी कार्य के सुपरवाईजर सहित अन्य अधिकारियों से कहा कि वे खरीदी केन्द्र में संग्रहित धान को सुरक्षित रखें, सभी स्टेकिंग के नीचे भूसे की मोटी परत बनाएं और पालीथिन से ढंककर रखें। पानी की निकासी के लिए ड्रेनेज की व्यवस्था सुनिश्चित करें, ताकि धान के नीचे बारिश से गीला होने की आशंका न रहें।

सीएए के समर्थन में होगी तिरंगा महारैली

■ हिन्दुस्तान सुरक्षा मंच के कार्यकर्ता कर रहें है सीएए के समर्थन में जनसंपर्क

नवप्रदेश संवाददाता

कवर्धा। भारत सरकार द्वारा संसद में देश हित में पारित नागरिकता संशोधन अधिनियम के समर्थन में 19 जनवरी को होगा विशाल तिरंगा यात्रा महारैली । हिंदुस्तान सुरक्षा मंच के नेतृत्व में इस रैली का आयोजन किया गया है। रैली 19 जनवरी को दोपहर 01 बजे से भारत माता चैक से निकाला जायेगा ।

सीएए कानून के संदर्भ में लोगों के बीच फैली भ्रान्ति को दूर करने के लिए हिंदुस्तान सुरक्षा मंच संगठन के कार्यकर्ता टीम बनाकर लोगों को सीएए कानून के संदर्भ में जानकारी उपलब्ध करा साथ ही समर्थन रैली में शामिल होने आमन्त्रण भी बाट रहें है। सीएए के विषय में जानकारी उपलब्ध कराने के लिए पाम्पलेट के माध्यम से भी घर घर जाकर जानकारी दिया जा रहा है । पुरे कार्यक्रम के सन्दर्भ में जानकारी देते हुए हिंदुस्तान सुरक्षा मंच के सदस्यों ने पुरे जिले के लोगों को महारैली में शामिल होने आग्रह किया।

खस्ताहाल प्राइवेट बसों के सफर से हर दिन परेशान हो रहे हैं यात्री

■ खरोरा से रायपुर रोड पर चलने सिटी बसो की खस्ताहालत के कारण इस रुट के यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है

नवप्रदेश संवाददाता

खरोरा । खरोरा से रायपुर और रायपुर से खरोरा आने जाने वालो कि बात करे तो इस रुट पर काफी सख्या मे कालेज के छात्र छात्राएं और सरकारी कर्मचारी यात्रा करते है जिन्हें अपने सही समय पर आफिस स्कूल कालेज पहूचना होता है जो कि बलौदाबाजार से आने वाली कुछ प्राईवेट बसो के नगर के नया बसस्टैंड मे ना आने से सिटी बसो पर ही यात्रा करते है लेकिन सिटी बसो का खस्ता हाल से यात्रियों को काफी परेशान का सामना करना पडता है सिटी बसो का हालत ऐसा है कभी भी कही भी खडा हा हो जाता है इनकी खस्ताहाल का अंदाजा इसी बात से लगा सकते है कि इस रूट पर हर दिन एक दो गाडीयां खराब खडी रहतीं है इनके खस्ता हाल के कारण ही आये दिन दुघर्टना भी हो रही है लेकिन यात्रियों को मजबरी हैं इन बसो मे यात्रा करना क्योंकि प्राईवेट बसे जो बलौदाबाजार से रायपुर के लिए निकलती है वो नगर के नए बसस्टैंड के अंदर नहीं आती, यदि उस बस मे खरोरा का कोई यात्री बैठा भी जाए तो बस उसे नगर के बहार ही हाईवे रोड पर उतार कर चले जाते है प्राईवेट बसो के इस मनमानी पर प्रशासन को कोई ठोस कदम उठाना चाहिए ।

पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना का निर्धन परिवार को मिला लाभ

■ 2 लाख की क्लेम राशि मिलने पर नामित चरणमती यादव के परिवार की सुधरी आर्थिक स्थति

नवप्रदेश संवाददाता

लवन। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना विकलांग चरणमती यादव के पिरवार के अंधकारमय जीवन में ज्योति बनकर आई है। भारतीय स्टेट बैंक लवन के शाखा प्रबंधक समीर कुमार माडी ने बीमा योजना का क्लेम महिला के बैंक खातें में भेजा है। बलौदाबाजार ब्लॉक के तिल्दा (डोंगरा) के निवासी सोनाराम यादव उम्र 42 की कुछ माह पहले ईलाज के दौरान आकस्मिक मृत्यु के बाद उसका परिवार पूरी तरह से टूट चूका था। परिवार के मुखिया की मृत्यु ने पत्नि चरणमती यादव के जीवन को अंधकार में बदल दिया था। उसे डर सताने लगा था उसके परिवार का खर्च व ईलाज में हुए खर्च की राशि को कहां से अदा कर पाएंगे। ऐसे में विकलांग चरणमती यादव ने खेत बेचने की ठान ली थी। तभी किसी ने उसे जानकारी दिया था कि तुम्हारे पति ने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना के तहत बीमा कराये थे। जिसका क्लेम करने पर 2 लाख रूपये की राशि मिलती है तो नामित चरणमती यादव ने एक माह पहले भारतीय स्टेट बैंक के माध्यम से क्लेम की प्रोत्साहन राशि दिलाने की मांग किये थे जिस पर भारतीय स्टेट बैंक के शाखा प्रबंधक ने विकलांग महिला की स्थिति को भांपते हुए जल्द ही क्लेम की राशि उसके बचत खाते में डलवा दी।

नपाध्यक्ष ने कार्य में गुणवत्ता लाने ठेकेदार को दिए कड़े निर्देश

■ 26 करोड़ 85 लाख से हो रहा जल आवर्धन कार्य, नपाध्यक्ष ने किया निरीक्षण

नवप्रदेश संवाददाता

कवर्धा। नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा ने गुरूवार को कलेक्टर कालोनी में निर्माण हो रहे ओव्हर हैड टैंक का निरीक्षण करने पहुचे। नपाध्यक्ष ने निर्माणाधीन ओव्हरहैड टैंक के कार्यो के प्रगति की जानकारी ली व उपअभियंता विरेन्द नवघरे को निर्माण कार्य संबंधी दिशा-निर्देश दिये।

कलेक्टर कालोनी में निर्माणाधीन ओव्हरहैड टैंक का गुरूवार को नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा औचक निरीक्षण करने पहुंचे। निरीक्षण के दौरान वहां उपस्थित ठेकेदार सहित उपअभियंता कार्य गुणवत्ता को लेकर कड़े निर्देश दिये। उन्होनें कहा कि चल रहे कार्यो में विशेष रूप से सावधानी बरते। उन्होनें निर्माणाधीन ओव्हरहैड टैंक की ड्राईंग डिजाईन भी देखा व समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने को भी कहा।

26 करोड़ 85 लाख से हो रहा जल आवर्धन कार्य : नगर पालिका द्वारा जल आवर्धन विस्तारीकरण योजनांतर्गत 26 करोड़ 85 लाख रूपये की लागत से जल शुद्धिकरण संयंत्र के साथ-साथ 4 स्थानों पर क्रमशः हाईटेक बस स्टैण्ड के पास क्षमता-6.20 लाख लीटर, कलेक्टर कालोनी परिसर क्षमता 7.20 लाख लीटर, श्री बुढ़ामहोदव मंदिर के पास क्षमता 8.20 लाख लीटर, नगर पालिका कार्यालय के सामने क्षमता 9.60 लाख लीटर का ओव्हर हैड टैंक निर्माण, 27.72 कि.मी. पाईन लाईन विस्तारी कार्य सहित अन्य कार्य किये जायेगें। नपाध्यक्ष के साथ में पार्षद सुनील साहू, उमंग पाण्डेय, पूर्व पार्षद बिलाल खान, उपअभियंता विरेन्द्र नवघरे, पीएमसी अतुल गुप्ता उपस्थित थे।

थोक सब्जी मंडी फरवरी से रानी बागीचा में लगेगी

नवप्रदेश संवाददाता

गंडई पंडरिया। नगर पंचायत गंडई के नवनिर्वाचित अध्यक्ष स्यामपाल ताम्रकार अध्यक्ष के कुर्सी पर बैठते ही एक्शन मूड में आ गए है। सबसे पहले उनके द्वारा नगर में ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त कर नगर में फूट कर व्यपारियो को स्थाई रूप से दुकान लगाने के लिए लगतार व्यपारियों से बात कर बैठक कर रहे है।

इसी कड़ी में सोमवार को गंडई सब्जी मंडी के थोक व्यपारियो को बुला कर नगर पंचायत अधिकारी नगर पंचायत उपाध्यक्ष और सभी निर्वाचित पार्षदो की उपस्थिति में सभा कक्ष में बैठक कर जल्द ही नगर के अंदर पंडरिया रोड़ में लग रहे सब्जी मंडी को हटाने को लेकर व्यपारियो से चर्चा किया जिसपर आपसी सहमति बनाते हुवे सब्जी मंडी व्यपारियो ने एक फरवरी से रानी बगीचा कचरा सग्रहन केंद्र के समीप जाने की सहमति दे दिए है। वही नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि अभी उस जगह को नगर पंचायत द्वारा चिन्हाकित कर चारो तरफ को जाली तार से घेरा किया जायेगा वही व्यपारी अपनी सुविधा और व्यवस्था के अनुरूप गुमटी रख कर अपना व्यपार कर सकते है।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

हफ्तेभर में डिग्री....

जिससे इन क्षेत्रों में बारिश होती है व ओले गिरते हैं। वहीं दक्षिणी द्रोणिका के पश्चिमी विक्षोभ से लेकर बंगाल की खाड़ी तक होने से उत्तर पूर्व के राज्य भी प्रभावित होते हैं। इन कारणों से हवा का रुख उत्तरी से बदलकर दक्षिणी के आस-पास यानी दक्षिण पूर्व या दक्षिण पश्चिम हो जाता है, जिससे पारे (न्यूनतम तापमान) में उछाल आता है और ठंड कम होने लगती है। हालांकि अधिकम तापमान पर बहुत ज्यादा फर्क नहीं पड़ता। जबकि उत्तरी हवा चलने से ठंड बढ़ती है।

गलत परंपरा का...

से बीजेपी और जोगी कांग्रेस के बहिष्कार के बाद छत्तीसगढ़ विधानसभा की कार्रवाई को दो घंटे यानि कि दोपहर 1 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया था।

हम सब मिलकर...

राज्यपाल ने कहा कि मुझे विश्वास है कि हम सब मिलकर छत्तीसगढ़ विधानसभा की कीर्ति-पताका को ऊंचा करने में सफल होंगे। उन्होंने कहा कि आप सब प्रदेश की जनता की आकांक्षाओं के अनुरूप नवा छत्तीसगढ़ गढने में अपना योगदान पूरे मनोयोग से करें, इसके लिए मेरी शुभकामनाएं। राज्यपाल सुश्री उइके ने कहा कि मेरे लिए यह अत्यंत हर्ष और गौरव का विषय है कि नये वर्ष में छत्तीसगढ़ विधानसभा के कार्यकलापों की शुरूआत एक विशेष अवसर के रूप में हो रही है, जिससे हमें भारत के महान और पावन संविधान के प्रति अगाध निष्ठा, प्रतिबद्धता प्रदर्शित करने का अवसर मिला है। इससे हमें संविधान के प्रति अपने कर्तव्य निभाने का अवसर मिला है। भारतीय संविधान में अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षण की समय-सीमा बढ़ाये जाने के लिए जो निर्धारित प्रक्रिया है, उसे पूरा करने में आपकी भागीदारी दर्ज होना, निश्चय ही बड़े सौभाग्य का विषय है। राज्यपाल ने कहा कि मुझे यह कहते हुए बहुत प्रसन्नता का अनुभव हो रहा है कि मेरी सरकार ने छत्तीसगढ़ में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्गों को बेहतर जिन्दगी की रोशनी दी है। इन वर्गों के प्रति संवेदनशीलता और इन्हें संविधान प्रदत्त अधिकारों से सशक्त बनाने की प्रतिबद्धता ने मेरी सरकार के प्रति विश्वास के एक नये युग की शुरूआत की है। उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि छत्तीसगढ़ विधानसभा अपनी परम्परा के अनुरूप लोकतंत्र को और अधिक मजबूत बनाने की चुनौती स्वीकार करेगी। राज्यपाल ने कहा कि आप सबकी सक्रियता और योगदान से ही लोकतंत्र का यह मंदिर जनता जनार्दन की आकांक्षाओं को पूरा करने में सफल होगा।

इसलिए विपक्षी सदस्यों ने किया बहिष्कार

विपक्ष का आरोप है कि विशेष सत्र को सिर्फ एक दिन का बुलाकर और एक दिन के विशेष सत्र में राज्यपाल के अभिभाषण कराने और उसके चर्चा के लिए नियम मुताबिक वक्त नहीं मिलने का आरोप लगाते हुए बीजेपी ने राज्यपाल के अभिभाषण से वाकआउट कर दिया, वहीं चर्चा में भी भाग नहीं लेने का फैसला लिया। बीजेपी की तरफ से बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि ये एक गलत परंपरा की शुरुआत है और वो इस परंपरा का हिस्सा नहीं बन सकते। बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि उनकी पार्टी ना तो अभिभाषण में और ना ही चर्चा में भाग लेगी। वहीं जोगी कांग्रेस की तरफ से भी राज्यपाल के अभिभाषण से वाकआउट कर दिया।

बीसीसीआई की कांट्रेक्ट...

जा रहा है कि धोनी के लिए राष्ट्रीय टीम में खेलने का रास्ता अब मुश्किल हो गया है। धोनी को क्रिकेट बोर्ड द्वारा जारी सूची के किसी भी कैटिगरी में जगह नहीं दी गई है।

शाम की ओपीडी...

के विभिन्न अस्पतालों के डॉक्टर इसके विरोध में ओपीडी का पूर्णतया बहिष्कार कर रहे हैं। जिससे मरीजों का सही ढंग से उपचार नहीं हो पा रहा है। इसीके मद्देनजर अब ऐसे डॉक्टरों पर सख्ती से निपटने की तैयारी कर ली गई है। वहीं जो डॉक्टर ओपीडी का बहिष्कार कर रहे हैं, वे एक पाली में ओपीडी करने की मांग कर रहे हैं।

अमेरिकी स्टाइल से...

अमेरिका ने 9/11 हमले के बाद अपनाया। उन्होंने (अमेरिकियों ने) आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक युद्ध छेड़ दिया।' सीडीएस ने कहा, 'आतंकवाद के खात्मे के लिए आतंकवादियों के साथ-साथ उन सभी को अलग-थलग करने की जरूरत है जो आतंकवाद की फंडिंग या उसका बचाव करते हैं। इन्हें दंडित करना ही होगा।' उन्होंने आतंकवादी संगठनों के साथ शांति समझौतों के बारे में कहा कि ऐसे समझौतों में अमन-चैन सुनिश्चित की गारंटी ली जानी चाहिए। जनरल रावत ने कहा, 'आपको (अफगानिस्तान में) सभी के साथ शांति समझौता करना है, अगर आप आपको उनके साथ यह करना है तो आपको शांति सुनिश्चित करनी होगी। तालिबान हो या आंकवाद में संलिप्त कोई भी संगठन, उन्हें आतंक के मंसूबे त्यागना होगा, उन्हें मुख्यधारी की राजनीति में आना ही होगा।'

'स्कूलों, कॉलेजों से धार्मिक स्थलों तक चल रहा है रैडिकलाइजेशन प्रोग्राम'

कार्यक्रम में एक सवाल के जवाब में सीडीएस ने कहा कि लोगों को कट्टर बनाने वालों की पहचान कर उनपर कार्रवाई करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि स्कूल, यूनिवर्सिटी से लेकर धार्मिक स्थलों तक में कट्टरता का पाठ पढ़ाया जा रहा है। दरअसल, उनसे पूछा गया कि अगर देश में कट्टरता के खिलाफअभियान कारगर साबित नहीं हो रहा है तो आतंकवाद पर काबू कैसे पाया जा सकता है? इसके जवाब में सीडीएस ने कहा, 'कट्टरवाद को खत्म किया जा सकता है। वे कौन लोग हैं जो लोगों को कट्टर बना रहे हैं। स्कूलों में, विश्वविद्यालयों में, धार्मिक स्थलों में ऐसे लोग हैं। ऐसे लोगों का समूह है जो कट्टरता फैला रहे हैं। आपको सबसे पहले नस पकड़ना होगा। आपको ऐसे लोगों की पहचान कर इन्हें लगातार अलग-थलग करना होगा।' सीडीएस ने कहा कि दूसरे चरण में पता लगना होगा कि किन लोगों में कट्टरता का कितना अंश है। उन्होंने कहा, 'जो लोग पूरी तरह कट्टर बन चुके हैं, उनसे काम शुरू करना होगा। उन्हें कट्टरता के खिलाफ कार्यक्रमों में शामिल करना होगा। जम्मू-कश्मीर में लोगों को कट्टर बनाया गया। 12 साल के लड़के-लड़कियों को भी कट्टरता का पाठ पढ़ाया जा रहा है। इन लोगों को धीरे-धीरे कट्टरता से दूर किया जा सकता है। इसके लिए डीरैडिकलाइजेशन कैंप बनाना होगा। आपको बता दूं कि पाकिस्तान भी यह कर रहा है। वहां डीरैडिकलाइजेशन कैंप्स हैं क्योंकि कुछ आतंकवादी संगठन उसे ही नकुसान पहुंचाने लगे हैं।

करीमलाला से मिलती थी...

लिया है। संजय राउत ने मीडिया से बातचीत में कहा, 'कांग्रेस के जो हमारे मित्र हैं उन्हें आहत होने की जरूरत नहीं है। जब कोई पहले इंदिराजी पर बोलता था तो कांग्रेस के लोग चुप बैठे रहते थे, मैं सामने आकर बोलता था। फिर भी अगर मेरी बात से इंदिराजी की प्रतिमा को ठेस पहुंची हो या कोई आहत हुआ हो तो मैं अपना बयान वापस लेता हूं।' इससे पहले भी संजय राउत ने अपने बयान पर सफाई पेश करते हुए कहा था कि वह इंदिरा गांधी और नेहरू की हमेशा से इज्जत करते आए हैं। उन्होंने आगे कहा कि करीम लाला से कई नेताओं की मुलाकात होती थी। संजय राउत ने अपने बयान में कहा, 'अफगानिस्तान के पठानों के नेता के रूप में नेताओं की उनसे (करीम लाला) मुलाकात होती थी। करीम लाला के दफ्तर में कई नेताओं की तस्वीरें भी थीं। समस्या जानने के लिए करीम लाला से सभी नेता मिलते थे।

कार्यालय, नगर पालिक निगम
जोन क्र. 7, रायपुर
मंगलम काम्पलेक्स, अग्रसेन चौक के पास, रायपुर (छ.ग.)

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //

नामांतरण प्र.क्र. 409/2019-2020
वार्ड का नाम- स्वामी आत्मानंद-15

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि स्वामी आत्मानंद वार्ड स्थित मकान/ भूमि/ 15/707 बी-3-301 जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती कांता देवी खण्डेलवाल पति भोलाशंकर खण्डेलवाल के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती भोलाशंकर खण्डेलवाल पिता स्व. रामेश्वर खण्डेलवाल ने मृत्यु प्रमाणपत्र/ सहमति पत्र/ शपथ पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जाने।

जोन कमिश्नर
जोन क्र.-07
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, भिलाई
उद्यान विभाग
Email Id:-npnbgarden@gmail.com, sudhirratre2003@gmail.com
क्र./का.पा.अभि./उद्यान/न.नि./2020/2239/399 भिलाई, दिनांक 15/01/2020

// रूचि की अभिव्यक्ति //

नगर पालिक निगम, भिलाई क्षेत्रांतर्गत जी.ई. रोड स्थित राशि उद्यान में गढ़ कलेवा के तर्ज पर व्यंजन/नास्ता केन्द्र एवं चौपाटी खोले जाने के लिए व्यक्ति, संस्था, स्व-सहायता समूह, विज्ञापन एजेंसी इत्यादि से जो कार्य करने के इच्छुक हो रूचि की अभिव्यक्ति अंतर्गत ऑफर दिनांक **29.01.2020** को सायं 5.30 बजे तक आमंत्रित किया जाता है। इस कार्य के लिए राशि रु. 750.00 मात्र का डी.डी. एवं धरोहर राशि रु. 20,000.00 मात्र की किसी राष्ट्रीयकृत बैंक का एजेंसी संस्था, समूह एवं आयुक्त नगर पालिक निगम, भिलाई के संयुक्त नाम पर एफ.डी.आर. तथा पेनकार्ड की छायाप्रति, संस्था एसएचजी, एनजीओ की स्थिति में पंजीयन एवं अन्य समस्त दस्तावेज स्वहस्ताक्षरित प्रमाण पत्र लिफाफा ''अ'' में तकनीकी ऑफर तथा लिफाफा ''ब'' में ऑफर दरें एवं दोनों लिफाफा एक अन्य लिफाफा ''सी'' में डालकर कार्य का नाम, प्रेषक का नाम, सहित कार्यपालन अभियंता, उद्यान विभाग नगर पालिक निगम, भिलाई के पते पर स्पीड पोस्ट/रजिस्टर डाक के माध्यम से प्रेषित करना होगा, अन्य माध्यम मान्य नहीं होगा। ऑफर दिनांक 30.01.2020 को प्रातः 11.00 बजे खोली जावेगी। अन्य जानकारी नियम एवं शर्तें नगर पालिक निगम भिलाई के वेबसाइट www.bhilainagarnigam.com में देखी एवं डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
उद्यान
नगर पालिक निगम, भिलाई

स्कूलों में सप्लाई होने वाले अंडों की ठीक नहीं क्वालिटी

बच्चों की सेहत से हो रहा खिलवाड़

बालोद। राज्य को कुपोषण मुक्त किए जाने के लिए सरकार द्वारा बच्चों को अंडा उपलब्ध कराए जा रहे हैं ताकि बच्चों को पौष्टिक आहार मिल सके। परंतु बालोद जिले के अंतर्गत ज्यादातर स्कूलों में परोसे जाने वाले अंडे खराब निकलने की शिकायत सामने आ रही है। जिसके चलते अंडा सप्लाई करने वाली एजेंसी पर आरोप लग रहे हैं कि वह सरकार के मंसूबों पर पानी फेर रही है। तो वहीं बच्चों के स्वास्थ्य से सीधे-सीधे खिलवाड़ किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि जिला मुख्यालय सहित गुरुर, डौंडी, डौंडीलोहारा एवं गुंडरदेही ब्लॉक में शिक्षा विभाग के महिला एवं बाल विकास विभाग के दफ्तर से होकर स्कूल आंगनबाड़ी केंद्रों तक अंडा पहुंच रहा है लेकिन अंडे की क्वालिटी की कोई देखरेख नहीं हो रही है। एक ओर जहां सरकार कुपोषण मुक्त करने का दावा कर रही है, तो वही घटिया अंडे परोसे जाने की वजह से जिले में कभी भी बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर बड़ी अप्रिय घटना होने से इनकार नहीं किया जा सकता। बहरहाल शीघ्र ही अगर गुणवत्ताहीन अंडों पर नकेल नहीं कसी गई, तो पालक भी आक्रोशित होकर अपने बच्चों को स्कूलों में मिलने वाले आहार से दूर कर सकते हैं।

बच्चों को कुपोषण से मुक्ति के नाम पर परोस रहे घटिया अंडे

बच्चों को कुपोषण से मुक्ति दिलाने के नाम पर घटिया अंडा परोसा जा रहा है। कई अंडे खराब निकल रहे हैं इससे शिक्षक भी परेशान हैं क्योंकि अंडा खराब निकला तो इसकी भरपाई शिक्षकों को करनी है। शिक्षक अगर आवाज उठा रहे हैं। पिछले दिनों गुंडरदेही ब्लॉक के राहुद संकुल क्षेत्र के स्कूल में खराब अंडा बांटे जाने का मामला सामने आ चुका है, जहां विभाग ने संबंधित फर्म जिसके माध्यम से अंडा सप्लाई हो रही है, उस पर कार्रवाई करने के बजाए उस शिक्षक पर कार्रवाई की है जिन्होंने सोशल मीडिया में खराब अंडे की फोटो शेयर की थी। विभाग की इस हिटलर शाही का शिक्षक संघ विरोध पर उतर आया है और आंदोलन की तैयारी भी होने लगी है। कुल मिलाकर जब से जिले के स्कूलों में अंडा बट रहा है तब से तरह-तरह की विवाद सामने आ रहे हैं। कई संगठन अंडा परोसे जाने का विरोध भी कर चुके हैं लेकिन हाल ऐसा है कि संबंधित फर्म मनमाने ढंग से यहां अंडा परोसने पर तुली हुई है।

पालकों में पनप रहा आक्रोश

अंडा सप्लाई करने वाली कंपनी के खिलाफघटिया अंडा परोसे जाने के कारण पालको में भी जमकर आक्रोश पनपने लगा है7 कुछ बच्चे जब स्कूल से घर आते हैं तो खराब अंडा मिलने की शिकायत करते हैं इस पर पालकों का कहना है कि कुपोषण दूर करने के नाम पर बच्चों की सेहत से कोई खिलवाड़ नहीं होना चाहिए, अन्यथा बच्चों को स्कूल भेजना बंद कर देंगे।

कमाई का जरिया बना अंडा

एक तरह से जिले में अंडा सप्लाई एक कमाई का जरिया बन चुका है रायपुर की कंपनी बेधड़क घटिया और खराब अंडा यहां सप्लाई करके खपा रही हैं और किसी तरह की कार्रवाई भी नहीं हो रही है बकायदा संबंधित ठेकेदार को शासन लाखों रुपए का भुगतान भी कर रही है लेकिन खराब अंडा की भरपाई के लिए कुछ नहीं हो रहा है, उल्टा शिक्षकों को कहा गया है कि अंडा स्कूल तक ले जाते समय अगर टूटा फूटा तो उसकी भी भरपाई शिक्षक स्वयं करेंगे।

उबालने पर खराब निकल रहा अंडा

खाना बनाने वाले रसोइयों का कहना है कि बाहर से तो अंडा ताजा नजर आता है लेकिन जब हम उसे कढ़ाई में डालते हैं तो उबालने के बाद वह खराब निकलता है। ऐसे में कई बच्चों के लिए सब्जी कम पड़ जाती है। खराब अंडा निकलने के कारण अन्य अंडों पर भी असर पड़ता है और सब्जी भी खराब बनती है, इससे स्वाद भी बिगड़ता है तो सेहत को भी खतरा रहता है, लेकिन क्या करें, मजबूरी में जो पकाने दिया जाता है, उसे रसोइये पका रहे हैं और अंडा कंपनी अपनी मनमानी कर रही है।

> अंडे खराब मिलने की शिकायत आ रही है। खराब अंडों की भरपाई दूसरे दिन की जा रही है। इस संदर्भ में पतासाजी की जा रही है। शीघ्र ही विस्तृत जानकारी उच्चाधिकारियों को दी जाएगी। अंडे की सप्लाई महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा कराई जा रही है।
>
> **- आरएन ठाकुर,** जिला शिक्षा अधिकारी बालोद

अमेजन के सीईओ की भारत यात्रा, व्यापारियों ने हल्ला बोला

भाटापारा । कनफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स(कैट) के तत्वाधान में 15 जनवरी 2020 अमेज़ॉन के ष्टश्वह्र जेफ बोजेस की भारत यात्रा के खिलाफ CAIT का हल्ला बोल। देश के विभिन्न राज्यों के लगभग 300 शहरों में आज नगर के जयस्तंभ चौक से बस स्टैंड चौक तक गो बैक का तकति व काला झंडा मोटरसाइकिल रैली निकाली गई ऑनलाइन व्यापार ई-कॉमर्स के अनैतिक तरीके से व्यापार कर 5 से 7 हजार करोड़ अपने बैलेंस शीट में नुकसान दिखा कर जीएसटी राजस्व सरकार को पटाने से बचती है। व हमें सरकार कहती है 10000 से ऊपर लेनदेन चेक से करें व ऑनलाइन कंपनी को खुली छूट दोहरी पालिसी नहीं होनी चाहिए। अमेजोन गो बैक गो बैक का नारा लगाए गए हमें इ कॉमर्स कंपनी ब्रिटिश सरकार की तरह गुलाम बनाने में लगी है अभी ऑफर का लालच देकर खुदरा रिटेल बाजार को समाप्त कर यह अमेरिकन कंपनी बाद में लूटेगी भारत के आर्थिक ढांचे को और कमजोर करेगा तो सावधान होने की जरूरत है। उपस्थित व्यापारी कैट के जिला अध्यक्ष कृष्ण कुमार मुंधड़ा, उपाध्यक्ष बाबू तोरण साहू (महोदय) कैट वरिष्ठ कमलेश कुकरेजा कोषाध्यक्ष व सर्राफा से रमेश श्रीमाली कपड़ा एसो. से अध्यक्ष तेज प्रकाश जैन अभिषेक मोदी सुशील गंगवानी किराना एसोः श्रीचंद छाबड़िया दिलीप मधान इलेक्ट्रॉनिक एसो. सहित बड़ी बड़ी संख्या में व्यापारियों ने विरोध प्रदर्शित किया

शादी का झांसा देकर दुष्कर्म, गिरफ्तार

भाटापारा। बहला फुसलाकर प्रेमजाल में फ़ंस कर पीड़िता के साथ लगातार दैहिक शोषण कर उसे गर्भवती करने वाले युवक को शहर पुलिस ने छिंदवाड़ा मध्यप्रदेश से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस ने युवक को जेल भेज कर आगे की कार्यवाही कर रही है।

उपरोक्त सम्बन्ध में शहर थाना प्रभारी महेश धुव ने बताया की आरोपी करण साहू ने पीड़िता को प्रेमजाल में फ़ंस कर उसे अमला बुलाकर छिंदवाडा के जुन्नारदेव घोरावड़ी ले जाकर लगातार दैहिक शोषण करते रहा और पीड़िता के द्वारा शादी करने बोलने पर मारपीट करता था इस बीच पीड़िता 9 माह की गर्भवती होने पर भी शादी न करने व मारपीट करने से पीडिता द्वारा थाने में रिपोर्ट आरोपी करण साहू पिता जनकराम साहू उम्र 23 वर्ष शाकिन हथनीपारा वार्ड भाटापारा के खिलाफ मामला दर्ज कराया जहाँ वरिस्ठ अधिकारीयो की जानकारी में मामले को लाने के बाद उनके दिशा निर्देशन में शहर पुलिस ने आरोपी करन साहू हाल मुकाम घोरावाड़ी तहसील जुन्नारदेव जिला छिंदवाड़ा को धारा 376 , 506 , 366 भादवि के तहत गिफ्तार कर उसे जेल दाखिला कर दिया। उक्त कार्यवाही मे सउनि ओम साहू प्र . आर . युगल किशोर वर्मा आरक्षक हरजीत सिंह व साइबर सेल कुमार जयसवाल का विशेष योगदान रहा।

कार्यालय कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग (वि/यां) संभाग रायपुर (छ.ग.)
क्र./177/2020 गरियाबंद, दिनांक 13.01.2020

स्थानीय समिति राजिम माघी पुन्नी मेला 2020
// संक्षिप्त निविदा सूचना //

प्रतिवर्ष राजिम माघी पुन्नी मेला, माघी पूर्णिमा से महाशिवरात्रि तक मेला आयोजित किया जाता है। इस हेतु स्थानीय समिति द्वारा कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग (वि/यां) संभाग रायपुर में राजिम, नवापारा, चम्पारण, लोमेश ऋषि आश्रम परिसर तथा विभाग द्वारा निर्देशित स्थलों पर की जाने वाली व्यवस्थाओं से संबंधित कार्यों हेतु सीलबंद लिफाफे में निविदाएं आमंत्रित की जाती है। प्रत्येक कार्य के लिए पृथक-पृथक प्रपत्र प्रस्तुत किया जायेगा। प्रपत्र में आयटम के लिए निर्धारित तिथि अंकित की गई है। प्राप्त निविदाएं उल्लेखित तिथियों पर उपस्थित सदस्यों/ निविदाकर्ताओं के सम्मुख खोली जायेगी। कार्यों से संबंधित नियम व शर्तें एवं विस्तृत विवरण निविदा प्रपत्र के साथ इस कार्यालय से निर्धारित राशि के भुगतान पर कार्यालयीन दिवस में कार्यालयीन समय पर निर्धारित तिथियों तक प्राप्त किए जा सकते हैं।

क्र.	कार्य का नाम/ विवरण	अमानत राशि	फार्म का मूल्य
निविदा क्रमांक 1 से 6 तक के फार्म खरीदने की तिथि 21/01/2020 शाम 5.30 बजे तक। जमा करने की तिथि 23/01/2020 को शाम 5.30 बजे तक तथा निविदा खोलने की तिथि 24/01/2020 को दोपहर 12.00 बजे।			
1.	मुख्य मंच, सूचना केन्द्र व जुड़े हुए कार्यालयों के कक्ष व मंच के आसपास, मुख्य मार्ग व खुले मैदानों के आसपास विद्युत व्यवस्था, स्ट्रीट लाईट, टावर लाईट, फोकस आदि कार्य	20000/-	2000/-
2.	संत समागम क्षेत्र में विद्युत व्यवस्था, पंखे, कूलर, लाईट आदि कार्य	20000/-	2000/-
3.	फैंसी लाईटिंग स्वागत द्वार (कलकत्ता पैटर्न) कार्य	10000/-	1000/-
4.	सांस्कृतिक कार्यक्रम मंच पर स्टेज डेकोरिटिव्ह लाईट इफेक्ट लगाने	10000/-	1000/-
5.	सीसीटीव्ही कैमरा लगाने हेतु	10000/-	1000/-
6.	माईक व्यवस्था/पी.ए. सिस्टम आदि उपलब्ध कराने कार्य	10000/-	2000/-

विभिन्न कार्यों के निविदा फार्म एवं विस्तृत शर्तों की जानकारी कार्यालयीन समय एवं दिवस पर कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग (वि./यां.) संभाग रायपुर से प्राप्त की जा सकती है। पूर्व कार्य अनुभव व सक्षमता से समिति को संतुष्टिकरण अनिवार्यता है। अमानत राशि हेतु राष्ट्रीय कृत बैंक या ड्राफ्ट/बैंकर चेक/फिक्स डिपाजिट रसीद (एफ.डी.आर.) अध्यक्ष, स्थानीय समिति राजिम माघी पुन्नी मेला के नाम पर निविदा के साथ संलग्न किया जावे। किसी भी विषय पर विवाद व स्पष्टीकरण की स्थिति में स्थानीय समिति द्वारा किया गया निर्णय अंतिम व सर्वमान्य होगा।

जी-76210/2

कार्यपालन अभियंता
लो.नि.वि. (वि/यां) संभाग
रायपुर (छ.ग.)

GOVERNMENT OF CHHATTISGARH WATER RESOURCES DEPARTMENT
OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER WATER RESOURCES DIVISION, DANTEWADA (C.G.)
CORRIGENDUM NO.1

In System Tender No. 59229 N.I.T. No. 02/SAC/19-20, Dantewada, Dated 19.12.2019, whose G-Number is 75885/1 dated 19.12.2019 following amendments are made :-

S.No.	Earlier Published	Amendments Now Read as
1	The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh Integrated e-Procurement Portal (https://eproc.cgstate.gov.in) **from Date 27.12.2019 at 17.31 Hours (IST) onwards**	The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh Integrated e-Procurement Portal (**https:// eproc.cgstate.gov.in**) **from Date 20.01.2020, at 17.31 Hours. (IST) onwards**
2	**Online Tenders are invited for the following works up to 10.01.2020 at 17.30 Hour**	**Online Tenders are invited for the following works up to 03.02.2020 at 17.30 Hour**

Note :- All other terms and conditions will remain be unchanged.

G-76224/4

Executive Engineer
Water Resources Division, Dantewada,
For, Superintending Engineer,
Indrawati Project Circle, Jagdalpur (C.G.)

CHHATTISGARH STATE POWER TRANSMISSION CO. LTD.
(A Government of Chhattisgarh Undertaking) (A Successor Company of CSEB)
OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER (CIVIL) SHED NO -5, DANGANIYA, RAIPUR
CIN- U40108CT2003SGC015820
Website- www.cspc.co.in E-mail- ceciviltrans.raipur@cspc.co.in Phone No. 0771-2574583, Fax: 0771-2574145
No./04-01/Trans./Works/2603 Raipur, dtd: 14.01.2020

E-TENDER NOTICE

Online bids are invited through CSPCL, e-bidding system (SAP) from eligible contractors/firms registered in CSPTCL, on percentage rate above/below/at par of CG PWD SOR for Building Works, Road Works, Bridge Works (w.e.f. 01.01.2015) and Electrical & Mechanical work (01.07.2015) and base rate for Non-SOR items. The unregistered contractors/firms having similar work experience in Central/State Government/Autonomous Bodies/Public Undertaking shall also be considered on submission of experience certificate for following work as mentioned below:-

Sl. NO.	Tender SPN. No.	Name of Work	NIT value i/c 18% GST (Rs.)	EMD (Rs.)	Completion period (including rainy season)
1	CEC/C-TRANS/W/19-20/82 Rfx No.8100016401	Providing services of 04 No. Semi -skilled labours for the O/o E.E. (Civil) HQ Dn. Raipur.	7.00 Lakhs	7000/-	12 Months
2	CEC/C-TRANS/W/19-20/83 Rfx No.8100016402	Annual work of pump/valve operation including watch & ward of pump house no. 1 and 2 situated at premises of Bijalee nagar colony,Bhilai - 3.	10.86 Lakhs	10900/-	12 Months
3	CEC/C-TRANS/W/19-20/84 Rfx No.8100016403	Special repair and maintenance work of control room building at 132 KV S/s. Raigarh.	8.60 Lakhs	8600/-	02 Months
4	CEC/C-TRANS/W/19-20/85 Rfx No.8100016409	Construction of Executive Engineer substation Division office building at 132/33 KV S/s. Rajnandgaon.	31.12 Lakhs	31120/-	06 Months
5	CEC/C-TRANS/W/19-20/86 Rfx No. 8100016410	Installation of additional of 40 MVA 132/33 KV transformer at 220 KV S/s. Gendpur (Kawardha).	29.69 Lakhs	30,000/-	03 Months

Cost per tender document to be submitted online each for Sl.No. 1, 2, 3, above is Rs. 590/- each except Sl. No. (4) & (5) above is Rs. 885/- each. Last date & time for submission and opening of bids for Sl. No. 01, 02 & 03 dt. 10.02.2020 (up to 12:00 Hrs. & 12:15 Hrs.), Sl. No. 04 & 05 dt. 11.02.2020 (up to 12:00 Hrs. & 12:15 Hrs.) respectively. The tender document can be viewed and download online from our e-tendering portal.

//Save Electricity// S.-24088/3 Chief Engineer (Civil) CSPTCL, Raipur

आन्ध्रा बैंक
(भारत सरकार का उपक्रम)
आंचलिक कार्यालय: 228, द्वितीय तल जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल

कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति हेतु)
सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के [नियम 8 (1)] के तहत

अधोहस्ताक्षरकर्ता ने जो वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठित तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 (एक्ट 54 का 2002) के अधीन आन्ध्रा बैंक की उपरोक्त शाखा का प्राधिकृत अधिकारी है, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, ऋण लेने वाले निम्नलिखित कर्जदार को निम्नांकित सारणी के अनुरूप मांग सूचना तथा उसमें उल्लिखित रकम उक्त सूचना की प्राप्ति की तारीख से 60 दिन के भीतर प्रतिदाय करने की मांग करने के लिए जारी की थी।

ऋण लेने वाले द्वारा रकम का प्रतिदेय करने में असफल रहने पर, ऋणी/जमानतकर्ता/बन्धककर्ता और जनसाधारण को यह सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पठित उक्त (अधिनियम) की धारा 13(4) के अधीन उसे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा ले लिया है। ऋणी/जमानतकर्ता/बन्धककर्ता को विशेष रूप से और सर्वसाधारण को सामान्यतया एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि निम्नलिखित सम्पत्तियों में कोई लेन-देन न करें और उसमें किसी प्रकार का लेन-देन आन्ध्रा बैंक की उपरोक्त संबंधित शाखा को देय बकाया राशि एवं उस पर ब्याज आदि के प्रभार के अधीन होगा।

[illegible]

क्र. सं.	ऋणी का नाम	सम्पत्ति का विवरण	मांग राशि (आगामी ब्याज देय व वसूली योग्य है)	मांग सूचना की तिथि / कब्जा सूचना की तिथि
1.	ऋणी- भैरव प्रसाद दुबे, प.ह.नं. 7, प्लॉट नं. 65, मौजा- सांकरा, खुशबु विहार, अमलेश्वर, जिला- दुर्ग (छ.ग.)। मंदाकिनी दुबे, प.ह.नं. 7, प्लॉट नं. 65, मौजा- सांकरा, खुशबु विहार, अमलेश्वर, जिला-दुर्ग (छ.ग.)।	श्री भैरव प्रसाद दुबे (संपत्ति का मालिक) के नाम पर प्लॉट नं. 65, खसरा नं. 111/8, सीमा- 960 वर्गफुट, प.ह.नं. 07/08, मौजा- सांकरा, खुशबु विहार कालोनी, तहसील पाटन, जिला-दुर्ग छ.ग. में स्थित आवासीय भवन व भूमि। चौहद्दी- पूर्व- प्लॉट नं. 50, पश्चिम- सड़क, उत्तर- प्लॉट नं. 66, दक्षिण- प्लॉट नं. 64।	₹ 14,98,349.64/- (रुपये चौदह लाख अन्ठानबे हजार तीन सौ उन्चास और चौसठ पैसे) एचएल हेतु और ₹ 1,43,741.15/- (रुपये एक लाख तिरालीस हजार सात सौ इकतालीस और पंद्रह पैसे) पीएलएसईआई के लिए दिनांक 01.11.2019 को अनुबंध के तहत आगामी ब्याज के साथ।	01.11.2019 / 13.01.2020
2.	ऋणी- कपिल नाथ साहू पिता- बाबूलाल साहू, ग्राम, पोस्ट ऑफिस- पेण्ड्री, केरा रोड, जांजगीर-चाम्पा (छ.ग.), सह-ऋणी- जगन्नाथ प्रसाद बरेठ पिता- श्री लेखराम बरेठ, मकान नं. 288, पेंड्री बहार, कोरबा (छ.ग.) पिन-495677	श्री कपिल नाथ साहू (संपत्ति के मालिक) के नाम पर प्लॉट खसरा नं. 469/3, प.ह.नं. 46, ग्राम- पेण्ड्री, लेण्डमार्क बजरंग राईस मिल के सामने, तहसील- जांजगीर, जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.) में स्थित आवासीय भूमि व भवन। चौहद्दी- पूर्व- बहु का प्लॉट, पश्चिम- शासकीय नहर का प्लॉट, उत्तर- विक्रेता का प्लॉट, दक्षिण- विक्रेता का प्लॉट।	₹ 9,13,054.81/- (रुपये नौ लाख तेरह हजार चौवन और इक्यासी पैसे) दिनांक 01.10.2019 को अनुबंध के तहत आगामी ब्याज के साथ।	05.10.2019 / 13.01.2020
3.	ऋणी- मेसर्स श्री हसदेव फ्लाई ऐश ब्रिक्स, प्रोप. राजेश सिंह छत्री, कलेर पारा, महादेव घाट, चाम्पा, जिला-चाम्पा (छ.ग.) पिन-495671, श्री राजेश छत्री (एटीएलईआई के मामले में प्रोपराइटर व ऋणी) पिता जगदीश सिंह छत्री, पता- सदर बाजार, चाम्पा (छ.ग.) पिन-495671, सह-ऋणी-श्री जगदीश सिंह पिता- स्व. पदुम सिंह, निवास- कलेर पारा, तहसील- चाम्पा, जिला-जांजगीर-चाम्पा (छ.ग.) पिन-495671।	श्री जगदीश सिंह के नाम पर खसरा नं. 215/2 का भाग, प्लॉट नं. 44, मौजा पुरेना में स्थित, पीसी नं. 113, आरआईसी- रायपुर, तहसील व जिला- रायपुर (छ.ग.), कुल क्षेत्रफल 1500 वर्गफुट के साथ स्थित आवासीय भवन वर्गफुट के साथ स्थित आवासीय भवन व भूमि। चौहद्दी- पूर्व- श्रीमती स्वर्णलता तिवारी का मकान, पश्चिम- सड़क, उत्तर- प्लॉट नं. 45 पर श्री रूपचंद गेही की संपत्ति, दक्षिण- प्लॉट नं. 43 पर श्री अनूप वर्मा का प्लॉट।	₹ 13,89,801.86/- (रुपये तेरह लाख नवासी हजार आठ सौ एक और छियासी पैसे) दिनांक 01.10.2019 को अनुबंध के तहत आगामी ब्याज के साथ।	04.10.2019 / 10.01.2020

दिनांक : 15.01.2020, स्थान : भोपाल (म.प्र.) प्राधिकृत अधिकारी, आन्ध्रा बैंक

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित,
फोन व फैक्स : 0771-4035602, RNI NO.CHHHIN/2012/41806/ डाक पंजीयन क्रमांक सी.जी./आर.वाई.पी. डीएन/40/2019-2021

श्रीदेवी से बड़ी स्टार बनने के बारे में नहीं सोंच रही है जान्हवी

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री जान्हवी कपूर का कहना है कि वह अपनी मां श्रीदेवी से बड़ी स्टार बनने के बारे में नहीं सोच रही है। बोनी कपूर और श्रीदेवी की बेटी जान्हवी ने फिल्म धड़क से बॉलीवुड में डेब्यू किया है। वह इन दिनों कई फिल्मों में काम कर रही हैं। उन्होंने कहा, मैं इसे एक जिम्मेदारी के रूप में सोचती हूं। मेरे परिवार और मेरी मां को दर्शकों से बहुत प्यार और प्रशंसा मिली हैं।

इसके कारण मुझे भी ऐसा ही प्यार मिला है। मुझे अब यह साबित करने के लिए अपने दम पर और अधिक महेनत करनी होगी, ताकि मैं यह साबित कर सकूं कि मैं इस लायक हूं। जान्हवी कपूर को लगता है कि यह उनकी ज़िम्मेदारी है कि वह अपने स्टारडम से ज्यादा मां से जुड़ी भावनाओं को पूरा करें। उन्होंने कहा कि वह अपनी मां से बड़ी स्टार बनने के बारे में नहीं सोच रही है। उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता कि यह किसी के लिए भी संभव है।

कंगना रनौत ने मुंबई में खरीदा शानदार स्टूडियो

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत ने मुंबई के पाली हिल में एक शानदार स्टूडियो खरीदा है।

कंगना रनौत उन स्टार्स में से एक हैं, जिन्होंने अपने दम पर बॉलीवुड में अपनी एक अलग पहचान बनायी है। अब उन्होंने अपने फैन्स को एक और गुड न्यूज़ दी है। उन्होंने मुंबई के एक पॉश इलाके में पाली हिल में अपने लिए एक शानदार स्टूडियो खरीदा है। इसकी जानकारी कंगना की बहन रंगोली चंदेल ने सोशल मीडिया पर दी है।

रंगोली ने कंगना के एक नए स्टूडियो की तस्वीर अपने ट्विटर वॉल पर पोस्ट की है। इसके साथ उन्होंने कहा है, 'यह मुंबई के प्राइम लोकेशन, पाली हिल में कंगना का स्टूडियो है। उन्होंने यह सपना 10 साल पहले देखा था और आज हम सब इसे देख रहे हैं। जब लोग अपनी ईमानदारी और सच्चाई से सबकुछ पा सकते हैं तो लोग छोटी-मोटी बंडलबाजी और बेईमानी क्यों करते हैं।

कंगना इन दिनों अपनी अगली फिल्म 'पंगा' को लेकर व्यस्त चल रही हैं। इस फिल्म में कंगना के अलावा जस्सी गिल, रिचा चड्ढा और नीना गुप्ता भी अहम रोल निभाते नजर आने वाले हैं। यह फिल्म 24 जनवरी को रिलीज होगी।

फॉरेस्ट अफसर का किरदार निभायेगी विद्या बालन

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री विद्या बालन सिल्वर स्क्रीन पर फॉरेस्ट अफसर का किरदार निभाती नजर आ सकती है। बॉलीवुड में चर्चा है कि विक्रांत मल्होत्रा महाराष्ट्र में हुई बाघिन की हत्या के कोंट्रोवर्शियल केस पर एक फिल्म बनाने जा रहे हैं। इस फिल्म में विक्रांत मल्होत्रा विद्या बालन को साइन करने जा रहे हैं। नवंबर 2018 में महराष्ट्र की बाघिन अवनि पूरे भारत में चर्चा का विषय बनी हुई थी। कहा जा रहा था कि महराष्ट्र के पांढरकवड़ा इलाके में एक बाघिन ने 13 इंसानों को मार डाला था। बाघिन के आदमखोर होने के कारण पूरे जिले में खौफथा। डर को बढ़ते देख बाघिन अवनि की हत्या कर दी गयी थी। मुद्दा इतना बड़ा बन गया की पूरे देश में अवनि की हत्या पर अलग-अलग प्रतिक्रियाएं आने लगीं। ऐसे बहुचर्चित मुद्दे पर फिल्म बनना काफी दिलचस्प है। बताया जा रहा है कि इस फिल्म के निर्माताओं को फॉरेस्ट अफसर के रोल के लिए दमदार अभिनय कुशलता की ज़रुरत थी, जो दर्शकों को बांध कर रख सके, शायद यही कारण है कि फिल्म में विद्या को लीड रोल दिया गया है। विद्या बालन की अब तक की शानदार परफॉर्मेंस को ध्यान में रखते हुए निर्माताओं ने उन्हें इस रोल के लिए सबसे बेहतर माना है।

QUIZ TIME

1) सितम्बर 2019 में स्वच्छ कोयला अनुसंधान व विकास के लिए एक राष्ट्रीय केन्द्र का उद्घाटन किस स्थान पर किया गया?
(क) आईआईटी, दिल्ली (ख) आईआईएम, अहमदाबाद (ग) आईआईटी, बेंगलुरू (घ) आईआईटी, चेन्नई
2) किस राइफल से गोली दागी जाती है, जो फायर किए जाने के बाद पीछे हट जाती है। उस गोली के प्रति राइफल का गतिज ऊर्जा अनुपात निम्नलिखित में से कितना होता है? (शून्य / एक)
3) रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन ने 11 सितम्बर, 2019 को किस महत्वपूर्ण एण्टी टैंक गाइडेड मिसाइल का सफल परीक्षण किया?
4) प्रतिरोधः ओम :: विद्युतधाराः ?
5) संख्या ज्ञात करें?



Ramaquiz

उत्तरमाला: (1) आईआईटी, दिल्ली (2) एक (3) मैन पोर्टेबल एण्टी टैंक गाइडेड मिसाइल (4) एम्पियर (5) 10

प्रियंका चोपड़ा ने खोला राज, क्यों लिया 10 साल छोटे निक जोनस को डेट करने का फैसला

प्रियंका चोपड़ा और निक जोनस अपनी शादी से पहले और बाद में भी लगातार चर्चा में रहते हैं। इन दोनों की तस्वीरें सोशल मीडिया पर भी काफी पॉप्युलर रहती हैं। पिछले महीने ही इस कपल ने अपनी शादी की पहली सालगिरह बनाई थी और अब प्रियंका ने इस बात का खुलासा किया है कि आखिर उन्होंने निक जोनस को डेट करने का फैसला क्यों लिया।

प्रियंका और निक ने साल 2017 में एक-दूसरे को डेट करना शुरू किया था। इसके अगले ही साल उन्होंने अपनी रिलेशनशिप को अगले लेवल पर ले जाने का फैसला लेते हुए शादी के बंधन में बंधने में फैसला ले लिया। एक हालिया इंटरव्यू में प्रियंका ने अपनी लव स्टोरी के बारे में बात की। उन्होंने बताया कि उन्होंने अमेरिकन पॉप सिंगर निक जोनस को उनके सॉन्ग 'क्लोज' के विडियो को देखने के बाद डेट करने का फैसला किया था।

तान्हाजी: द अनसंग वॉरियर ने की 100 करोड़ की कमाई

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड के सिंघम स्टार अजय देवगन की फिल्म 'तान्हाजीः द अनसंग वॉरियर' ने बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ से अधिक की कमाई कर ली है। फिल्म 'तानाजीः द अनसंग वारियर' 10 जनवरी को रिलीज हुयी है। ओम राउत द्वारा निर्देशित यह फिल्म 17वीं शताब्दी की पृष्ठभूमि पर आधारित एक पीरियड फिल्म है। तानाजी मालसुरे वास्तव में छत्रपति शिवाजी के शासनकाल के सूबेदार बहादुर और महान योद्धा थे। उनका जीवन सफलता और बलिदान की एक शानदार यात्रा रही है। फिल्म में अजय देवगन ने तानाजी का किरदार निभाया है। फिल्म में अजय देवगन के अलावा काजोल और सैफअली खान की भी मुख्य भूमिका है। 'तान्हाजीः द अनसंग वॉरियर' ने बॉक्स ऑफिस पर तूफान मचाकर रख दिया है। फिल्म ने वीकेंड के दौरान करीब 62 करोड़ की कमाई की थी। फिल्म 'तान्हाजीः द अनसंग वॉरियर' को हालांकि समीक्षकों ने मिलजुली प्रतिक्रिया दी थी, लेकिन बावजूद इसके फिल्म बॉक्स ऑफिस पर लगातार शानदार प्रदर्शन कर रही है।

6 महीने में 62 रुपये बढ़ गए हैं एलपीजी सिलेंडर के दाम

- फ्यूल सब्सिडी में कटौती के बाद ऑयल कंपनियों ने कीमतों को प्रकाशित करना बंद कर दिया है
- गैस सब्सिडी में कटौती करने से सरकार को उससे बचने वाली रकम अन्य जगहों पर खर्च करने के काम आएगी

नई दिल्ली। सब्सिडी वाली कुकिंग गैस के दाम पिछले छह महीने में 13 पर्सेंट यानी 62 रुपये प्रति सिलिंडर बढ़े हैं। सरकार के फ्यूल सब्सिडी में कटौती करने के बाद ऑयल कंपनियों ने कीमतों को प्रकाशित करना बंद कर दिया है। इस कारण LPG की महंगाई पर अब तक गौर नहीं किया गया था।

गैस सब्सिडी में कटौती करने से सरकार को उससे बचने वाली रकम अन्य जगहों पर खर्च करने के काम आएगी। मौजूदा वित्त वर्ष में सरकारी राजस्व अपने लक्ष्य से पीछे चल रहा है। हालांकि इस कदम से पांच साल की रिकॉर्ड महंगाई से जूझ रहे आम आदमी की मुश्किलें और बढ़ेंगी।

सरकारी ऑयल कंपनियों ने सब्सिडी वाली रसोई गैस के दाम अगस्त में 30 रुपये प्रति सिलिंडर तक बढ़ाए थे। उसके अगले पांच महीनों में इनकी कीमतों में अतिरिक्त 32 रुपये की बढ़ोतरी की जा चुकी है। 2014 से लेकर 2019 के मध्य तक LPG के दाम में कुल 82 रुपये का इजाफा हुआ था। इस लिहाज से बीते महीनों में हुई बढ़त कहीं ज्यादा है।

सरकार ने कीमतों को अगस्त में तेजी से बढ़ाने और आगे के महीनों में चार रुपये प्रति माह के दर पर इजाफा करने का आदेश दिया था। हालांकि, कंज्यूमर प्राइस में हुई मासिक बढ़त उसकी तुलना में कई ज्यादा देखने को मिली। मामले से वाकिफ सूत्रों ने बताया कि सरकार फ्यूल सब्सिडी को कुछ वर्षों में खत्म करना चाहती है। हालांकि उसके आदेश में इसका जिक्र नहीं किया गया है। साथ ही, हर महीने दाम में होने वाली वृद्धि की समय सीमा भी नहीं बताई गई है। तेल मंत्रालय, इंडियन ऑयल, HPCL और BPCL ने खबर से जुड़े ईटी के ईमेल का जवाब नहीं दिया।

सूत्रों के अनुसार, सरकार ने सब्सिडी पाने वाले ग्राहकों को दो श्रेणियों में डाला है। एक श्रेणी में वे लोग हैं, जिन्होंने उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन लिया है। इन उपभोक्ताओं को दूसरी श्रेणी की तुलना में 20 रुपये अधिक सब्सिडी मिलती है। दिल्ली में 14.2 किलोग्राम के सिलिंडर का मार्केट रेट 714 रुपये है, जिसपर उज्ज्वला के लाभार्थियों को 179 रुपये और बाकियों को 158 रुपये की सब्सिडी दी जाती है। मसलन, उज्ज्वला ग्राहकों के लिए कंज्यूमर प्राइस 535 रुपये और अन्य के लिए 556 रुपये हुई।

ओरिएंट इलेक्ट्रिक ने लॉन्च किये एयर सर्कुलेटिंग लग्जरी झूमर

इंदौर। ओरिएंट इलेक्ट्रिक लिमिटेड, जोकि 2.4 बिलियन अमेरिकी डॉलर के विविधीकृत सीके बिरला ग्रुप का एक अंग है, ने एयर सर्कुलेटिंग लग्जमरी झूमर की अपनी नई एलिगेंजा सीरीज को लॉन्चथ किया है, जिसमें मूड लाइटिंग भी है। कंपनी ना सिर्फ इस कैटेगरी का तेजी से विस्ता र करना चाहती है, बल्कि इसका उद्देश्य अगले दो वर्षों में एक प्रमुख बाजार हिस्सेदारी भी हासिल करना है। ओरिएंट एलिगेंजा रेंज में तीन आकर्षक, अनूठी खूबियों वाले एयर सर्कुलेटिंग लग्जहरी झूमर शामिल हैं।

अतुल जैन,एक्जी।क्यूैटिव वाइस प्रेसिडेंट, ओरिएंट इलेक्ट्रिक लिमिटेड ने कहा, ''बढ़ती आकांक्षाओं और सम्पन्नता के कारण भारत के उपभोक्ता आज अनूठे अनुभव देने वाले विश्व-स्तरीय लक्जरी उत्पादों और सेवाओं की मांग कर रहे हैं। लक्जरी लाइफस्टाइल की चाह अब टियर -1 शहरों तक सीमित नहीं है, बल्कि टियर-2 और टियर-3 शहरों में भी समान रूप से देखी जा सकती है। हम अपने ब्राण्ड की प्रीमियम पोज़िशनिंग को और मजबूत करने के लिये प्रीमियम उत्पादों की तेजी से बढ़ रही मांग का लाभ उठाना चाहते हैं।''

उन्होंने आगे कहा, ''हम एलिगेंजा सीरीज़ के साथ अपने ग्राहकों को उनके घर के लिये ''पीस ऑफ आर्ट'' की पेशकश कर रहे हैं, जिसमें एयर सर्कुलेशन की अतिरिक्त सुविधा भी है। हमें विश्वास है कि सुंदर डिजाइन और डिटेलिंग वाले हमारे एयर सर्कुलेटिंग लक्जरी झूमर भारतीय उपभोक्ताओं को आकर्षित करेंगे। इनका इंस्टालेशन निशुल्क है और इनकी बिक्री-पश्चात सेवा भरोसेमंद है।

दक्षिण भारत में कड़ाके की ठंड से बढ़ी चाय उद्योग की परेशानी

कोच्चि। केरल और तमिलनाडु में पाला पड़ने से चाय की फसल को नुकसान पहुंचा है। चाय उद्योग पहले से ही कम उत्पादन और दाम में स्थिरता की समस्या से जूझ रहा है। ऐसे में इस नई समस्या ने उनकी मुश्किलों को और बढ़ा दिया है। केरल के चाय बागानों को पिछले साल पाले की गंभीर मार के चलते भारी नुकसान उठाना पड़ा था। इस साल सर्द हवाएं कुछ हफ्तों की देरी से बहनी शुरू हुईं, लेकिन इसने पूरे इलाके को अपनी चपेट में ले लिया है।

केरल के मन्नार स्थित कानन हिल प्लांटेशंस (KDHP) के एमडी मैथ्यू अब्राहम ने बताया, 'पिछले कुछ दिनों में तापमान शून्य के नीचे चला गया था। अभी तक इससे करीब 20 हेक्टेयर की फसल को नुकसान पहुंचा है।' उन्होंने बताया, 'आमतौर पर ठंड का मौसम फरवरी के मध्य तक रहता है। ऐसे में हमें अभी इंतजार करना होगा। पिछले साल हमने अब तक का सबसे गंभीर पाला पड़ते हुए देखा, जिससे 900 हेक्टेयर की फसल की बर्बाद हो गई थी।' KDHP के पास 24,000 हेक्टेयर में फैले चाय बागान है और वह दक्षिण भारत की सबसे बड़ी टी कंपनी है।

एक दूसरी बड़ी टी कंपनी हैरिसन मलयालम लिमिटेड को भी पाला पड़ने से काफी नुकसान पहुंचा है। कंपनी में टी सेगमेंट के वाइस प्रेसिडेंट अनिल जॉर्ज जोसेफ ने बताया, 'मन्नार की पहाड़ी श्रृंखलाओं में करीब 80 हेक्टेयर का इलाका अभी तक इसकी चपेट में आ चुका है।' तमिलनाडु के नीलगिरि में भी चाय बागानों पर ठंड की मार पड़ी है। द यूनाइटेड प्लांटर्स असोसिएशन ऑफसदर्न इंडिया (UPASI) के हेड आर रंजीत ने बताया, 'कुछ बागानों पर असर पड़ा है। हमें देखना होगा मौसम की यह मार कब तक जारी रहती है।'

दक्षिण भारतीय राज्यों में पिछले एक साल से टी इंडस्ट्री मुश्किलों का सामना कर रही है। UPASI के आंकड़ों के मुताबिक जनवरी-नवंबर 2019 के दौरान दक्षिण भारत में चाय का उत्पादन इसके पिछले साल के मुकाबले 42 लाख किलोग्राम घटकर 20.09 करोड़ किलो रहा था। अब्राहम ने बताया, 'पिछले साल मई तक पाले का असर खत्म हो गया था, लेकिन फिर प्री-मॉनसून सीजन के दौरान होने वाली बारिश नहीं हुई। इससे उत्पादन प्रभावित हुआ है। कीमतें भी जस की तस बनी हुई हैं।'

दक्षिण भारत राज्यों में सबसे ज्यादा चाय का उत्पादन तमिलनाडु और केरल में होता है, जिनका देश के कुल चाय उत्पादन में करीब 17 पर्सेंट हिस्सा है। हालांकि टी एक्सपोर्ट में इस इलाके का हिस्सा करीब 40 पर्सेंट है।

एफ15 के लॉन्च के साथ ओप्पो ने भारत में अपना एफ सीरीज का पोर्टफोलियो मजबूत किया

- 19,990 रु. के ओप्पो एफ15 ने बेहतरीन डिज़ाइन एवं अतुलनीय स्टाईल के साथ अपेक्षाएं बढ़ा दी हैं

इंदौर। स्टाईल के साथ नए साल की शुरुआत करते हुए, अग्रणी ग्लोबल स्मार्टफोन ब्रांड, ओप्पो ने भारत में अपना लेटेस्ट स्मार्टफोन, ओप्पो एफ15 लॉन्च किया है। ओप्पो की लोकप्रिय एफ सीरीज़ का नया उत्पाद, एफ15 डिज़ाईन के मामले में अद्वितीय है। यह केवल 7.9 मिमी पतला और 172 ग्राम वजन का है। इस स्लीक स्मार्टफोन में लेज़र लाईट-रिफ्लेक्टिव बैक कवर है, जो इसकी खूबसूरती बढ़ाकर स्टाईल पसंद करने वाले युवाओं के लिए एक आदर्श स्मार्टफोन प्रस्तुत करता है। ओप्पो एफ15 में 48 मेगापिक्सल के कैमरे के साथ अल्ट्रा-वाईड एंगल मैक्रो क्वाडकैम सेटअप है, जो फोटोग्राफी का बहुत प्रभावषाली अनुभव प्रस्तुत करता है। लाईटनिंग ब्लैक एवं यूनिकॉर्न व्हाईट कलर्स में उपलब्ध ओप्पो एफ15 स्टाईलिश अल्ट्रा-पोर्टेबल है एवं ऑन-द-गो रहने के लिए बेहतरीन स्मार्टफोन है। यह डिवाईस 24 जनवरी से ऑनलाईन एवं ऑफलाईन स्टोर्स पर 19,990 रु. के आकर्शक मूल्य में मिलेगा।

एफ15 के साथ ओप्पो का उद्देष्य इस मूल्य वर्ग में अपने ग्राहकों को बेहतरीन टेक्नॉलॉजी उत्पाद प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता मजबूत करना है।

इस लॉन्च के बारे में श्री सुमित वालिया, वाईस प्रेसिडेंट - प्रोडक्ट एवं मार्केटिंग, ओप्पो इंडिया ने कहा, ''ओप्पो उपभोक्ताओं को सर्वश्रेश्ठ अनुभव प्रदान करने के लिए सीमाओं का विस्तार करने में यकीन करता है।

खाद्य तेल, चीनी, गेहूँ में टिकाव, दलहन गरम

नयी दिल्ली (वार्ता)। विदेशों में खाद्य तेलों में लगभग टिकाव रहने के बीच दिल्ली थोक जिंस बाजार में बुधवार को इनमें टिकाव रहने के साथ ही चीनी और गेहूँ के दाम भी पड़े रहे। इस दौरान चुनिंदा दाल दलहन में तेजी देखी गयी।

तेल-तिलहन : अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मार्च वायदा 87 रिंगिट उतरकर 3,005 रिंगिट प्रति टन रह गया। मार्च का अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 0.39 सेंट की गिरावट में 33.56 सेंट प्रति पौंड बोला गया। स्थानीय बाजार में आवक और उठाव के बीच संतुलन रहने से सरसों तेल, मूँगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया तेल, पाम ऑयल और वनस्पति के दाम में टिकाव रहा।

सेंसेक्स पहली बार 42 हजार के पार, निफ्टी रिकॉर्ड उंचाई पर

नई दिल्ली। अमेरिका और चीन के बीच पहले चरण का ट्रेड डील के बाद भारतीय शेयर बाजार में गुरुवार को तेजी के रुझानों के बीच सेंसेक्स पहली बार 42,000 के पार चला गया और निफ्टी भी नई उंचाई को छुआ।

सुबह 10.22 बजे सेंसेक्स पिछले सत्र से 99.71 अंकों की तेजी के साथ 41,972.44 पर बना हुआ था और निफ्टी भी 20.85 अंकों की तेजी के साथ 12,364.15 पर कारोबार कर रहा था।

इससे पहले बंबई स्टॉक एक्सचेंज यानी बीएसई के 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स पिछले सत्र के मुकाबले तेजी के साथ 41,924.74 पर खुला और 42,000 के मनोवैज्ञानिक स्तर को तोड़कर रिकॉर्ड 42,059 तक उछला। सेंसेक्स पिछले सत्र में 41,872.73 पर बंद हुआ था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज यानी एनएसई के 50 शेयरों वाला सूचकांक निफ्टी भी पिछले सत्र के मुकाकले तेजी के साथ 12,347.10 पर खुला और कारोबार के दौरान 12389.05 तक उछला जोकि अब तक का रिकॉर्ड स्तर है। निफ्टी पिछले सत्र में 12,343.30 पर बंद हुआ था।

त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों में भी भाजपा वही पुराने ढर्रे पर

- कांग्रेस निकाय जीत से उत्साहित हो निकली पंचायत की ओर
- निकाय चुनाव में हार के बावजूद पंचायत चुनावों में कोई सुधार नहीं दिख रहा
- मतदान पूर्व कांग्रेस व भाजपा संगठन प्रमुखों के दावे
- समिति बनाकर खानापूर्ति कर रही भाजपा, वही कांग्रेस के आला नेता निकले चुनावी मैदान में
- जिला पंचायत चुनावों में उम्मीदवारों का टोटा तो कहीं पुराने मोहरों पर लगाया दांव

नवप्रदेश संवाददाता

बालोद। बालोद जिला के अधिकांश नगर पंचायतों में व निकाय में अच्छे प्रदर्शन करने के बाद भी जीती बाजी हार कर बालोद की राजनीतिक चुनावी मैदान में अर्श से सीधे फर्श पर आ गिरी भाजपा त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों में भी वही पुराने हथकंडे अपना रही है। जो निकाय चुनावों में दिखाई दिया आपस मे ही टिकट वितरण बड़े व योग्य जमीनी कार्यकर्ताओ की नजरअंदाजी व स्वम भु नेताओ के अगुवाई में निकाय की रणनीति को छोड़ देने से नगर पंचायत चुनावों में भाजपा को तगड़ा झटका लगा है। जो आने वाले पंचायती राज के चुनाव में मतदान से पहले अगर कोई सुधार नही किया गया तो नुकसान की संभावना भी बनी हुई है। बालोद जिले में 5 जनपद पंचायत डौण्डी, बालोद, गुरुर, डौण्डीलोहारा व गुंडरदेही शामिल है जिसमे पिछली बार तो 4 में भाजपा का कब्जा रहा है। वही डौण्डीलोहारा में कांग्रेस ने अपना कब्जा जमाया था वही बालोद जिला पंचायत में भी भाजपा के अच्छे प्रदर्शन के बावजूद भी कमजोर रणनीति के चलते यहां भी कांग्रेस के देवलाल ठाकुर अध्यक्ष पद पर काबिज हुए थे। उस समय प्रदेश में भाजपा की सरकार थी लेकिन अब प्रदेश सहित बालोद जिला में राजनीतिक फिज़ा बदली हुई है और सत्ता पर अब कांग्रेस काबिज है। वही जिले की तीनों विधायक कांग्रेस के है तो उन्हीं में एक प्रदेश सरकार में मंत्री भी है जिसका अहसास नगरीय निकाय चुनावों में भाजपा को हो गया है पंचायत चुनावों में अभी जो स्थिति बन रहा है। उनमें कहि कांग्रेस सदस्य बहुमत बनाते दिख रहे है तो कुछ स्थानों पर भाजपा सदस्य जीत की और बढ़ रहे है।

विधानसभा में चेहरा बना हार का कारण, उन्ही को जिला सदस्य जीताने की दे गई जिम्मेदारी : विधानसभा चुनावों में तीन सीट पर राष्ट्रीय नेतृत्व के द्वारा टिकट वितरण व चुनाव बाद हार मिलने से तत्कालीन जिला अध्यक्ष लेखराम साहू ने मीडिया में कहा था कि सही टिकट वितरण नही होना हार का बड़ा कारण है। वही डौण्डीलोहारा सीट पर हार का कारण घोषित उम्मीदवार के कार्यशैली व उनके ऊपर लगे आरोप पर भी सवाल उठाये थे। बावजूद आज जिला संगठन द्वारा उसी उम्मीदवार को योग्य व प्रभारी बनाकर जिला पंचायत चुनावों में एक प्रत्याशी को जिताने की जिम्मेदारी दी गई है उससे भी कई सवाल आरोप लगाने वाले पर उठ रहे है की यह माजरा आखिर है क्या।

पूर्व तैयारी नहीं हो पाना भी बड़ा कारण बन रहा: उम्मीदवारों के चयन में पहले से तैयारी नही हो पाने के कारण व ऐन नगरीय निकाय चुनाव के बाद ही पंचायत चुनावों के होने से भाजपा सहित कांग्रेस के नेताओ को भी तैयारी करने का मौका नही मिला ऐसा दिखाई दे रहा है। डौण्डीलोहारा में तो आलम यह था कि जहां एक और जिला सदस्य क्रमांक 8 में पार्टी को संगठन का उम्मीदवार नही मिला तो आनन फानन में उषा गोटे को प्रत्याशी बनाकर मैदान में उतारा गया। वही खेरथा मंडल में भी एक जिला पंचायत क्षेत्र 06 में तो कांग्रेश को वाक ओव्हर मिल रहा था। वहां स्थानीय भाजपा नेताओं की मेहनत से नामांकन के अंतिम दिवस व समय पर एक सरपंच महिला भुनेश्वरी ठाकुर को तैयार कर चुनावी समर में लाया गया है।

जिला पंचायत आरक्षण ने बदली राजनीतिक दिशा

बालोद जिला पंचायत अध्यक्ष के लिए निकले आरक्षण उपरांत यह सीट अनुसूचित जाति वर्ग के लिए आरक्षित होने से जिले के पुर्व के कई कद्दावर नेता चुनावी दौड़ से बाहर है। मसलन जिला पंचायत के प्रथम अध्यक्ष देवलाल ठाकुर तो वही खेरथा क्षेत्र के बड़े कांग्रेस नेता अभिषेक शुक्ला तो डौण्डी क्षेत्र की मुखर आदिवासी नेत्री अनिता कुमेटी तो वही पूर्व जिला पंचायत सदस्या व भाजपा महिला नेत्री भुनेश्वरी ठाकुर ने इस चुनाव से अपने आप को दूर रखा है ये सब चुनाव नही लड़ रहे है।

जिला में समिति वही जनपद में हाथ खाली

भाजपा ने हाल ही में जिला पंचायत उम्मीदवारों की कमान सौपने के लिए पुरे 15 सदस्यों के लिए प्रभारी बनाये है। जिनमे वही पुराने चेहरे शामिल लग रहे है। जिनके हाथों में निकाय की जीती बाजी थी बावजूद वो चुनाव में हार गए उन्ही को कमान सौपा गया है। एक व्यक्ति को ही फिर से दोहरी जिम्मेदारी दे दिया गया है वही जनपद सदस्यों को अपने हाल पर छोड़ दिया गया है।

दोनों दलों से काफी बड़े चेहरे मैदान में

इस बार के चुनाव में काफी बड़े चेहरे जिला सदस्य चुनावो में दिखाई दे रहे है जिनमे प्रमुख रूप से सुशीला सेवक साहू, संध्या भारद्वाज होरीलाल रावटे, बुधियारिन कमेटी, अनिता कुमेटी डॉ देवेंद्र माहला, पुष्पेंद्र चन्द्राकर, डामेश्वरी साहू, त्रिलोकी साहू भुनेश्वरी ठाकुर भाजपा से तो वही कांग्रेस से सबसे ताकतवर राजनीतिक परिवार याने भेडिया खानदान की बहू और चुनावो में उतरने वाली तीसरी पीढ़ी के युवा महिला नेत्री श्रीमती बसंती बाला भेडिया जो कि पूर्व विधायक डोमेन्द्र भेडिया की पुत्रवधू है। अपनी किस्मत आजमा रही है वही रेखा कोर्राम, ललिता साहू, चन्द्र प्रभा सुधाकर, अंजनी कोठारी मिथलेश नुरेटी, अन्य बड़े नाम भी शामिल है।

असंतोष व गुटबाजी संगठन पर दिख रहा असर

सत्ता संगठन पर काबिज कांग्रेस में भी अंदर ही अंदर व्याप्त खेमेबाजी व गुटबाजी बना हुआ दिखाई दे रहा वही भाजपा में भी यह लंबे समय से चल रहा है और इन दोनों विषयों से दोनो दलों को नुकसान उठाना पड़ सकता है खासकर मण्डलों में व्याप्त खींचातानी व कमजोर नेतृत्व भी पंचायत चुनावों में असर करेगा।

> चुनाव के लिए प्रभारी जिला सदस्य उम्मीदवारों के राय पर बनाया गया है जिला भाजपा का इसमें कोई भी हस्तक्षेप नही है। रही बात चुनाव में जितने की तो हम पूरी ताकत से लड़ रहे है और कांग्रेस ने जो धान पर सियासत कर सत्ता प्राप्त किया है और उन्ही गरीब किसानों को धोखा दिया है। ये ग्रामीण जनता भूली नही है पूरे जिले में विकास कार्य ठप्प पढ़े है सड़क, बिजली, पानी स्वास्थ्य मात्र दिखावे के ही काम आ रहा है। भूपेश सरकार ने साल भर में सिर्फजनता को नरवा घुरवा और बाड़ी के नाम पर सिर्फसब्जबाग दिखा कर लूटने का काम किया है यही कारण है कि हम पंचायत चुनावों में जीत दर्ज करेंगे।
>
> **कृष्णकांत पवार,** जिला अध्यक्ष भाजपा बालोद

> पंचायत चुनावों में जिले में कांग्रेस बहुमत लेकर आएगी पार्टी संगठन में कोई नाराजगी नही है सब साथ है सरकार की योजनाओं को लेकर हम सब जनता के बीच जा रहे है। आने वाले कुछ दिनों में हमारे चुनावी कार्यक्रम बन गए है। जिससे कांग्रेस के सिपाही व कार्यकर्ता गाँव गाँव जाकर भाजपा के 15 सालों के कुशासन में जनता किसान मजदूरो का जो शोषण हुवा है उनको उजागर करेंगे।
>
> **कृष्णा दुबे,** अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी बालोद

■ न्यूज गैलरी

राजिम माघी पुन्नी मेला 09 से 21 फरवरी तक

धमतरी। छत्तीसगढ़ राजिम माघी पुन्नी मेला 2020 आगामी 09 से 21 फरवरी तक आयोजित होगी। इसमें धमतरी जिले की ओर से की जाने वाली व्यवस्था संबंधी तैयारी के लिए प्रभारी कलेक्टर श्रीमती नम्रता गांधी ने आज दोपहर ढाई बजे से कलेक्टोरेट सभाकक्ष में बैठक ली। बैठक में लोक निर्माण वन लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खाद्य स्वास्थ्य जल संसाधन पुलिस परिवहन राजस्व इत्यादि विभाग को आवश्यक तैयारियां करने के निर्देश दिए गए। राजिम माघी पुन्नी मेले में साफसफाई पानी फायर ब्रिगेड धमतरी जिले से राजिम मेले में जाने श्रद्घालुओं के लिए परिवहन की व्यवस्था आदि विषयों पर भी चर्चा की गई। प्रभारी कलेक्टर ने नदी किनारे बनी रेत की सड़क में पानी का नियमित छिड़काव करने के निर्दश दिए। पार्किंग में संकेतक चिन्ह लगाने लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया गया। बैठक में अपर कलेक्टर श्री दिलीप अग्रवाल सहित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

पटवारी के सर्वे रिपोर्ट पर भेदभाव का आरोप लगाते किसानों ने कलेक्टर को दिया आवेदन

धमतरी। कुरूद क्षेत्र अंतर्गत ग्राम उमरदा के 31 किसानों का धान गाड़ाडीह स्थित प्राथमिक कृषि साख सोसायटी में नहीं खरीदे जाने से आक्रोशित किसान कलेक्टोरेट पहुंचे। उन्होंने कहा कि पटवारी ने उन्हें बिना बताये सर्वे कर धान की क्षतिपूर्ति रिपोर्ट बनाई। जिससे वे अनभिज्ञ हैं। ग्राम उमरदा के किसान बसंत साहू, सोहन कंवर, राजेन्द्र साहू, कैलाश पटेल, बसंत कुमार पटेल, देवाराम पटेल, शंकर पटेल, रूपबाई, चेतन कंवर, चैतीबाई, कुंजलाल, सालिक चंद्राकर, बद्री प्रसाद पटेल, शिवप्रसाद, रामलाल, सेजलाल ध्रुव, बीरसिंग कंवर ने कलेक्टर के नाम आवेदन देकर कहा कि उन सभी 31 किसानों का नाम क्षतिपूर्ति सूची में आया है। जिसके कारण प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति गाड़ाडीह में उनका धान नहीं खरीदा जा रहा है। किसानों का कहना है कि वे क्षतिपूर्ति के लिए किसी भी कार्यालय में न तो गये थे और न ही इस संबंध में कोई जानकारी है। वर्ष 2019-20 में हम किसानों का 70 से 80 प्रतिशत धान उत्पादन हुआ है इसलिए क्षतिपूर्ति का प्रश्न ही नहीं उठता। हल्का नं. 47 के पटवारी द्वारा उन्हें बिना बताये, कब सर्वे किया उनसे हम अनभिज्ञ हैं।

महापौर-सभापति पदभार ग्रहण के बाद सीधे पहुंचे निगम, संभाला कार्यभार

नवप्रदेश संवाददाता

धमतरी। धमतरी की जनता ने ऐतिहासिक बदलाव लाया भरोसे पर खरे उतरेंगे जनप्रतिनिधि लखमा धमतरी। नगरपालिक निगम धमतरी के नवनिर्वाचित महापौर विजय देवांगन अध्यक्ष अनुराग मसीह तथा पार्षदों ने कार्यभार ग्रहण कर लिया।बुधवार को समारोह का गरिमामय आयोजन बुधवार की शाम बजे एकलव्य खेल परिसर में किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल शामिल होने वाले थे लेकिन अचानक उनका आना रद्द हो गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर प्रदेश के आबकारी वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री कवासी लखमा ने शिरकत की। इस अवसर पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष कोंडागांव विधायक मोहन मरकाम प्रदेश कोषाध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल सिहावा विधायक लक्ष्मी ध्रुव पूर्व विधायक गुरमुख सिंह होरा हर्षद मेहता लेख राम साहू एकांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहन लालवानी निशू चंद्राकर सहित वरिष्ठ जनप्रतिनिधिगण व पार्षद मंच पर मौजूद थे। स्वागत पश्चात नवनिर्वाचित महापौर विजय देवांगन ने अपना उद्बोधन दिया जिसमें उन्होंने जीत का श्रेय मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सहित प्रभारी मंत्री और वरिष्ठ जनों के अलावा धमतरी की जनता को दिया अपने उद्बोधन के दौरान उन्होंने बस स्टैंड गोकुल नगर मूलभूत समस्या के लिए लगभग 63 करोड के प्रोजेक्ट के लिए राशि की मांग की।प्रभारी मंत्री कवासी लखमा ने जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में प्रदेश के सभी दस नगर निगमों के निवासियों ने सरकार की कार्यशैली पर भरोसा जताया है जिसका परिणाम सबके समक्ष है। वहीं धमतरी के 135 के इतिहास में बड़ा बदलाव आया है। उन्होंने यह विश्वास जताया कि प्रदेश की जनता के भरोसे पर खरा उतरने हरसंभव प्रयास सरकार और नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों के द्वारा किए जाएंगे।उन्होंने कहा कि यह जीत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के बताए रास्ते पर चलकर मिली है जिसका श्रेय धमतरी के नगरवासियों को जाता है। भाजपा के लोग नाथूराम गोडसे की राह पर चलते हैं उन्होंने स्थानीय स्तर की मांगों को मुख्यमंत्री एवं संबंधित मंत्री के समक्ष रखने का भी आश्वासन दिया।

महापौर व सभापति का पहला दिन स्वागत में गुजरा

धमतरी। नगर पालिक निगम धमतरी के नवनिर्वाचित महापौर विजय देवांगन एवं सभापति अनुराग मसीह ने 15 जनवरी को समारोह में पदभार ग्रहण किया। इसके बाद शाम को निगम कार्यालय में पहुंचकर दोनों ने अपने-अपने कक्ष में कुर्सी संभाली। इस मौके पर कांग्रेस के अनेक वरिष्ठ नेता जिनमें पूर्व विधायक गुरूमुख सिंह होरा, हरषद मेहता, जिलाध्यक्ष मोहन लालवानी आदि उपस्थित रहे। इसके बाद अगले दिन 16 जनवरी को दोनों नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का नगर निगम में पहला दिन रहा। जहां सुबह से ही लोग उन्हें उनके कक्ष में बधाई देने और स्वागत करने पहुंचते रहे। नगर निगम के कर्मचारियों ने महापौर विजय देवांगन और सभापति अनुराग मसीह को गुलदस्ता भेंटकर स्वागत किया एवं उनके कार्यकाल में पूर्ण सहयोग करने का भरोसा दिलाया।

शहर के व्यस्त चौराहे पर 50 हजार की उठाईगिरी

- आरोपी ने अपने आप को पुलिस बताकर दिया वारदात को अंजाम

धमतरी। शहर में कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत घड़ी चौक के पास यूपी के एक व्यापारी उठाईगिरी का शिकार हो गया एक अज्ञात व्यक्ति ने अपने आप को पुलिस बताकर चेकिंग के नाम से इस वारदात को अंजाम दिया है और 50 हजार रुपए लेकर फरार हो गया घटना के बाद व्यापारी तत्काल कोतवाली थाना पहुंच कर इसकी सूचना पुलिस को वही पुलिस तत्काल आरोपी की पतासाजी में जुट गई है बताया जा रहा है कि उत्तरप्रदेश फरीदाबाद का रहने वाला व्यापारी विजय कुमार अग्रवाल घड़ी चौक स्थित किसी काम से अरिहंत मेटल पैदल आ रहा था इसी दौरान घड़ी चौक में मजार के पास एक अज्ञात व्यक्ति बाइक में सवार होकर पीछे से आया और व्यापारी को आवाज देकर रोक और अपने आप को पुलिस बताकर चेकिंग के नाम पर व्यापारी का बैग ले लिया वही जब व्यापारी विजय कुमार अरिहंत मेटल पहुँचकर बैग को देखा तो उसमें से 50 हजार रुपए गायब था जिसे देख व्यापारी हैरान हो गया और तत्काल कोतवाली थाना पहुंच कर उठाईगिरी का शिकार होने की जानकारी दी वही सूचना मिलते ही कोतवाली अज्ञात आरोपी की पतासाजी में जुट गई है इसके साथ ही घड़ी चौक के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज पुलिस खंगाल रही है गौरतलब है कि घड़ी चौक के पास पुलिस द्वारा लगाए गए सीसीटीवी कैमरा महीनों से बंद पड़ा है।

लगातार 3 मैच जीतकर शहर एवं प्रदेश का गौरव बढ़ाया

धमतरी। स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफइंडिया के तहत राष्ट्रीयस्तरीय सुपर सेवन क्रिकेट अंडर 19 बालक-बालिका वर्ग का आयोजन महबूबनगर, तेलंगाना में 11 से 15 जनवरी तक आयोजित की गई, जिसमें छत्तीसगढ़ के सुपर सेवन गर्ल्स टीम में शिव सिंह वर्मा आदर्श शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धमतरी की ज्योति रजक व कीर्ति निषाद और शासकीय विद्यालय आमदी की गुंजन मटियारा व भारती टंडन का चयन हुआ। छत्तीसगढ़ की गर्ल्स टीम में धमतरी के चार खिलाड़ी शामिल हुए। प्रतियोगिता को दो पुलों में बांटा गया था जिसमें पुल ए में 4 मैच जीतकर तेलंगाना की टीम पुल टॉपर बनी और 3 मैच जीतकर छत्तीसगढ़ की टीम रनर बनी, वहीं दिल्ली को हराकर महाराष्ट्र की टीम 4 अंको के साथ पुल टॉपर बनी। छत्तीसगढ़ का मुकाबला महाराष्ट्र की टीम से हुआ जिसमें महाराष्ट्र की टीम टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 83 रन बनाए। दूसरी पारी में छत्तीसगढ़ की टीम से शानदार बल्लेबाजी करते हुए सलामी बल्लेबाज ज्योति(धमतरी) व दीपिका (दुर्ग) की ताबड़तोड़ बल्लेबाजी ने 4 ओवरों में टीम का स्कोर 54 रन पहुंचा दिया और फिर टीम 6.2 ओवर ही 84 रनों के विशाल लक्ष्य को 3 विकेट खोकर हासिल कर लिया। इस सेमीफाइनल मैच में टीम की कप्तान ज्योति रजक ने शानदार आलराउंडर प्रदर्शन करते हुए 28 रन बल्ले से बनाकर, बॉलिंग में 3 विकेट लिए, वहीं गुंजन व कीर्ति को 1-1 विकेट मिला साथ ही टीम में तीनों खिलाडियों ने शानदार फील्डिंग प्रदर्शन किया।

कुरूद व धमतरी के विकास कार्य के लिए फंड की कोई कमी नहीं : लखमा

धमतरी निगम पर कांग्रेस का कब्जा

नवप्रदेश संवाददाता

धमतरी। नगरपालिक निगम धमतरी के नवनिर्वाचित महापौर अध्यक्ष तथा पार्षदों के कार्यभार ग्रहण समारोह का गरिमामय आयोजन आज शाम 4-30 बजे स्थानीय एकलव्य खेल परिसर में किया गयाए जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर जिले के प्रभारी मंत्री कवासी लखमा ने शिरकत की। इस अवसर पर कोंडागांव विधायक मोहन मरकाम सिहावा विधायक लक्ष्मी ध्रुव सहित वरिष्ठ जनप्रतिनिधिगण मंच पर उपस्थित थे। प्रभारी मंत्री लखमा ने विशाल जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में प्रदेश के सभी दस नगर निगमों के निवासियों ने सरकार की कार्यशैली पर भरोसा जताया है जिसका परिणाम सबके समक्ष है। वहीं धमतरी के 135 के इतिहास में बड़ा बदलाव आया है। उन्होंने यह विश्वास जताया कि प्रदेश की जनता के भरोसे पर खरा उतरने हरसंभव प्रयास सरकार और नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों के द्वारा किए जाएंगे। अपने उद्बोधन में कवासी लखमा ने पूर्व में दिए गए बयान को फिर से दोहराते हुए कहा कि मैंने पहले बोला था कि अगर धमतरी निगम में कांग्रेस की सरकार नहीं आती है तो मैं कांग्रेस भवन नहीं आऊंगा और यहां के विकास कार्य की राशि को सुकमा ले जाऊंगा। वहीं अब उन्होंने बयान दिया है कि महापौर की कुर्सी पर कांग्रेस का कब्जा होने के बाद अब सुकमा और कुरूद के विकास कार्य की राशि अब धमतरी के विकास पर लगाऊंगा। इसके अलावा पूर्व विधायक गुरूमुख सिंह होरा सहित मंचस्थ अतिथियों ने भी अपने विचार प्रकट किए।

प्रतिपूर्ति राशि के लिए दो साल से टकटकी लगाए बैठे हैं प्रगति विघालय के शिक्षक

- प्रतिपूति राशि विघालयों को नहीं मिलने से बढ़ रही है विघालय संचालकों की दिक्कतें
- शिक्षा के अधिकार का कर रहे पालन बावजूद प्रतिपूर्ति राशि अप्राप्त
- स्टाफसंचालन व मुलभूत समस्याओं के निदान के लिये आ रही समस्या

बालोद। डौन्डीलोहारा शिक्षा के अधिकार के तहत गरीब छात्र छात्राओं को निजी विघालय में निःशुल्क पढ़ाई करने की शासन के फरमान के बाद जिले में यह योजना लागु तो कर दिया गया लेकिन बालोद जिले के अधिकांश निजी विघालयों को इस योजना के तहत मिलने वाली प्रतिपुर्ति राशि दो तीन सत्रों से अप्राप्त है जिसके कारण विघालय संचालन में काफी दिक्क्तें आ रही है यही हाल नगर के प्रगति विघालय सहीत अन्य विघालयों मे बना हुआ है प्रगित विघालय में वर्ष 2019-20 मे गरीबी रेखा के अंतर्गत प्रवेश पाने वाले विघार्थियों की संख्या 64 है जो केजी 1 से लेकर 8 में अध्ययन कर रहे है यह संख्या सत्र 2012-13 से लेकर 2019-20 सत्रो मे दिये गये बच्चों की कुल संख्या है जिसमें कुल 2 वर्षो की राशि अप्राप्त है प्रगित विघालय मे स्टाफकी संख्या 24 व 4 भृत्य है वर्तमान में प्रगति विघालय मे दर्ज कुल बच्चों की संख्या 365 है जिसमे से शिक्षा के अधिकार के तहत अध्यनरत बच्चो की संख्या 64 है जिनकी राशि शासन से प्राप्त होता है नगर के आंनंद पब्लिक स्कुल ज्ञनदीप एजुकेशन व सरस्वती शिशु मंदिर जैसे निजी विघालयों की स्थिति भी कमोबेश ऐसी ही है।

योजना के नियम: प्रशासन के निर्देशानुसार प्रारंभिक कक्षाओं मे कुल दर्ज संख्या के 25 प्रतिशत गरीब बच्चों को प्रवेश देने की प्रकीया कीया जाता है यह प्रावधान सत्र 2012-13 से राज्य में लागु किया गया है प्रगति विघालय के संस्थापक सदस्य ललित सिंह गौर ने बताया की प्रांरभिक सत्रों में कम संख्या होने से उतनी अधिक परेशानी नही हुई लेकिन प्रतिवर्ष संख्या मे वृद्धि होने से यह समस्या काफी बढ़ गया है और राशि भी अधिक हो रहा है पुर्व में शासन द्वारा समय पर भुगतान हो जाने से यह परेशानी विघालयों को नही होता था लेकिन दो तीन वर्षो से राशि भुगतान में विलंब होने से परेशानी हो रहा है

बजार से पैसे लेकर चला रहे विद्यालय

संचालकों ने यह भी बताया की कई कई बार स्कुल संचालन के लिये आर्थिक व्यवस्था न हो पाने की स्थिति में आज भी वाहन संचालन व स्टाफके मानदेय के लिये बजार से ब्याज में पैसा भी उठाना पड़ता है विघालयों में नियमित बच्चों के पालकों के द्वारा भी समय पर राशि नही देने के कारण भी विघालयों के संचालन में काफी दिक्कतें आती है शिक्षक ललित गौर ने बताया कि इस समस्या के निदान के लिये संचालक लोक शिक्षण संचालनालय को भी अवगत कराया गया है बावजुद दिक्कते बनी हुई है।

■ न्यूज गैलरी

बीसीसीआई ने पुरूष खिलाड़ियों को करोड़ों तो महिला खिलाडियों को लाखों में किया अनुबंध

नई दिल्ली (वार्ता)। बीसीसीआई के 2019-20 के वार्षिक खिलाड़ी अनुबंध में पुरूष खिलाड़ियों को जहां करोड़ो रूपये मिल रहे हैं वहीं महिला खिलाड़ियों को लाखों रूपये से संतोष करना पड़ेगा। महिला वर्ग में 22 खिलाड़ियों को ग्रेड मिलेगा और उनके ग्रेड की कुल राशि भी भारतीय कप्तान विराट कोहली के ग्रेड से ही दो करोड़ रूपये कम है। बीसीसीआई ने 22 महिला खिलाड़ियों के लिये अक्टूबर 2019 से सितंबर 2020 का केंद्रीय अनुबंध जारी किया है। महिला खिलाड़ियों को ग्रेड में कुल पांच करोड़ रूपये वितरित किये जाएंगे जबकि अकेले विराट को ग्रेड में सात करोड़ रूपये मिलने हैं। गुरूवार को जारी इस अनुबंध के अनुसार महिला खिलाड़ियों के तीन ग्रेड ए, बी और सी रखे गये हैं जिसमें क्रमशः 50 लाख, 30 लाख और 10 लाख रूपये सालाना दिये जाएंगे। 50 लाख रूपये के ए ग्रेड में हरमनप्रीत कौर, स्मृति मंधाना और पूनम यादव को रखा गया है जबकि 30 लाख रूपये के बी ग्रेड में मिताली राज, झूलन गोस्वामी, एकता बिष्ट, राधा यादव, शिखा पांडे, दीप्ति शर्मा, जेमिमा रोड्रिग्ज़ और तानिया भाटिया को रखा गया है। 10 लाख रूपये के ग्रेड सी में वेदा कृष्णामूर्ति, पूनम राउत, अनुजा पाटिल, मानसी जोशी, डी हेमलता, अरूंधति रेड्डी, राजेश्वरी गायकवाड़, पूजा वस्त्रकर, हरलीन देओल, प्रिया पूनिया और 15 साल की शेफाली वर्मा को रखा गया है।

मुज़फ्फरनगर के दो गांव बनेंगे आदर्श खेल गांव

नई दिल्ली (वार्ता)। देश में खेल संस्कृति विकसित करने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश के मुज़फ्फरनगर के दो गांवों बहादरपुर और खैड़ी विरान को आदर्श खेल गांव के रूप में विकसित किया जाएगा। देश में खेल संस्कृति की अलख जगा रहे डा. कनिष्क पांडे ने गुरूवार को यहां एक कार्यक्रम में यह जानकारी देते हुये बताया कि उनकी संस्था 'स्पोर्ट्स अ वे ऑफ लाइफ' ने पिछले कई वर्षों से खेल साक्षरता बढ़ाने के लिये पूरे देश में एक अभियान जगा रखा है। आईएमटी गाजियाबाद के स्पोर्ट्स रिसर्च सेंटर के प्रमुख कनिष्क ने बताया कि मुज़फ्फरनगर के दो गांवों बहादरपुर और खैड़ी विरान को आदर्श खेल ग्राम के रूप में चुना गया है जहां खिलाड़ियों को तैयार करने की मुहिम चलाई जाएगी। कनिष्क ने कई खेल हस्तियों की मौजूदगी में कहा,÷ हम इन गांवों में खेल संस्कृति विकसित करेंगे, बच्चों को खेलने के लिये तैयार करेंगे, उन्हें खेल उपकरण देंगे, चौपालों पर खेलों पर चर्चा होगी, टीवी पर खेल चैनल दिखाए जाएंगे, ग्रामीण खेल पत्रिका प्रकाशित होगी और खेलों के लिये शाम चार से पांच बजे तक का निर्धारित समय होगा और इस दौरान गांव के सभी घरों में टीवी, मोबाइल और किताबें बंद रखी जाएंगी।

महेन्द्र सिंह धोनी का कर्ज़ उतारने का मौका चूक गये सौरव गांगुली

एक समय था जब महेंद्र सिंह धोनी टीम इंडिया के कप्तान थे और उन्होंने सौरभ गांगुली को उनके आखिरी टेस्ट के अंतिम दिन भारत की कप्तानी संभाल सम्मानजनक विदाई का मौका दिया था लेकिन आज गांगुली बीसीसीआई के अध्यक्ष हैं और वह 2008 में अपने अंतिम मैच में धोनी से मिले कर्ज को उतारने से चूक गये।

नई दिल्ली (वार्ता)। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने 2019-2020 के लिये केंद्रीय अनुबंध की सूची जारी की है जिसमें धोनी को किसी भी ग्रेड में जगह नहीं दी गयी है। वह पिछले वर्ष तक पांच करोड़ रूपये के ए ग्रेड में शामिल थे। धोनी 2019 में जुलाई में इंग्लैंड में हुये विश्वकप में भारत की सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड के हाथों हार के बाद क्रिकेट मैदान से पूरी तरह बाहर चल रहे हैं और उन्होंने अपने संन्यास को लेकर चुप्पी साधे रखी है।

भारतीय कोच रवि शास्त्री ने हाल ही में कहा था कि यदि धोनी इस साल आईपीएल सत्र में अच्छा प्रदर्शन कर जाते हैं तो उनके लिये आस्ट्रेलिया में होने वाले टी-20 विश्वकप का रास्ता खुल सकता है। लेकिन गांगुली की अध्यक्षता वाली बीसीसीआई ने धोनी को केंद्रीय अनुबंध से बाहर कर उनकी किसी भी तरह की वापसी का रास्ता बंद कर दिया है। हालांकि बीसीसीआई

ने कहा है कि यदि कोई खिलाड़ी अनुबंध सूची में नहीं है लेकिन वह इस अवधि में भारत की ओर से खेलता है तो वह स्वतः ही अनुबंध सूची में शामिल हो जाएगा। धोनी को अनुबंध सूची से बाहर किये जाने का साफ संकेत है कि उनके भारतीय क्रिकेट में दिन लद चुके हैं। राष्ट्रीय चयनकर्ता प्रमुख एमएसके प्रसाद पहले से ही धोनी के काफी खिलाफ हैं और चयन समिति और पूरा टीम प्रबंधन रिषभ पंत को टीम में बनाये रखने पर अपना जोर लगाये हुए है। पंत मौजूदा अनुबंध में पांच करोड़ रूपये के ए ग्रेड में शामिल हैं। भारत को दो बार विश्वकप जिताने वाले धोनी को इस तरह केंद्रीय अनुबंध से बाहर किये जाने के बाद बरबस वह घटना याद आ जाती है जब धोनी ने गांगुली को उनके आखिरी टेस्ट के अंतिम दिन भारत की कप्तानी संभालने का मौका दिया था।

राजकोट में भारतीय टीम से बड़े बदलावों और सुधारों की अपेक्षा

■ भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच राजकोट में सीरीज का दूसरा वनडे इंटरनैशनल मैच, सीरीज के पहले मैच में ऑस्ट्रेलिया ने 10 विकेट से दर्ज की थी, बनाई बढ़त, विराट कोहली मुंबई वनडे मे नंबर-4 पर उतरे थे, बनाए केवल 16 रन

■ श्रेयस अय्यर ने कहा कि अभी टीम प्रयोग के दौर से गुजर रही है, किसी भी नंबर पर बल्लेबाजी के लिए तैयार रहना चाहिए, अमूमन श्रेयस अय्यर चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करते हैं, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेले गए मैच में वे पांचवें नंबर पर बैटिंग करने आए थे

भारतीय क्रिकेट टीम को आस्ट्रेलिया से वनडे सीरीज़ के ओपनिंग मुकाबले में 10 विकेट से मिली शर्मनाक हार के बाद अब खिलाड़ियों के बीच आत्ममंथन शुरू हो गया है और राजकोट में शनिवार को दूसरे मुकाबले से पहले उसके सामने बल्लेबाज़ी में सुधार और बड़े बदलावों का दबाव पैदा हो गया है।

राजकोट (वार्ता)। विराट कोहली की स्टार भारतीय टीम को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में आस्ट्रेलिया के हाथों पहले ही वनडे में जिस तरह 10 विकेट की एकतरफा हार झेलनी पड़ी है उसके बाद से वह कड़ी आलोचनाओं का शिकार हो रही है। भारत के पास बेहतरीन बल्लेबाज़ हैं, लेकिन इस मैच में उसके बल्लेबाज़ों ने ही सबसे अधिक निराश किया। ओपनर और उपकप्तान रोहित अपने घरेलू मैदान पर 10 रन ही बना पाये। दूसरी ओर शिखर धवन, रोहित और लोकेश राहुल को ओपनिंग क्रम में शामिल करने के चक्कर में विराट का खुद को क्रम में नीचे खिसकाना भारी पड़ गया और चौथे नंबर पर वह 16 रन ही बना सके। मध्यक्रम में रिषभ पंत चोटिल होकर सीरीज़ से बाहर हो गये हैं जबकि श्रेयस अय्यर भी 4 रन ही बना पाये। आस्ट्रेलियाई गेंदबाज़ों के सामने टीम के बल्लेबाज़ टिक नहीं सके और धवन की 74 रन और राहुल की 47 रन की पारी के अलावा सभी फ्लॉप साबित हुये। भारतीय टीम के लिये यह हार इस वर्ष आस्ट्रेलिया की ही मेज़बानी में होने वाले आईसीसी टी-20 विश्वकप से पहले सबक सिखाने वाली है।

बौखलाया भारत करेगा पलटवार : एरॉन फिंच

राजकोट। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान एरॉन फिंच को इसमें कोई शक नहीं है कि पहले वनडे में बुरी तरह हारी भारतीय टीम शुक्रवार को दूसरे मैच में वापसी करेगी । ऑस्ट्रेलिया ने पहले वनडे में भारत को दस विकेट से हराया जिसमें डेविड वार्नर और फिंच दोनों ने शतक जमाये । फिंच ने हालांकि कहा कि भारत को हलके में लेना भूल होगी जिसके पास अनेक विश्व स्तरीय खिलाड़ी हैं। उन्होंने क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू से कहा ,'पहले मैच में हमारा प्रदर्शन अच्छा रहा। फील्डिंग थोड़ी लचर थी लेकिन हम टीम के प्रदर्शन से खुश हैं ।' उन्होंने कहा ,'इसमें कोई शक नहीं कि भारत वापसी करेगा । भारतीय टीम शानदार है जिसके पास विश्व स्तरीय खिलाड़ी हैं ।'

भुवनेश्वर की हुई सर्जरी, पृथ्वी न्यूजीलैंड रवाना

भारतीय तेज़ गेंदबाज़ भुवनेश्वर कुमार की लंदन में सफल स्पोर्ट्स हर्निया सर्जरी हुई है और वह भारत लौटकर बेंगलुरू में रिहैबिलिटेशन से गुज़रेंगे जबकि युवा ओपनर पृथ्वी शॉ अपने कंधे की चोट से उबरकर भारत ए टीम से जुड़ने न्यूजीलैंड रवाना हो गये हैं।

नई दिल्ली (वार्ता)। बीसीसीआई ने गुरूवार को यह जानकारी देते हुये बताया कि भुवनेश्वर 9 जनवरी को लंदन पहुंचे थे और 11 जनवरी को उनकी सर्जरी हुई थी। उनके साथ टीम इंडिया के फिजियोथैरेपिस्ट योगेश परमार थे। भुवनेश्वर अब भारत लौटेंगे और उनका बेंगलुरू स्थित राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में रिहैबिलिटेशन शुरू होगा।

इस बीच मुंबई के 20 साल के बल्लेबाज पृथ्वी अपने कंधे की चोट से उबरकर पूरी तरह फिट हो गये हैं। पृथ्वी इस महीने के शुरू में कर्नाटक के खिलाफरणजी मैच में क्षेत्ररक्षण करते समय मैदान पर गिरकर अपना बायां कंधा चोटिल कर बैठे थे और उनका न्यूजीलैंड दौरे में खेलना संदिग्ध नजर आ रहा था।

पृथ्वी इसके बाद बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में रिहैब से गुजरे और अब वह अपनी चोट से उबर चुके हैं। पृथ्वी भारत ए टीम के साथ जुड़ने के लिए न्यूजीलैंड रवाना हो गये हैं।

पृथ्वी ए टीम के दौरे के बाद सीनियर टीम के न्यूजीलैंड दौरे के लिए भी होड़ में रहेंगे। भारत ए टीम को न्यूजीलैंड दौरे में तीन एकदिवसीय मैच और दो चार दिवसीय मैच खेलने हैं। भारत ए का दौरा समाप्त होने के 11 दिन बाद सीनियर टीम 21 फरवरी से न्यूजीलैंड से दो टेस्ट मैचों की सीरीज खेलेगी।

आस्ट्रेलियाई ओपन ड्रा में नडाल और सेरेना के लिये आसान शुरूआत

मेलबर्न। दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी राफेल नडाल अगले हफ्ते आस्ट्रेलियाई ओपन के पहले दौर में बोलिविया के हुगो डेलेन से भिड़ेंगे जबकि सेरेना विलियम्स शुरूआती मुकाबले में अनास्तासिया पोटापोवा के सामने होंगी और 24वां ग्रैंडस्लैम खिताब हासिल करने की कोशिश करेंगी। स्पेन का यह स्टार अपने सबसे कम पसंदीदा कोर्ट पर रोजर फेडरर के रिकार्ड 20 ग्रैंडस्लैम एकल खिताब की बराबरी करने का प्रयास करेगा। नडाल ने मेलबर्न में 2009 में महज एक ट्राफी जीती है। गुरूवार को जारी ड्रा के अनुसार चौथे दौर में उनका सामना आस्ट्रेलिया के निक किर्गियोस से हो सकता है। गत चैम्पियन नोवाक जोकोविच रिकार्ड आठवां आस्ट्रेलियाई ओपन खिताब अपने

नाम करने की कोशिश करेंगे और शुरूआत जान-लेनार्ड स्ट्रफ के खिलाफ खेलेंगे। इस सर्बियाई खिलाड़ी के लिये 2019 शानदार रहा जिसमें उन्होंने मेलबर्न पार्क और विम्बलडन सहित पांच खिताब अपने नाम किये और साल का अंत दूसरे नंबर पर किया। जोकोविच अंतिम आठ में यूनान के युवा खिलाड़ी स्टेफानोस सिटसिपास से भिड़ सकते हैं। सातवां आस्ट्रेलियाई ओपन खिताब हासिल करने की कोशिश में जुटे फेडरर (38) पुरूषों के ड्रा में तीसरे क्वार्टर में अमेरिका के स्टीव जानसन के सामने हो सकते हैं, जिन्होंने यहां पिछला खिताब 2018 में जीता था।

चोटिल पंत दूसरे वनडे से बाहर

राजकोट (वार्ता)। भारत के युवा विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मुंबई में हुये पहले वनडे में तेज गेंदबाज पैट कमिंस की गेंद सिर पर लगने के बाद शुक्रवार को होने वाले दूसरे वनडे से बाहर हो गये हैं और उनके तीसरे मैच में खेलने को लेकर अभी कोई अंतिम फैसला नहीं किया गया है। पंत मंगलवार को वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए पहले वनडे में बल्लेबाजी कर रहे थे कि भारतीय पारी के 44वें ओवर में उन्होंने कमिंस की बाउंसर पर शाट मारने का प्रयास किया लेकिन तेजी से उठी गेंद पंत के बल्ले का किनारा लेकर उनके हेलमेट से टकरा कर उछल गयी। गेंद लगने के बाद उन्हें चक्कर आ रहे थे और वह ऑस्ट्रेलिया की बल्लेबाजी के दौरान विकेटकीपिंग करने नहीं उतरे। उनकी जगह लोकेश रहगुल ने विकेटकीपिंग की।

चौथे नंबर पर नहीं मिला मौका, टीम प्रयोग से गुजर रही है: श्रेयस अय्यर

राजकोट। श्रेयस अय्यर को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले वनडे में अपने पसंदीदा चौथे नंबर के स्थान पर खेलने का मौका नहीं मिला जिसके बाद उन्होंने गुरुवार को कहा कि भारतीय टीम में मौजूदा प्रतिस्पर्धा को देखते हुए एक खिलाड़ी को किसी भी नंबर पर बल्लेबाजी करने के लिए तैयार रहना चाहिए। अय्यर ने 2019 विश्व कप के बाद भारत की सीमित ओवरों की टीम में वापसी की है और उन्होंने चौथे नंबर पर अच्छा खेल दिखाया है। मंगलवार को उन्हें चौथे के बजाय पांचवें नंबर पर कर दिया गया, क्योंकि कप्तान विराट कोहली खुद चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे ताकि विशेषज्ञ सलामी बल्लेबाज लोकेश राहुल और शिखर धवन को अंतिम एकादश

में शामिल किया जा सके। हालांकि यह कदम कारगर नहीं रहा क्योंकि भारत ने यह मैच 10 विकेट से गंवा दिया। दूसरे वनडे से पहले 25 साल के अय्यर ने पत्रकारों से कहा, 'इस स्थिति में आपको किसी भी नंबर पर बल्लेबाजी के लिए तैयार रहना चाहिए क्योंकि इस समय टीम में जो प्रतिस्पर्धा है, उसे देखते हुए टीम में खेलना अहम है।' उन्होंने यह भी कहा कि टीम और अधिक प्रयोग करने की कोशिश में है। उन्होंने कहा, 'हम किसी विशेष नंबर पर बल्लेबाजी करने की वजह नहीं दे सकते।

खिलाड़ियों को शिकायत नहीं करनी चाहिए

हमारे लिए सबसे अहम चीज ध्यान लगाए रखना है। साथ ही हम इसके बारे में शिकायत नहीं कर सकते कि हमें उसी स्थान पर बल्लेबाजी करने को नहीं मिल रही। हम प्रयोग करने की कोशिश में हैं। उम्मीद है कि हम प्रत्येक बल्लेबाज को अच्छे स्थान पर खिलाएंगे। ' अय्यर ने कहा, 'यह समय है जब हमें चीजों में प्रयोग करने की कोशिश करनी चाहिए और उम्मीद करते हैं कि यह भविष्य में कारगर साबित होगा।

मिली निराशा | सिंधू को सयाका ताकाहाशी ने एक घंटे छह मिनट में 16-21, 21-16, 21-19 से पराजित किया

सिंधू दूसरे दौर में बाहर, भारतीय चुनौती समाप्त

विश्व चैंपियन भारत की पीवी सिंधू के खराब प्रदर्शन का सिलसिला नये साल में भी बना हुआ है और वह गुरूवार को इंडोनेशिया मास्टर्स 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में बाहर हो गयी जिसके साथ टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती समाप्त हो गयी।

जकार्ता (वार्ता)। भारत का 2020 में लगातार दूसरे टूर्नामेंट में निराशाजनक प्रदर्शन रहा। पिछले सप्ताह मलेशिया मास्टर्स में भारत की चुनौती क्वार्टरफाइनल तक सिमट गयी थी और अब इंडोनेशिया मास्टर्स में भारत की चुनौती दूसरे दौर में निपट गयी। पांचवीं सीड सिंधू को जापान की सयाका ताकाहाशी ने एक घंटे छह

मिनट में 16-21, 21-16, 21-19 से पराजित किया।

सिंधू ने पहला गेम जीत लिया था लेकिन उसके बाद अगले दो गेम गंवा बैठी। विश्व रैंकिंग में छठे नंबर की भारतीय खिलाड़ी का 14वें नंबर की जापानी खिलाड़ी के खिलाफ इस हार के बाद 4-3 का रिकार्ड हो गया है।

पिछले साल अगस्त में विश्व चैंपियनशिप खिताब जीतने के बाद सिंधू को अगले खिताब की तलाश है। सिंधू ने 2019 में एकमात्र खिताब विश्व चैंपियनशिप के रूप में जीता था जबकि इस साल दो टूर्नामेंटों में उनका प्रदर्शन काफी निराशाजनक रहा। सिंधू ने पहला गेम जीत लिया लेकिन अगला गेम गंवा बैठी। निर्णायक गेम में दोनों खिलाड़ी 18-18 के स्कोर पर बराबर थीं लेकिन ताकाहाशी ने दो अंक लेकर 20-18 की बढ़त बना ली। सिंधू ने स्कोर 19-20 किया लेकिन ताकाहाशी ने 21-19 से गेम और मैच समाप्त कर दिया।

इससे पहले कल पहले राउंड में गत चैंपियन सायना नेहवाल, बी साई प्रणीत, किदाम्बी श्रीकांत, समीर वर्मा, परुपल्ली कश्यप, एच एस प्रणय, सौरभ वर्मा और दो भारतीय जोड़ियां प्रणव जैरी चोपड़ा और एन सिक्की रेड्डी मिश्रित युगल में तथा पुरुष युगल में सात्विकसैराज रेंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी पहले दौर में हारकर बाहर हो गये थे।

विश्व चैम्पियन पीवी सिंधू गुरूवार को यहां इंडोनेशिया मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के करीबी क्वार्टरफाइनल में जापान की सयाका ताकाहाशी के हाथों मिली हार से बाहर हो गयीं। सिंधू एक घंटे छह मिनट तक चले रोमांचक मुकाबले में 21-16 16-21 19-21 से हार गयीं। दुनिया की छठे नंबर की सिंधू का गुरूवार के मैच से पहले 14वीं रैंकिंग की जापानी खिलाड़ी के खिलाफ जीत का रिकार्ड 4-2 था। ताकाहाशी ने दूसरे दौर में एक और शीर्ष भारतीय साइना नेहवाल को हराया था।

> सिंधू ने 2019 में एकमात्र खिताब विश्व चैंपियनशिप के रूप में जीता था जबकि इस साल दो टूर्नामेंटों में उनका प्रदर्शन काफी निराशाजनक रहा। सिंधू ने पहला गेम जीत लिया लेकिन अगला गेम गंवा बैठी। निर्णायक गेम में दोनों खिलाड़ी 18-18 के स्कोर पर बराबर थीं लेकिन ताकाहाशी ने दो अंक लेकर 20-18 की बढ़त बना ली। सिंधू ने स्कोर 19-20 किया लेकिन ताकाहाशी ने 21-19 से गेम और मैच समाप्त कर दिया।

फुटबालर चुन्नी गोस्वामी पर डाक टिकट जारी

कोलकाता (वार्ता)। भारत के लीजेंड फुटबालर और देश को अपनी कप्तानी में 1962 के बैंकाक एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक दिलाने वाले चुन्नी गोस्वामी के 82वें जन्मदिन पर भारतीय डाक विभाग ने एक डाक टिकट जारी किया है।

गोस्वामी का कल जन्मदिन था और इस अवसर पर उनके सम्मान में यह डाक टिकट जारी किया गया। कोलकाता में अपने निवास पर यह डाक टिकट जारी होने के बाद गोस्वामी ने कहा,÷ मैं काफी हैरान हूं और इस सम्मान से अभिभूत भी हूं। इस सम्मान से मुझे और जीने की प्रेरणा मिलेगी। मुझे अपने खेल करियर के दौरान कई पुरस्कार और सम्मान मिले थे लेकिन जीवन के इस दौर पर यह सम्मान मिलना आपका मनोबल ऊंचा करता है।

चुन्नी दा के नाम से मशहूर गोस्वामी अर्जुन अवार्डी और पद्मश्री विजेता रहे हैं। वह स्वर्गीय गोस्थो पॉल (1998) और स्वर्गीय तालीमेरेन आओ (2018) के बाद तीसरे भारतीय फुटबालर हैं जिनके नाम पर डाक टिकट जारी किया गया है। गोस्वामी की कप्तानी में भारत ने 1962 के बैंकाक एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीता था। गोस्वामी उस भारतीय टीम के सदस्य भी थे जो 1964 के एशिया कप में मेजबान इजरायल के बाद दूसरे स्थान पर रही थी।

■ न्यूज गैलरी

बच्चों के अस्थि रोगों का नि:शुल्क परामर्श शिविर आज

रायपुर। बच्चों में होने वाले जन्मजात विंकलांगता (बिल पालकी व अति बोग) का नि:शुल्क परामर्श शिविर 18 जनवरी को सुबह 10:00 बजे से 2:00 बजे तक आरोग्य हॉस्पिटल शंकर नगर रायपुर मे आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर डॉ. तरल वी. नागड, व डॉ. दीपक अग्रवाल विशेष रूप से उपस्थित रहेगें व परामर्श देगें। तथा जरूरतमंद बच्चे की आयुष्मान भारत की सहायता से नि:शुल्क ऑपरेशन भी किया जायेगा। यदि कोई भी बच्चे को निम्नलिखित लक्षण है शिशु का समय पर सामान्य शारीरिक विकास न होना, गर्दन ना संभाल पाना, बैठ न पाना, चलने-फिरने की समस्या, एडी उठाकर चलना, हाथ-पैरो में असमान्य जकड़न, उकडू व पालथी मार कर ना बैठ पाना, एक हाथ या पांव का काम ना करना, पांव के पंजे का टेढ़े-मेढ़े होना, घुटने मोडकर चलना, पैर में कैंची मारकर चलना अन्य अस्थि रोग समस्याएं डीडीएच (कुल्हे की हड्डी व जोड़ की बीमारी) Torticollis (जन्म से गर्दन का टेढ़ापन, छोटापन) Flat foot (समतल पैर) तो वह शिविर में आ सकते है।

दूसरे राज्यों की खप रही शराब, डीजीपी ने लिया संज्ञान

रायपुर (नवप्रदेश)। दूसरे राज्यों की शराब छत्तीसगढ़ में अवैध रूप से बेचे जाने संबंधी खबर को पुलिस महानिदेशक डीएम अवस्थी ने संज्ञान में लेते हुए इसकी जांच के निर्देश दिए हैं। श्री अवस्थी ने रायपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक डॉ. आनंद छाबड़ा को तिल्दा में हरियाणा और मध्यप्रदेश की शराब खपने संबंधी खबर की जांच करने तथा 24 घंटे के भीतर जांच पूर्ण कर कार्रवाई सुनिश्चित करने और उन्हें अवगत कराने के निर्देश दिए।

सीएए के समर्थन में विशाल रैली आज

रायपुर। छत्तीसगढ़ सिविल सोसाइटी द्वारा नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) के समर्थन में 17 जनवरी शुक्रवार को दोपहर ढाई बजे बूढ़ातालाब रायपुर में एक विशाल रैली का आयोजन किया गया है। उक्त जानकारी देते हुए डॉक्टर उत्कर्ष त्रिवेदी ने बताया कि सीएए का कानून नागरिकता देने के लिए बना है न कि लेने के लिए डॉ. त्रिवेदी ने अधिक से अधिक संख्या में नागरिकों से उक्त रैली में शामिल होने की अपील की है।

मार्च में होगी 10वीं-12वीं की बोर्ड परीक्षा

रायपुर। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने बोर्ड परिक्षाओं की समय-सारणी जारी करने के साथ ही परीक्षा का पैर्टन भी तय कर लिया है। इस बार परीक्षार्थियों को आंसरशीट में केवल प्रश्नपत्र का सेट नंबर दर्ज कर हस्ताक्षर करना होगा। बोर्ड से जुड़े सूत्रों ने बताया कि 02 मार्च से प्रारंभ होने वाले बोर्ड परीक्षाओं का पैटर्न इस बार फिर से अलग होगा। पूर्व में उत्तरपुस्तिकाओं में बार कोर्ड चस्पा रहता था। इस बार बार कोड नहीं होगा, इसके स्थान पर परीक्षार्थियों को प्रश्नपत्र का सेट नंबर आसंरशीट में दर्ज कर अपना हस्ताक्षर करना होगा।

कुपोषण और एनीमिया से मुक्ति के लिए मधुर गुड़ योजना शुरू

मंत्री अमरजीत भगत, डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम, कवासी लखमा ने किया जगदलपुर में मधुर गुड़ योजना का शुभारंभ

बस्तर संभाग के साढ़े छह लाख से अधिक गरीब परिवारों को मिलेगा लाभ

गुड़ वितरण पर प्रति वर्ष होगा 50 करोड़ खर्च

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप प्रदेश में शुरू किए गए कुपोषण अभियान में एक कदम और आगे बढ़ाते हुए 'मधुर गुड़ योजना' शुरू की गई है। कुपोषण और एनीमिया मुक्ति में यह योजना काफी कारगर साबित होगा। मुख्यमंत्री श्री बघेल की अध्यक्षता में तीन जुलाई 2019 को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में बस्तर संभाग के सातों जिलों में कुपोषण और एनीमिया से मुक्ति के लिए 'मधुर गुड़ योजना' शुरू करने का निर्णय लिया गया था। जगदलपुर के मिशन कम्पाउंड ग्राउण्ड में आयोजित समारोह में खाद्य मंत्री श्री अमरजीत भगत, आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम और आबकारी मंत्री श्री कवासी लखमा ने 'मधुर गुड़ योजना' का शुभारंभ किया। इस योजना से बस्तर संभाग के 6 लाख 59 हजार से अधिक गरीब परिवारों को लाभ मिलेगा। गुड़ वितरण योजना पर प्रति वर्ष 50 करोड़ रूपए खर्च किया जाएगा। इस योजना के तहत प्रत्येक गरीब परिवार को 17 रुपए प्रतिकिलो की दर से 2 किलो गुड़ प्रतिमाह दिया जाएगा।

मलेरिया मुक्त बस्तर प्रचार रथ को मंत्री अमरजीत भगत ने दिखाई हरी झंडी

खाद्य मंत्री श्री भगत ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देश पर बस्तर क्षेत्र में गुड़ वितरण योजना कुपोषण मुक्ति के लिए शुरू की गई है। खाद्य मंत्री ने इस अवसर पर मधुर गुड़ तथा मलेरिया मुक्त बस्तर प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना भी किया और कहा कि खून की कमी और कुपोषण रोकने के लिए मलेरिया की रोकथाम बहुत जरूरी है। कुपोषण मुक्त और मलेरिया का रोकथाम अभियान छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वपूर्ण कदम है। श्री भगत ने इस अवसर पर हितग्राहियों को मधुर गुड़ और एपीएल उपभोक्ताओं को राशन कार्ड भी वितरित किया। श्री भगत ने समारोह में नवनिर्वाचित महापौर, सभापति सहित सभी पार्षदों को बधाई और शुभकामनाएं दी।

महिलाएं और बच्चों में कुपोषण दूर होने से परिवार और समाज मजबूत होगा : टेकाम

बस्तर जिले के प्रभारी मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम ने इस अवसर पर कहा कि महिलाएं और बच्चों में कुपोषण दूर होने से परिवार और समाज मजबूत होगा और इससे मजबूत छत्तीसगढ़ का सपना साकार होगा। उन्होंने कहा कि सुपोषित और स्वस्थ छत्तीसगढ़ की कल्पना को साकार करने के लिए कुपोषित बच्चों के साथ ही किशोरी और गर्भवती महिलाओं को गर्म भोजन और पोषण आहार दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री हाट-बाजार क्लिनिक योजना के माध्यम से गांव-गांव में पहुंचकर लोगों का उपचार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार सभी क्षेत्रों में विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

गरीब परिवारों को न्यूनतम दर पर चावल और गुड़ देने वाला पहला राज्य : लखमा

उद्योग मंत्री कवासी लखमा ने कहा कि गरीब परिवारों को न्यूनतम दर पर चावल और गुड़ देने वाला पहला राज्य है। इसके साथ ही कुपोषण दूर करने के लिए स्कूल और आंगनबाड़ियों में बच्चों को अंडा देने का कार्य भी इस सरकार द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम को सांसद दीपक बैज, कोंडागांव विधायक मोहन मरकाम, जगदलपुर विधायक रेखचंद जैन ने भी संबोधित किया और नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई और शुभकामनाएं दी। नवनिर्वाचित महापौर श्रीमती सफीरा साहू ने स्वागत भाषण में अपनी प्राथमिकताएं बताई। आभार प्रदर्शन सभापति श्रीमती कविता साहू ने किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के संसदीय सलाहकार राजेश तिवारी, विधायक लखेश्वर बघेल, चंदन कश्यप, राजमन बेंजाम, पूर्व महापौर जतीन जायसवाल, खाद्य सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह, नगरीय प्रशासन सचिव निरंजन दास, कमिश्नर अमृत कुमार खलखो, पुलिस महानिरीक्षक पी. सुंदरराज, मुख्य वन संरक्षक मोहम्मद शाहिद, कलेक्टर डॉ. अय्याज तम्बोली सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

जोगी निवास में खुदकशी, मचा बवाल

ग्रामीणों ने मृतक संतोष कौशिक के परिवार को मुआवजा और निश्पक्ष जांच की मांग को लेकर किया चक्का जाम

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर। शहर में आईजी आफिस के सामने स्थित पूर्व मुख्यंमंत्री अजीत जोगी के निवास 'मरवाही सदन' में बुधवार को उनके घरु कर्मचारी (खानसामा) द्वारा की गई खुदकशी का मामला अब तूल पकड़ने लगा है। संतोष कौशिक नामक यह कर्मचारी बिलासपुर रतनपुर मार्ग पर सेंदरी के पास स्थित रमतला गांव का रहने वाला था। उसकी संदिग्ध मौत से नाराज ग्रामीणों ने आज सुबह 8 बजे से बिलासपुर कोरबा मार्ग पर सेंदरी में चक्काजाम कर दिया है। मृतक संतोष कौशिक श्री जोगी के मरवाही सदन में बीते चार साल से काम करता था। कल बुधवार को दोपहर बाद किसी समय उसने 'मरवाही सदन' में फांसी से लटक कर आत्महत्या कर ली। वैसे तो आत्म हत्या के ईद प्रकरण में अभी पुलिस के अनुसार खुदकशी करने की वजह अज्ञात बताई जा रही है। लेकिन मृतक के एक रिश्तेदार का कहना है कि उसके पास दोपहर को ही मृतक सतीश का फोन आया था । जिसमे वो कह रहा था कि उस पर चोरी का इल्जाम लगाया जा रहा है।

पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। उधर सेंदरी में कोरबा रोड़ पर चक्का जाम करने वाले लोगो के बारे में सेंदरी के किसान नेता श्री कमलेश सिंह ठाकुर ने बताया कि चक्का जाम करने वाले ग्रामीण, जोगी निवास मरवाही सदन में कथित रूप से फांसी लगाने वाले मृतक संतोष कौशिक कि संदिग्ध मौत की निष्पक्ष जांच करने और मृतक के परिजनों को मुआवजा देने की मांग कर रहे हैं।

परिवार टूटने के डर से कर दी प्रेमिका की गला घोंटकर हत्या

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर। पूर्व बाहुबली शंकर माली की बेटी का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गया वहीं पुलिस ने कॉल डिटेल के आधार पर हत्यारे प्रेमी को गिरफ्तार किया जिसने अपना परिवार उजड़ने के डर से प्रेमिका की हत्या कर दी । कुदुदंड मिलन चौक निवासी 35 वर्षीय रीना उर्फ सीमा माली, स्व. शंकर माली की बेटी जो अपने पति से अलग दो बच्चों के साथ अपने पिता के मकान में रहती थी। बीते 5 जनवरी को शाम के समय वह चिकन लेने घर से निकली थी, और घर वापस नहीं आई। उसने नगर निगम के एक कर्मचारी को 5 जनवरी को देर रात मोबाइल पर कॉल कर सहेली के जन्मदिन पार्टी में जाने की जानकारी देते हुए बताया, कि वह रेलवे स्टेशन के करीब बुधवारी बाजार के पास है और आसपास अंधेरा है। उसने परिजनों को सुबह घर पहुंचने की जानकारी दी।लेकिन वह दूसरे दिन भी नहीं लौटी। इधर परिजन लगातार सीमा के मोबाइल पर कॉल करते रहे, लेकिन वह कॉल रिसीव नहीं कर रही थी। 6 जनवरी को सफाई कर्मी घर पहुंचा, और सीमा का फोन आने की जानकारी दी। परिजनों ने उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट सिविल लाइन थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने मोबाइल कॉल लोकेशन से पुलिस को पता चला कि रीना उर्फ सीमा के मोहल्ले में रहने वाले प्रभात यादव से लगातार मोबाइल पर उसकी बातें होती थी। 5 जनवरी को भी सीमा और प्रभात के बीच बातचीत हुई थी।

गिरफ्तारी के बाद पुलिस को किया गुमराह

संदेह के आधार पर पुलिस ने प्रभात को हिरासत में लेकर पूछताछ की। शुरू में तो वह पुलिस को गुमराह करता रहा फिर उसने सीमा से प्रेम प्रसंग होने की जानकारी देते हुए बताया, कि दोनों के बीच विवाद हुआ था और उसने सीमा की हत्या कर बिरकोना खार में लाश फेंक दी थी। घटना वाले दिन प्रभात यादव ने पूरी योजना बनाई और वह अपने साथ अपनी प्रेमिका सीमा माली को घुमाने ले गया। योजना अनुसार शाम करीब 6:30 बजे अपनी मोटरसाइकिल में बिठाकर सीमा को वह खमतराई बिरकोना की ओर सुनसान इलाके में लेकर गया। अपने साथ प्रभात यादव ने शराब की बोतल भी रखी थी।

परिवार टूटने के डर से गला घोट दिया

योजना के अनुसार उसने सीमा को शराब पिलाई और उसके साथ शारीरिक संबंध बनाने का भी प्रयास किया। बताया जा रहा है कि इसी दौरान शराब के नशे में सीमा माली और उसके प्रेमी प्रभात यादव के बीच फिर से किसी बात को लेकर कहा सुनी होने लगी। दरअसल विवाहित सीमा से प्रेम संबंध बनाने वाला आरोपी प्रभात यादव भी शादीशुदा था और उसे डर था कि सीमा की वजह से उसका परिवार टूट सकता है। इसी डर से उसने सीमा को रास्ते से हटाने का फैसला किया था। सुनसान इलाके में विवाद के बाद प्रभात यादव ने सीमा माली के गले के पट्टे का फंदा बनाकर वही उसका गला घोट दिया और घसीट कर उसकी लाश को बिरकोना पौंसरा रोड के अंदर कच्ची सड़क के पास ले जाकर छोटी नहर के नीचे फेंक दिया। सीमा माली को ठिकाने लगाने के बाद प्रभात यादव ने उसके मोबाइल फोन को अपने पास रख लिया और उसके मोबाइल में आने वाले कॉल को उसने अलग-अलग जगह पर उठाकर अलग-अलग लोकेशन दिखा कर पुलिस को भी गुमराह करने का प्रयास किया। लेकिन इतनी चालाकी के बावजूद भी वह बच ना सका । प्रेमी की निशानदेही पर पुलिस ने सीमा माली के सड़े गले शव को बरामद कर लिया।

गहने और मोबाइल से हुई शिनाख्त

मृतिका केशव पर पहने हुए गहने और उसके मोबाइल से लाश की शिनाख्त हुई। इस मामले में एक बार फिर सिविल लाइन थाना प्रभारी मोहम्मद कलीम खान की साइबर विशेषज्ञता तुरुप का पत्ता साबित हुई । हालांकि पिछले कुछ दिनों से कई संदेहिओ को पकड़कर पुलिस लगातार पूछताछ कर रही थी। पुलिस को शक था कि महिला के लापता होने में इनका हाथ है लेकिन पुलिस भी यह नहीं जानती थी कि लापता महिला की हत्या की जा चुकी है ।अपने पति को छोड़कर सीमा माली एक शादीशुदा प्रभात यादव के झांसे में आ गयी थी। लेकिन प्यार की तलाश में उसके हाथ मौत ही लगी। इस मामले में अपनी ही प्रेमिका के कत्ल के इल्जाम में आरोपी प्रभात यादव को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

महिला ने पिया जहर, मौत

रायपुर (नवप्रदेश)। दहेज की मांग को लेकर आये दिन महिलाओं को ससुराल में अपने पति एवं ससुराल के रिश्तेदारों के हाथ प्रताड़ित होना पड़ता है। प्रताड़ना की शुरूआत मारपीट से लेकर मानसिक रूप से यातना के रूप में दी जाती है जिसके चलते कई बार महिलाएं गलत कदम उठाने पर मजबूर होती है। आरंग निवासी प्रदीप शेखर देवांगन आयु 23 वर्ष का विवाह सोनम देवांगन के साथ हुआ था। विवाह होने के बाद प्रदीप शेखर द्वारा पत्नी सोनम को दहेज की मांग को लेकर आये दिन मारपीट एवं शारीरिक यातना दी जाती थी जिसके चलते सोनम देवांगन ने प्रताड़ना से परेशान होकर घर में जहर सेवन किया, जिसके उपचार के दौरान मौत हो गई। उक्त मामले की जानकारी देते हुए आरंग थाने से मालूमात हुई कि प्रदीप शेखर देवांगन पिता चंद्रिका देवांगन, आनंद देवांगन एवं सरस्वती देवांगन द्वारा दी गई प्रताड़ना के कारण ही सोनम की मृत्यु हुई है। आरंग थाने में शिकायत के आधार पर आईपीसी की धारा 304 बी एवं 34 एक्ट के तहत मामला कायम कर जांच शुरू कर दी गई है।

सबसे ज्यादा हवाई यात्रा कराने वाले शीर्ष 5 विमानतलों में रायपुर दूसरे नंबर पर

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। राजधानी रायपुर के स्वामी विवेकानंद विमानतल देश के उन गिने-चुने विमानतलों में शामिल हो गया है जहां एक माह में हवाई यात्रियों की संख्या 2 लाख से अधिक हुई है। इसके अलावा वर्ष 2019 में यहां यात्रियों की संख्या 21 लाख से अधिक हुई है।

एयरपोर्ट अथॉरिटी सूत्रों ने बताया कि रायपुर विमानतल में 3 साल के अंदर हवाई यात्रियों की संख्या दोगुनी हो गई है। सबसे ज्यादा हवाई यात्रा करने वाले टॉप पांच एयरपोर्ट में रायपुर के स्वामी विवेकानंद विमानतल को दूसरा स्थान मिला है, वहीं अगरतला विमानतल को तीसरा और जम्मू विमानतल को चौथा स्थान मिला है। इस तरह यह राजधानी रायपुर के लिए उपलब्धि है। वर्ष 2019 में रायपुर से 21 लाख 25 हजार 872 यात्रियों ने सफर किया था। यह भी एक बड़ी उपलब्धी मानी जा रही है।

कल्याणी एकीकृत पुनर्वास व नशा मुक्ति केन्द्र
क्या आप नशा मुक्त होना चाहते है?
कल्याणी एकीकृत पुनर्वास व नशा मुक्ति केन्द्र
संपर्क करें 1/22, न्यू कृष्णा नगर, उमंग फोर्ड शो रूम के पास सुपेला, भिलाई नगर, जिला-दुर्ग (छ.ग.)-490023
फोन : 09302912115, 07770908888
Link : www.kalyani.ind.in

Education
इंदु टेक्निकल इंस्टीट्यूट
प्रवेश प्रारंभ
रोजगार हेतु सीखिए
छात्रावास सुविधा उपलब्ध, 32 वर्ष पुरानी संस्था -
इंदु टेक्निकल इंस्टीट्यूट
टी मार्केट, पावर हाउस, भिलाई
98271- 94279, 87702-22654

प्रवेश प्रारंभ 2019-20
RAMAN I.T.I.
Affiliated By N.C.V.T & D.G.T/C.G. R.N.-6/35/4/2016
Computer Course Hindi
COPA & STENO
0788-403357, 4903573, 7773027492, 7389471941
Director
Arvinder Singh

पं. एम.पी. शर्मा
फीस 251/- मात्र
पं. एम.पी. शर्मा
पता : श्री दुर्गा ज्योतिष कार्यालय
मो. 8109922001, 9039344001

SB SANTOSH BRICKS
Karhidih Chowk, Dhamdha Road, Durg (C.G.)
संतोष ब्रीक्स
करहीडीह चौक धमधा रोड, दुर्ग
फ्लाई ऐश ईटा-8", 9" के निर्माता एवं विक्रेता
संपर्क नं. - 7024249450